CC0. In Public Domain. Digitizagtion by eGangotri

आत्मनिवेदन



श्रीमदुज्जयिनि सद्धर्म सिंहासनाधीश

श्री तरलबालु जगद्गुरु

श्री शिवकुमार शिवाचार्य महास्वामीजी

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri
४.३

आत्मनिवेदन

संपादक:

श्रीमदुज्जयिनि सद्धर्मसिंहासनाधीश

श्री तरळबाळु जगद्गुरु

डॉ. शिवमूर्ति शिवाचार्य महास्वामीजी

श्री तरळबाळु जगद्गुरु बृहन्मठ
सिरिगेरे - ५७७ ५४१, चित्रदुर्ग जिल्ला, कर्नाटक

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

ATMA NIVEDAN
(Cry of the Inner Self)

Spiritual Experiences of His Holiness Sri Taralabalu Jagadguru Sri Shivakumara Shivachary Mahaswamiji as recorded in his diaries of the year 1937 and 1938. Edited by his successor: His Holiness Sri Taralabalu Jagadguru Dr. Shivamurthy Shivacharya Mahaswamiji.

Publishers : Sri Taralabalu Jagadguru Brihnmath
SIRIGERE - 577 541
Chitradurga Dist
Karnataka

Pages : 332

Edition : First Edition (Hindi Translation) Sept, 2015
Edition : Second Edition (Hindi Translation) Dec, 2015

Copies : 500

E-mail : swamiji@taralabalu.org

Telephone : 08194-268829, 268842

Copyright : Sri Taralabalu Jagadguru Brihnmath
Sirigere

Price : 150
Printer : Sharada Bhavan, Agutsya Kund, Varanasi

मूल्य: 150

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

कारुण्यसागर गुरो! गुरुशांतदेव!
सत्याग्रदारुक! नताखिलकल्पशाखिन्!
पृथ्वीतले प्रविचरन् तवकीर्तिचन्द्रः
आनन्दयेदिहजनं कमिवातिवेलम्।।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

भक्तिपूर्वक समर्पण

श्री तरळबाळु जगद्गुरु
श्री गुरुशांतराज देशीकेंद्र महास्वामीजी

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अन्तरंग

अनुवादकों की बातें 9

सम्पादक की बातें 14

1937

१. परिताप - पुकार 49

२. विचार - विश्वास 61

३. स्वाध्याय 73

४. शरणागति 77

५. स्थिरता और संतृप्ति 99

६. सद्गुरु श्रीरक्षा 107

▪ ज्ञापक पत्र 112

1938

▪ मुमुक्षु के जमा-खर्च का ब्यौरा 116

७. विपत्ति-दिव्यानुग्रह 121

८. त्रिरत्न : सत्य -ब्रह्मचर्य-परोपकार 133

९. अधम गुरुजन-नीच शिष्य जन 147

१०. षड्यंत्र-आहुति 157

▪ श्रद्धाञ्जलि 161

(११ – १६) ------>

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

११. संस्मरणम् 163
१२. श्रीगुरुवन्दना 167
१३. समस्यापूर्तिः 177
१४. अभिज्ञानशाकुन्तलम् 181
१५. पत्रावलिः 195
१६. श्रीगुरुःशरणम् 209

***

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

श्री तरळबाळु जगद्गुरु
श्री शिवकुमार शिवाचार्य महास्वामीजी

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अनुवादकों की बातें

हम अपना अहोभाग्य समझते हैं कि 'आत्मनिवेदन' जैसी अमूल्य कृति के अनुवाद का यह पवित्र कार्य हमारे हाथ लगा है। यह प्रातःस्मरणीय लिंगैक्य तरळबालु वीसवें जगद्गुरु श्री ११०८ शिवकुमार शिवाचार्य महास्वामी महाराजजी के पवित्र संकल्प शक्तियों का अमूल्य संग्रह है। जो हृदय के अन्तर्गत भावों से परिपूर्ण अत्यंत हृदयाह्लादक और निष्कल्मश प्रस्तुति है। जिसे वर्तमान जगद्गुरु परमपूज्य श्री ११०८ डा. शिवमूर्ति शिवाचार्य महास्वामीजी बड़ी श्रद्धा से उन्हें अपने सिर आँखों पर लगाकर अपने को गौरवान्वित अनुभव कर रहे हैं। आप केलिए उसका मिलना क्या है? मानों अपने गुरुवर्य के प्रसाद से ही विरासत के रूप मे आपको उपलब्ध 'तत्वनिधि' ही है। इस निधि को कीड़े-मकोड़े जैसे चोर लुक-छिपकर चोरी करके उठा ले जा रहे थे। आपने (गुरुवर्य) ऐन मौके पर वहाँ पहुँचकर, उन चोरों से उस प्रसाद निधि को छीनकर, उसे अपने वश में कर लिया। अपनी विरासत को दूसरा कोई हड़पने लगेगा तो, कोई मौन होकर देखता रहेगा? नहीं न?

अतः गुरु से शिष्य को (वर्तमान जगद्गुरुवर्य को) प्रसाद के रूप में उपलब्ध इस ग्रंथ को 'प्रसाद ग्रंथ' क्यों न कहा जाय? अपने गुरु से उपलब्ध इस प्रसाद को केवल अपने लिए ही बचाकर रखना स्वार्थ हो जायेगा न? जगद्गुरु जैसे उदार गुणी से यह कभी संभव होगा? नहीं, कदापि नहीं। अतः आपने इसे सर्वलोक हिताय विनियोग कर दिया। वर्तमान जगद्गुरुवर्य के अभिमतानुसार, यह ग्रंथ लिखने के उद्देश्य को लेकर लिखा गया ग्रंथ तो नहीं है। यह अभिमत न केवल आप अकेले का है, अपितु सार्वजनिक है। ये सारे

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

निवेदन, जगत् कल्याण की भावनाओं से ओतप्रोत हैं। आदर्श समाज के निर्माण को अपना प्रधान लक्ष्य मानकर चलनेवाले को उस पथ पर उगे कांटेदार झाड़ों को निष्ठुरता से उखाड़ फेंकना ही होगा; तथा इस दिशा में आनेवाले दुश्चक्र के दमन केलिए भी तैयार रहना होगा। इसकेलिए अपरिमित स्थैर्य एवं साहस की आवश्यकता होती है। 'आत्मनिवेदन' के कर्ता इन साहस एवं स्थैर्य गुणों के प्रतिमूर्ति तो थे ही। इन निवेदनों का सिलसिला धीरे-धीरे क्रमशः बढ़ते-बढ़ते उस सीमा तक पहुँच गया है कि ये निवेदन क्या? परिपक्व हृदय(आत्मा) अर्थात् सम्पूर्ण संतृप्त आत्मा की आवाज हैं। इन उदारों के स्थित्यंतर को देखते हुए हमें यह उपनिषद् वाणी याद आ रही है "ऊँ पूर्णमदः पूर्णमिदं पूर्णात् पूर्णमुदच्यते पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते"। इसका अनुभव, पाठकगण को अपने आप ही हो जायेगा, जव वह इन निवेदनों के बीच में से होकर गुजरने लगेगा। इस कृति के बारे में और कुछ कहना उचित नहीं होगा। क्योंकि हम जो कुछ भी कहें वह अपूर्ण ही होगा; पूर्ण नहीं हो पायेगा। आत्मनिवेदन के कर्ता, अपने अनुभवों से स्वयं संतुष्ट होकर कहते हैं कि "इस (आत्म निवेदन) को जो कोई भी पढ़ेगा उसका जन्म धन्य हो जायेगा"। यह बात शत-प्रतिशत सत्य है और तथ्यपूर्ण भी है।

श्री तरळबाळु जगद्गुरु २१ वें श्री शिवमूर्ति शिवाचार्य महास्वामीजी के सन्निधान में इस कृति के हिन्दी अनुवाद कार्य का श्रीगणेश हुआ है। अतः हम अनुवादकों का मानना है कि यदि इस कार्य में कहीं भी यत्किंचित् दोष होंगे तो वे अनुवादकों के होंगे, गुण परमपूज्य जगद्गुरु महास्वामीजी के। ऐसी स्थिति में, यह बात एक प्रश्न बनकर अपने उन अनुवादकों के मन का दरवाजा बार-बार खटखटा रही है और चेतावनी दे रही है कि तुम लोग जैसे कच्चे अनुवादक इस गुरुतर कार्य को कैसे संभाल सकोगे? अतः कार्यारम्भ से पहले खूब सोच विचार कर कदम उठाओ। नहीं तो लेने के देन पड़ जायेंगे। हाँ, यह बात तो

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

पूर्ण रूप से सच है। फिर भी अपना मन इस कार्य से अपना मुँह मोड़ना नहीं चाहता। उनकेलिए यह प्रयोग दूसरा प्रयोग है न? पहले प्रयोग के उत्साह वर्धक प्रोत्साहन ने इनके आत्मविश्वास को और बढ़ा दिया है। परिणाम स्वरूप हम तीनों अनुवादकों ने यह दृढ संकल्प कर लिया है कि जो भी हो, हम यह काम करके ही रहेंगे। क्या आप लोग जानते हैं कि हमारे इस दृढ संकल्प का बलवत्तर कारण क्या है? यह कारण मामूली नहीं है; इस आत्मनिवेदन के कर्ता प्रातःस्मरणीय लिंगैक्य जगद्गुरु श्री शिवकुमार शिवाचार्य महास्वामीजी के बलवत्तर आशीर्वाद हमें प्राप्त हैं; जिनके बल से वज्रादपि कठोराणि के सदृश विघ्न-बाधाएँ भी झंझावात के तिनके के समान अपने आप उड़ जाएँगी और उस परम दिव्य आत्मा को साष्टांग प्रणिपात करते हुये कीर्तिर्यस्य स जीवति रूपी यशः काय को साक्षी मानकर हम तीनों इस कार्य कर रहे हैं। हम तीनों का पूरा-पूरा विश्वास है कि उनके आशीर्वाद ही इस कार्य को सुसंपन्न करा देंगे।

हम तीनों अनुवादक उन उत्तर भारतीय हिन्दी भाषा-भाषी भाई-बहनों से विनम्र निवेदन करना चाहते हैं कि आप लोगों की हिन्दी सुमधुर एवं लालित्य पूर्ण हुआ करती है जिसके माधुर्य का रसास्वादन कर आप लोगों की जिह्वा भी उस माधुर्य की प्रेमी बनकर उसी की अनुभवी भी बन चुकी है। ऐसी स्थिति में हम लोगों की यह नीरस एवं तीखी हिन्दी आप लोगों को कैसे पसंद आएगी? अपनी इस हिन्दी के स्पर्श मात्र से ही आप लोगों की जीभ अहा! उहूँ करने लगेगी और लालारस उगलने लगेगी। हम सारे पाठक बन्धुओं से एक और विनम्र निवेदन करना चाहते हैं कि आप लोग कृपया इस 'आत्मनिवेदन' को और साथ ही साथ इन अनुवादकों को भी अपना समझ लें, इस अनुवाद में जो दोष दृष्टिगत हों उनके लिये क्षमा करें यदि उन दोषों को निष्पक्ष रूप से हमें बता देने की कृपा करेंगे तो हम अगले संस्करण में उनका सुधार कर सकें।

हम तीनों अनुवादक, परमपूज्य जगद्गुरुवर्य के बड़े आभारी हैं; जिन्होंने

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

हम तीनों को `आत्मनिवेदन' के अनुवाद कार्य सौंपकर हम लोगों पर बड़ी कृपा की है।

अत्यन्त सहृदयी डॉ. विनोदराव पाठक जी का हम बडा आभार मानते हैं; जिन्होंने अनुवाद से लेकर, इसकी छपाई, कला विन्यास आदि-आदि कार्यों में हर तरह से सहायता पहुँचायी है। यह सहायता यथार्थ भी है। आत्मनिवेदन के कर्ता शिवैक्य जगद्गुरुवर्य के विद्यागुरु आप ही के प्रातःस्मरणीय पिता श्री गौरीनाथ पाठक थे; जो अपने समय में वाराणसी के सुप्रसिद्ध संस्कृत विद्वानों में से एक थे। कई ग्रंथों के लेखक, अनुवादक, संपादक-एवं प्रकाशक भी थे। डॉ.विनोदराव पाठक जी अपने पिताश्री के सारे कार्यों को विरासत के रूप में अपनाकर आगे बढ़ा रहे हैं। आप काशी हिंदू विश्वविद्यालय के श्री रणवीर संस्कृत् कालेज में साहित्य के वरिष्ठ प्राध्यापक हैं अपने इस अनुवाद कार्य में हाथ बंटाया जिससे यह कार्य पूर्ण हो सका, अतः हम आपके प्रति आभार व्यक्त करते हैं।

हमने इस अनुवाद कार्य के सिलसिले में पाठक जी को बहुत कष्ट दिया है, इसके लिए हम उनसे क्षमा चाहते हैं और उनके इस हार्दिक सहयोग एवं सहकार के लिए चिर कृतज्ञ हैं। इस आत्मनिवेदन का डिटिपि करनेवाले प्रभुदेव जि.डि.·आर्शिवाद कंपूर्टस्, सिरिगेरे को हमारि कृतज्ञता हैं।

अंत में, इस महनीय कार्य में प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग केलिए उन सबका आभार मानते हैं जिनके सहकार्य से इस कार्य को पूर्णकर पाये हैं।

भवदीय विनम्र अनुवादक

निदिगे विश्वकुमार शर्मा

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

निवृत्त हिन्दी पण्डित
श्री तरलबालु जगद्गुरु विद्यालय
सिरिगेरे, चित्रदुर्ग जिल्ला, कर्नाटक।

डा. एम्. ईश्वर शर्मा
निवृत्त हिन्दी पण्डित
श्री मैसूरू बसवय्य महा विद्यालय
सिरिगेरे, चित्रदुर्ग जिल्ला, कर्नाटक।

बी.एन्. गोविन्द राव्
निवृत्त हिन्दी पण्डित
श्री बी. लिंगय्या पदवि पूर्व विद्यालय
सिरिगेरे, चित्रदुर्ग जिल्ला, कर्नाटक।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

श्री गुरुभ्यो नमः

आत्मनिवेदन

सम्पादक की बातें

-१-

पचासवाँ दशक था। तव हम प्राथमिक पाठशाला में पढनेवाले एक गाँव के लड़के थे। हमारा जन्म स्थान तुंगा और भद्रा नदियों के संगम स्थान पर स्थित एक छोटा-सा गाँव जिसका नाम है `सूगूर' । वहाँ से आठ मील दूरी पर शिवमोग्गा नाम के एक शहर और आसपास के दो चार गाँवों को छोड़कर हमें अन्य स्थानों का परिचय नहीं के वरावर था। साथ ही साथ हमें इस बात का भी पता नहीं था कि दुनियाँ इतनी विशाल है। भूगोल में विभिन्न देशों के जन-जीवन, उद्योग, पानी, फसल आदि के बारे में पढ़ा जरूर था लेकिन वे सव परीक्षा में उत्तर देने के लिए सीमित थे। वास्तविक स्वरूप की कल्पना विलकुल नहीं थी।

पास के गावँ में एक गुरुवर्य पधारे थे। उनके सामने हमने कुछ भक्ति गीत गाये। सुनकर गुरुवर्य वहुत प्रसन्न हुए। उन्होंने पूछा कि यह वालक कौन है? पास में वैठे हुए एक सज्जन ने हमारा परिचय दिया। वातें करते-करते उस

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

सज्जन ने गुरूजी से निवेदन किया कि इस वालक को संगीत में अत्यधिक अभिरुचि है। शिवमोग्गा शहर के बाजार में रास्ते पर नारियल के छिलके से बने बेला बजाते हुए एक भिक्षुक को देखा। बस क्या था? घर आने पर यह वालक भी उसी प्रकार के प्रयत्न में लगा। गुरूजी ने हँसकर हम से कहा कि अपने मठ में एक अच्छी वायलिन है जिसे हम लौटने के वाद भिजवा देंगे। अच्छी तरह से सीख लो। दूसरे दिन ही हरा रंगवाली `गजानन` नाम के बस से एक वायलिन आ ही गई। जिसे भेजनेवाले और कोई नहीं थे अपितु वे हमारे परमाराध्य गुरुवर्य श्री तरलवालु जगद्गुरु श्री शिवकुमार शिवाचार्य महास्वामीजी । न जाने उनके द्वारा भेजे गये उन वायलिन के तारों में कौन सा जादू था! वह तो हमें गुरुदेव के पवित्र सान्निध्य की ओर दिन प्रति दिन निकट से निकटतर खींचती ले गयी।

- २ -

सत्तर का दशक। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में डाक्टरेट उपाधि के लिए 'सूत संहिता' पर तैयार किया गया अपना संशोधन प्रवंध (thesis) समाप्ति के स्तर पर पहुँच चुका था। अपने प्रवंध की निर्देशिका (research guide) थी प्रोफेसर पद्मा मिश्रा। जो लंदन नगर में पढ़कर डाक्टरेट् उपाधि प्राप्त एक सुसंकृत भारतीय महिला थीं। वे बहुत सात्विक स्वभाववाली थी और उत्तर भारत की आध्यात्मिक जिज्ञासुओं के लिए केन्द्र बिन्दु माँ आनन्दमयी की शिष्या भी थीं। हमेशा सफेद साड़ी पहननेवाली प्रोफेसर पद्माजी हमारे लिए तो साक्षात् विद्या सरस्वती-सी नजर आती रहीं। हमारे संशोधन प्रवंध के हर एक अक्षर को ही नहीं पूर्णविराम, अर्धविराम, प्रश्नार्थक आदि चिह्नों (punctuation) पर भी नजर दौड़ाकर, उन्हें शुद्ध करने से वे कभी नहीं चूकनेवाली थीं। वे हमें कहा करती थीं कि जो भी आप लेख लिखें उसको दूसरों को पढने दें। अगर वह पढने के वाद आपके विचारों को ठीक ठीक समझ लें तब आपका लेख ठीक है। अगर वह गलत समझ लें तो आपको

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अपना लेख सुधारना होगा। इसका कारण यह था - उन्होंने प्रशिक्षण पाया था पाश्चात्य संस्कृत विद्वान् ए. एल्. बाशम (A.L.Basham) से जो लंदन में उनके प्रोफेसर रहे। भारत का `म्लेच्छ' मित्र[1] बनकर उन्होंने (A.L.Basham) "The Wonder that was India" नामक एक अद्भुत ग्रंथ लिखा था। वे आँग्ल देश के विश्वविख्यात संस्कृत के विद्वान् भी थे। वे एक दो बार बनारस भी आये थे। तब उन्हें प्रोफेसर पद्माजी के घर में देखा था। उनके अद्वितीय पांडित्य से[2], सरल सज्जनता से हम बहुत प्रभावित हुए थे। लदंन में जब पद्माजी को डाक्टरेट की उपाधि मिली थी तब उन्होंने पद्माजी को एक अंग्रेजी पुस्तक भेंट में दी थी। उस ग्रन्थ के प्रारंभिक पृष्ठ पर प्रोफेसर ए. एल्. बाशम जी ने संस्कृत में ही लिखा था – `इदं पुस्तकं मिश्रकुलपद्मायै लदंन-नगरे डाक्टरेट-पद-प्रास्त्यवसरे तदध्यापकेन सादरं समर्पितम्'। पद्मामिश्रा नाम को मिश्रकुलपद्मायै (मिश्रनामक कुलके पद्मस्वरूप) इस प्रकार काव्यमय भाषा में लिखा गया संस्कृत वाक्य हमारे आकर्षण का मूल कारण

---

1 ......a friendly mleecha, who has great love and respect for the Civilization of their lands (p.vii) इस प्रकार प्रोफेसर ए एल बाशम जी स्वयम् अपने ग्रंथ के प्रास्ताविक में लिखते हैं।

2 The Wonder that was India नामक पुस्तक में वीरशैवों में मृतकों को जलाने की नहीं समाधि (गाड़ना)बनाने की प्रथा है। इन बातों को लिखते हुए अपने शंकायुक्त अभिमत को इस प्रकार व्यक्त करते हैं कि बसवण्णा पर मुसल्मानों का प्रभाव हुआ। "It is possible that he was influenced by what he had heard of Islam" (पृ.336) इस विषय का स्पष्टीकरण करते हुए हमने प्रोफेसर साहब से पूछा कि प्राचीन द्राविड संस्कृति मे गाड़ने की प्रथा थी न? आज भी हिंदू संन्यासियों को सामाधि दी जाती है, जलाते तो नहीं न? इष्टलिंग दीक्षा से नर जन्म मिटा कर, शिव जन्म को प्राप्त करने के कारण से, कायक ही कैलाश (काय ही कैलास-याने मुक्ति धाम है) इस तत्व का बोध करनेवाला वीरशैव, इस प्रकार तात्त्विक रूप से संन्यासियों का जो मान्यता प्राप्त थी, उसे सांसारिक लोगों को क्यों न दिया गया हो? इस प्रश्न के उत्तर में प्रोफेसर ए एल बाशम ने तुरंत अपने मुँह से पीते हुए सिगार पइप को निकाल कर मुस्कुराते हुए कहा "My dear boy! When I wrote that book I thought it to be so. Now it is for you to make a deep study and refute it!"

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

था। विदेशी होने पर भी संस्कृत भाषा और साहित्य में उनका असामान्य जो पांडित्य था उसे देख़ हमने दाँतों तले ऊंगली दवाई थी।

हमारे शोधकार्य (संशोधन) में उत्साह बढ़ानेवाले दूसरे विद्वान् थे उस समय के संस्कृत विभाग के प्रधान -मयूरभंज प्रोफेसर डा. सिद्धेश्वर भट्टाचार्य, जो बंगाली थे। आप भी मूर्धन्य विद्वान् थे। लंदन में ही अध्ययन करके "The Philosophy of Srimad Bhagavata" नामक विषय पर एक प्रौढ़ प्रबंध की रचना कर आपने डाक्टरेट की उपाधि प्राप्त की थी। देखने में वे अंग्रेज जैसे लगते थे। अंग्रेजी में वे बहुत अच्छा बोलते थे। अगर संभाषण संस्कृत में हो तो संस्कृत में ही बोलते थे। एक बार कक्षा में मुस्कुराते हुए विद्यार्थियों से वे कह रहे थे "वयं कोट्-प्यांट्-धारिणः संस्कृतं ब्रूमः ... भवन्तोऽपि गीर्वणवाण्यां कथयन्तु"।

और एक बार संस्कृत विभाग के एक सेमिनार में अध्यापकों के बीच किसी विषय को लेकर एक अहितकर घटना घटी । उस समय आपने फटकारते हुए कहा था कि "जो दस साल संस्कृत पढ़ते हैं वे गधे होते हैं"। हम सोचने लगे कि यदि ऐसी वात है तो दस वर्षों से भी अधिक काल तक संस्कृत पढाकर जो प्रोफेसर बने हुए हैं, उन्हें स्वयं अपनी ही इस वात का शिकार बन कर सवसे बडा गधा बनना पड़ेगा न? हम सोचने लगे कि उनकी बातों का मतलब क्या है? उसी क्षण हमें बारहवीं शताब्दी का अपने संप्रदाय के महान् दार्शनिक श्री वसवेश्वर का वह वचन याद आया, जिसमें उन्होनें कहा है - "वेदभारभराक्रांताः ब्राह्मणाः गार्दभाः एम्बेनु" (वेदों के महाभार को पीठ पर ढोये हुए ब्राह्मणों को मैं गधा कहता हूँ)। बसवेश्वर स्वयं ब्राह्मण होते हुए भी यह अपने लोगों के बारे में कडी आलोचना करते हैं। इसका मतलब यह है कि जो वेदों के मंत्रार्थ को जाने बिना केवल कंठस्थ करके बडबडानें लगते हैं, वे गधे हैं । पतंजलि ने भी अपने महाभाष्य में यह लिखा है कि

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

यद्धीतमविज्ञातं निगदेनैव शब्यते।
अनग्नाविव शुष्कैधो न तद्‌ ज्वलति कर्हिचित्‌॥

लकडी जितनी भी सूखी हो अग्निस्पर्श के विना अपने आप कभी नहीं जलती है। वैसे ही कोई कितने भी शास्त्रों को पढें, अगर उसको अर्थ ज्ञान न हो तो वह केवल शब्दों की वडवडाहट होगी। उसमें ज्ञानज्योति प्रकाशमान न होती है।

इस प्रकार अच्छे से अच्छे विद्वानों के तत्त्ववेत्ताओं के बीच हमारा संशोधन कार्य निर्विघ्नता से आगे बढ़कर, अंतिम स्तर तक पहुँच चुका था।

-३-

इसी बीच पूज्य गुरुजी ने श्रीमठ के अधिकार से स्वयं निवृत्ति की घोषणा करते हुए अधिकृत रूप से एक त्याग पत्र को छपवा कर, प्रकाशित करवाया। इस त्याग पत्र ने श्रीमठ के शिष्यों में तथा देश के लोगों में हलचल मचा दी। दिग्भ्रांत शिष्य समुदाय ने दावणगेरे शहर में एक विराट सभा का आयोजन किया। जिसमें श्री गुरुजी से अपने त्यागपत्र को वापस लेने के लिये कई प्रकार की आरजू-मिन्नत की। लेकिन गुरुजी अपने दृढ निश्चय पर अटल रहें। आपने साफ साफ कहा कि हम सन्‌ १९६७ में दावणगेरे शहर में जो तरलबालु पूर्णिमा महोत्सव हुआ था, उस शुभ अवसर पर ही लाखों शिष्य लोगों की भरी सभा में खुले तौर पर अपने साठवें उम्र में पदत्याग करने की सूचना दे चुके थे। लेकिन तुम्हीं लोगों ने उस पर ध्यान नहीं दिया। इस केलिए हम क्या करें? किसी भी संघ संस्था में किसी भी व्यक्ति को अपने दम घुटने तक अधिकार में नहीं रहना चाहिए । नहीं तो उन संघ-संस्था की श्रेयोभिवृद्धि केलिए हानिकारक होगा। अतः किसी भी हालत में हम त्यागपत्र वापस नहीं ले सकते। तव लाचार होकर समाज के वरिष्ठ वयोवृद्ध, बेंगलूर हाईकोर्ट के भूतपूर्व एडवोकेट जनरल (हाल ही में अपनी ८८ वर्ष की उम्र में लिंगैक्य) श्री

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

जी. चन्नप्पाजी की अध्यक्षता में उत्तराधिकारी के चयन केलिए एक समिति का संघटन किया गया। उस समिति ने काशी में अध्ययन करते हुए हमें ही सर्वानुमत से उत्तराधिकारी चुन लिया। साथ ही साथ, समिति ने गुरुवर्य से यह प्रार्थना की कि चुने गये उत्तराधिकारी का विद्याभ्यास जव तक पूर्ण नहीं हो जाता तव तक आप ही जगद्गुरु के पद पर वने रहने की कृपा करें।

बहुत दिन कर्नाटक से दूर रहे हमें अपने वाल्यकाल से ही पालन पोषण कर प्रौढ विद्या व्यासंग के लिए जिन्होंने काशी भेजा था उन परमाराध्य गुरुवर्य का स्मरण कभी कभी वहुत जोर पकड़ कर अपने मन को गहरे दुःख में डुवो देता था। हर वार सिरिगेरे गाँव से काशी रवाना होते समय चिक्कजाजूर रेल स्टेशन तक आकर, मध्यरात्रि तक साथ रहकर रेल पर चढवाकर जो परमपूज्य गुरुदेव भेजा करते थे उनका मातृहृदय हमें उनकी तरफ खींच रहा था। समिति के फैसले को सुनकर अपना मन इसलिए अधीर हो उठा कि क्या हम इतना गुरुतर उत्तरदायित्व को संभाल सकेंगे? एक वार एकाएक एक ऐसा दुःस्वप्न हुआ कि रेडियो से यह हृदय विदारक समाचार सुनने में आया कि अपने परमाराध्य गुरुवर्य का देहावसान होगया। जिसे सुनते ही हम सहसा उठ बैंठे। मन वहुत उद्विग्न हो गया था। सवेरा होते होते डाकिया एक तार लाया। जिसमें गुरुजी ने लिखा था कि "हमें तुम्हे देखने की इच्छा हुई है। अतः तुम तुरंत चले आओं"। बस अब देर किस बात की? गुरुवर्य के दर्शन पाने सीधे हम तुरंत सिरिगेरे चले आये। गुरूजी को बिलकुल स्वस्थ देखकर साँस में साँस आयी। गुरुवर्य से हमने विनती की कि यथा शीघ्र अपने प्रबंध को विश्वविद्यालय में प्रस्तुत कर लौटेंगे। तव गुरुवर्य ने आदेश दिया कि "तुम्हे केवल अपने देश का अध्ययन ही पर्याप्त नहीं है। गद्दी पर आसीन होने से पहले विदेश में भी शिक्षा पाकर आना होगा। जगद्गुरु होनेवाले को सारे जग का ज्ञान पाना आवश्यक हैं"। साथ ही साथ आपने श्रीमत्साधु सद्धर्म वीरशैव संघ की एक वैठक में यह प्रस्ताव भी पारित कराया कि हमारे विदेशी विद्याभ्यास

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

केलिए पचास हजार रूपयों की ग्रॉण्ट मंजूर की जाय। कुछ लोगों ने मूक आपत्ति भी की कि वर्तमान गुरुवर्य को अधिकार छोड़ने की इच्छा बिलकुल नहीं है। अतएव अपने उत्तराधिकारी को विदेश भेजकर हाथ धोना चाहते हैं और स्वयं अधिकार पर बने रहना चाहते हैं। विदेश गये लोग कभी लौटकर आ सकते हैं क्या? अपने पुत्र के लिये कन्या का निश्चय कर लेने पर भी शादी किये विना विदेश भेजने केलिए झिझकनेवाले जो लौकिक लोग हैं वे अपने गुरुवर्य की इस पारलौकिक दृष्टि को क्या समझ पायेंगे। लेकिन हम विदेश जाने से इसलिए शंकाकुल हो गये कि समाज के हजारों रूपये लेकर विदेश जाना कहाँ तक उचित होगा? इस विषय पर हमारे मठ के शिष्य केनडा निवासी प्रख्यात समाजशास्त्रज्ञ हिरेमल्लूर ईश्वरन् ने हमें पत्र लिखकर समझाया कि "जो समाज सेवा के लिए ही अपने जीवन को समर्पित करनेवाले हैं उनको समाज के धनराशि की सहायाता पाने में कोई हर्ज नहीं है। जहाँ तक हो सके मैं भी मदद करूँगा"। फिर भी अपने मन ने इस वात को मानने से विलकुल इन्कार कर दिया। वचपन से ही कई छात्रवृत्तियाँ प्राप्तकर चुके हम, इस निश्चय पर डटे रहे कि अगर स्वदेशी विद्याभ्यास की तरह विदेश के विद्याभ्यास में भी कोई छात्रवृत्ति मिले; तभी हम विदेश जाएँगे अन्यथा कदापि नहीं।

संस्कृत के अध्ययन केलिए सारी दुनियाँ में काशी के अतिरिक्त जर्मनी ही दूसरे मायके के नाम से प्रसिद्ध है। हमने सुना था कि जर्मनी की अकाडमिक एक्सेंज (DAAD=Deutsche Akademische Austauch Dienst) नामक संस्था बाहर से पढने आनेवाले विद्यार्थियों केलिए फेलोशिप दिया करती है। पूज्य गुरुजी ने यह आदेश दिया कि दिल्ली जाकर संसद् सदस्य श्री टी. वी. चंद्रशेखरप्पा के जरिये श्री बी. डी. जत्ती जी से मिलो; जो उस समय भारत के उपराष्ट्रपति थे। उपराष्ट्रपति जी ने कहा कि हम सिफारिश करेंगे। लेकिन तब तक इस जर्मन संस्था ने विज्ञान के विषयों को छोड़कर अन्य विषयों केलिए छात्रवृत्ति वन्द कर दी थी। अतः यह काम नहीं वन सका।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

तव हमारे मठ के दूसरे संसद् सदस्य लिंगैक्य कोंडज्जीवसप्पा जी अन्य कोई छात्रवृत्ति दिल्वाने केलिए उस समय केन्द्र के शिक्षामंत्री जी के पास हमें ले गये। शिक्षामंत्री प्रो. नूरुल हसन जी ने हँसते हुए यह कहा कि "What is there to study Sanskrit in Germany when those people come here to learn Sanskrit" (जव उस देश के लोग संस्कृत सीखने यहाँ आया करते हैं तव जर्मनी में संस्कृत पढने की क्या जरूरत है?)। जिससे हम वहुत निराश हुए। शिक्षामंत्री के इस अज्ञान को देखकर उन पर तरस आयी। अर्जुन का विषाद योग हम पर छा गया। जिससे हम दिग्भ्रांत हो गये। हताश होकर काशी लौट आये।

अव यह समाचार उन तक पहुँचा जो वियेन्ना विश्वविद्यालय में संस्कृत की अध्यापिका रही जिनका नाम था डा. वेटिना वोयमर (Dr. Bettina Baumer)। वे कभी कभी काशी भी आया करती थीं। संस्कृत के कारण हमें उनका थोड़ा वहुत परिचय था। वियेन्ना लौटने पर उन्होने हमें एक अर्जी फार्म भेजा। उनके सूचनानुसार फार्म भरके भेज दिया। संशोधनात्मक प्रवंध पूरा करके हमारे मठ पहुँचते पहुँचते ही वियेन्ना से वह छात्रवृत्ति मंजूर होकर सिरिगेरे पहुँच चुकी थी। हमें बाद में पता चला कि वियेन्ना विश्वविद्यालय के संस्कृत प्रोफेसर डा. गेरहार्ड् ओवरहामर (Prof. Dr. Gerhard Oberhammer) हमारे प्रवंध के वाह्य परीक्षक (External Examiner) थे और उन्होंने हमारे प्रवंध को पूरा पढकर वहुत तारीफ की थी।

-४-

सन् १९७६ इसवी का दिसंवर महीना। वियेन्ना जाने केलिए अभी दो महीने वाकी थे। अभी काशी में संशोधन करके लौटे हुए हमारे मस्तिष्क में शोध कार्य का गुनगुनाहट दूर नहीं हुआ था। श्रीमठ में जो पुराने कागजात थे उन्हें मुर्गी की तरह छाँट छाँट कर देखने लगे। एक जगह पर बड़ी हिफाजत से गाँठ वाँध कर कपड़े से लपेटे गये कुछ गाँठ दिखायी पड़ें जो इतिहास के पाथेय

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

गाँठ जैसे थे। एक एक गाँठ को खोलकर उनमें रखे गये पुराने कागजातों को अपने सामने फैलाकर बैठ गये। उन सारे कागजातों को कालानुसार जोड़ने लगे। पहले ईसवी के अनुसार वर्गीकरण किया, बाद में निर्दिष्ट वर्ष का महीना और दिन के अनुसार विभाजन किया। प्रत्येक विभाग को अलग पंच करके अलग अलग फाइलों में रख दिया। गाँठ में रहे कुछ बहुत पुराने, जीर्ण, अन्य रिकार्डों को पंच न कर पाया। क्योंकि हमें इस बात का भय होने लगा कि पंच करने पर कहीं उसके अक्षर कट न जाएँ। इसलिए ऐसे पुराने कागजातों को पारदर्शक लिफाफों में हिफाजत से रखकर सुरक्षित किया।

श्रीमठ का एक एक कोना छानकर, पुराने कागजातों को इस प्रकार ढूँढते ढूँढते चलने पर हमें अपना शोध मार्ग, श्रीमठ के महाद्वार पर स्थित उस कमरे तक खींच ले गया जो चाँदी का कमरा नाम से पुकारा जाता था। उस कमरे में हमने देखा कि श्रीमठ को भक्ति से समर्पित चाँदी की थालियाँ, गिलास, ताँबे, करंडक, दीप, नीलांजन आदि चारों ओर विखरे पड़े थे। जो पुराने जमाने के भक्तों की भक्ति के प्रतीक थे। उनके बीच एक दीवार में लगी एक अलमारी के निचले हिस्से के एक खाने में कुछ पुरानी दिनचरियाँ (डायरी) नजर में आई जो धूल से भरी पड़ी थीं। उन सब की धूल झाड़ पोंछकर, ईसवी के अनुक्रम से जोड़कर रखा। कुतूहल से उनमें से दो एक दिनचरियों को खोलकर देखने पर पता चला कि उनमें उस समय के गुरुजनों को अर्पित दक्षिणा के जमा खर्च का हिसाब किताव था। जब हमने बाकि दिनचरियों में क्या है जानने केलिए और एक दिनचरि पर हाथ लगाया तब अपने सहायक बनकर बगल में खड़े जाबालीपुरी मठ के श्री एस. मरुलसिद्धय्या के मुँह से सहसा यह निराशाजनक बात निकली कि "सिर्फ हिसाब-किताव तो है। इनमें देखने को रखा ही क्या है"? तब हमने उसे समझाया कि तुम इतने उतावले क्यों हो रहे हो? जमाने की दृष्टि से तो उनका कुछ महत्व जरूर है। कम से कम इतना जानने केलिए तो वे सहायक होंगे कि उन दिनों बाजार के मूल्य क्या थे? इन दिनों बाजार के मूल्य

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

क्या है? कितना फर्क पड़ता है? (उदाहरण केलिए इस डायरी में ११.९.१९३८ के लेखानुसार उस जमाने में २ गैलन अर्थात् आजकल के दस लीटर पेट्रोल का दाम २ रूपये १४ आना था)। उस समय हमें एक क्षण ऐसा लगा कि उन सब को बाद में देखा जाय। लेकिन दूसरे ही क्षण अपने मन में विचार आया कि हाथ लगी दिनचरियों के पृष्ठों को पलटे विना उनको यों ही रख देना कहाँ तक उचित होगा? ऐसे ही उस दिनचरी का एक पन्ना खोला। आश्चर्य! ज्योतिषी का तोता पिंजड़े से छूटते ही झूमता हुआ चार कदम आगे बढ़कर, सामने फैलाए कई ताड़पत्रों में से कोई एक पत्र अपनी चोंच से चुनकर भविष्य सुनाता है - वैसा ही अनुभव हमें उस समय हुआ। पढ़ते ही कंठ गद् गद् हुआ। आँखों से आँसू छलकने लगे। उस पृष्ठ में यह लिखा हुआ था कि "हे भगवान ! तुम्हारे वियोग ने अपने मन को मुरझा दिया था। आज तुम्हारे दर्शन से अपना मनःकुसुम अपनी खुशबू चारों ओर फैला रहा है। मैं धन्य हुआ। अपने आनंद का कोई आर पार नहीं। आनंद ही आनंद! अपनी दिनचरी को जो पुण्यात्मा पढ़ेगा वही धन्य है! (४-४-१९३८ पृष्ठ ९०)। ज्योतिषियों के नक्षत्र बल, ग्रहबलों पर विश्वास नहीं रखनेवाले हमें इस सृष्टि के पीछे जो अदृश्य हाथ है उसकी आश्चर्यजनक लीला अपनी अनुभूति में आकर आनंदतुंदिल हो उठे। बगल में खड़े मरुळसिद्धय्या मंत्र मुग्ध सा हो गया। हम यह नहीं कह सकते हैं कि सन् १९३८ ईसवी के पूर्व (हमारे जन्म के दस साल पहले) हमारे परमाराध्य गुरुवर्य के हाथ से लिखी गयी यह दिनचरी ३८ वर्षों के बाद हमारे हाथ लगने में भगवान् की क्या इच्छा होगी?

दिनचरी के बाकी पृष्ठों को जैसे जैसे पढ़ते गये वैसे वैसे धन्यता का भाव बढ़ता ही गया। हमारे मन में यह भावना अंकुरित हुई कि अपने पूर्व जन्म के पुण्य का फल ही आज साकार होकर अपने हाथ लगा है। हम आशा करते हैं कि इस ग्रंथ के आंतरिक पृष्ठों को शुद्धांतःकरण से जो लोग पढ़ेंगे उन सब पाटकों को उसी प्रकार की धन्यता का भाव अवश्य होगा।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

-५-

पाठकों को यहाँ पर खूब ध्यान रखने का एक मुख्य विषय यह है कि यह प्रकाशित करने हेतु प्रज्ञापूर्वक लिखा हुआ ग्रंथ नहीं हैं। रोज अपने अनुभव में आनेवाली घटनाओं से अपने भीतर सहज रूप से जागृत अंतरंग की तीव्रतर नैज भावनाओं की धड़कनें यहाँ पर हैं। जीवन में सारे लौकिक सुखानुभवों को पाकर मुँह सिकोड़कर निरासक्त बने एक पैर को इहलोक में दूसरे पैर को परलोक में रखे उम्र ढले लोगों से लिखी आत्म कहानी भी यह नहीं है। उम्र के ढलने पर पिछली घटनाओं का स्मरण कर कई प्रकार के प्रलाप पूर्ण हताश भावनाओं का संग्रह भी यह नहीं है। सिर्फ यही क्या असलियत को छिपा कर झूठ को पिरोकर वढ़प्पन पाने के उद्देश्य से लिखी गई आत्मकथा की आत्मवंचना व ठगाई भी यह नहीं है। प्रायः २३-२४ वर्ष की युवावस्था में लिखी हुई इन डायरियों में उम्र के सहज आशा-आकांक्षाओं का आकर्षण हैं, उम्र से बढ़कर अमूल्य आध्यात्मिक साधनाकांक्षाओं की धड़कनें भी इन में देखने मिलती हैं जिससे यह लिखावट सजीव लगती है। कथनी और करने की पारदर्शिकता को प्रतिबिंवित करनेवाली यह लिखावट, ऐसा प्रतीत होता है मानों महात्मा बसवेश्वर के भक्तस्थल के वचनों का ही यह गद्यरूप है। दृष्टांत के तौर पर उनकी दिनचरी से उद्धृत अधोलिखित एक अंश को देख सकते हैं।

"हे परमात्मन् ! मुझमें न कोई नीति न आचार न ही एक नियम है । मनमाने चलनेवाला दुराचारी हूँ मैं। इसीलिए मुझे यह भरोसा ही नहीं है कि तुम मुझे दर्शन देने की कृपा करोगे। फिर भी हे अंतरात्मन्! मैं दिन रात तुम्हारे ध्यान में निरत हूँ। मैं तुम्हारी यादगार में रोया करता हूँ और चडपडाता हूँ। मैं कोई सुख नहीं चाहता। तुम्हारे दर्शन से जो परम शांति हासिल होगी वही मेरी अभीप्सा है। कृपया दर्शन दो हे जगन्नाथ! मैं क्यों ज्यादा वड़वड़ाऊँ? तुम सर्वज्ञ हो। तुम पर मुझे अपरिमित विश्वास है जो मुझे जरूर उस पार पहुँचादेगा। देवाधिदेव! तुम सदा मेरे हृदय में विराजमान होकर वहाँ के

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

गाढांधकार को दूर करो। अपने मन को सन्मार्ग दिखाकर मेरी रक्षा करो हे मेरे परमपिता[3]।

सन् १९३७ और १९३८ में जो दिनचरियाँ लिखी गयी है उस समय परमपूज्य गुरुदेव हासन जिले के 'यलहंक' मठ के अधिपति थे। २३-२४ वें वर्ष की युवावस्था में होते हुए भी उम्र से वढ़कर अनुभव, आदर्श, किसी प्रकार के छल कपट, लुका छिपी न करके अपने अंतरंग के उद्गारों को परमात्मा के पवित्र चरणों में निवेदन कर रहे हैं वह आपका ईश्वरीय असीम विश्वास, निर्मल भक्ति का द्योतक है। पाठक इस वात को अवश्य समझेंगे कि अपने मठ व समाज के अभ्युदय के पीछे क्या पवित्र संकल्प की शक्ति है। यह हमारा अभिमत है कि यह दिनचरी (डायरी) आध्यात्मिक जिज्ञासुओं के लिए और किसी मठ के भावी स्वामी लोगों के लिए आदर्श हस्त पुस्तिका है। आजकल पथभ्रष्ट धर्म गुरुजनों के वारे में प्रतिदिन समाचार पत्रों में जो समाचार प्रकट हुआ करते हैं। उनके आधार पर देखा जाय तो प्रायः पचास वर्ष पहले उस समय के नीतिभ्रष्ट स्वामिजनों के वारे में इस दिनचरी में लिखी निम्नलिखित

---

[3] 'वमवण्णा के नीचे दिये इन वचनों से तुलना कीजिए:-
मेरा चित औंदुंवर का फल है अय्या-
विचारने पर सार नहीं है अय्या - (वचन सं :२१)

मेरी करनी एक, मेरी कथनी और
देखो अय्या, मेरा अंतरंग शुद्ध नहीं।
कथनी के समान चाल देखते ही
कूडलसंगमदेव बसे अपने हृदय में - (वचन सं :३०)

'अय्या अय्या' ऐसा मैं पुकार रहा हूँ
'अय्या-अय्या' ऐसा मैं चीख रहा हूँ
'हाँ' ऐसा तुम क्यों नहीं बोल रहे हो?
फिर भी मैं आप को पुकार रहा हूँ,
मौन क्यों हो कूडलसंगमदेव - (वचन सं ५६) ('अय्या' कन्नड में गौरव वाचक व भक्ति वाचक है)

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

बातें इतनी तीक्ष्ण एवं कटु हैं जिन्हे शायद ही कोई निर्भीक पत्रकार, विद्वान, आलोचक लिख सकता है।

"आजकल के सन्यासियों से जग को भयंकर हानि हुई है। संन्यासी लोगों के अधःपतन केलिए भक्तों का अज्ञान ही कारण है। जहाँ अज्ञान है वहाँ सत्य का कोई मूल्य नहीं है। अंधविश्वास रखनेवाली दुनियाँ सुखी नहीं हो सकती। जो अनपढ हैं, विषयकूप में डूबे हुए हैं और विषयवासनाओं से ग्रस्त हैं, अगर वे लोग गुरु बन जाये तो किस जग का उद्धार होगा? ऐसा लगता है कि लोगों की भावना में गुरु बनना मतलब नाटक में वेष-भूषण धारण करके अभिनय करना! हाय हाय! शिव शिव! गाय चरानेवाले, झूठ बोलनेवाले, विधवाओं को प्यार करनेवाले ढोंगी गुरु लोग तुम्हारे नाम से इस जग में हलचल मचा रहे हैं! हाय! मूढ भक्तगण! तुम लोगों ने अपनी भक्ति के अनुसार ही गुरु पाया हैं। हाय! हे निर्दयी गुरुवर्ग! कम से कम तुम लोगों को शरम नहीं आती कि पाप करते करते इस दुनिया को बरबाद कर रहे हैं? शिव शिव! सारे जग का सूत्र व्यभिचारियों के हाथ में है। व्यभिचारी लोग अपने को गुरु कहने पर जरा सा भी शर्मिंदा नहीं होते हैं! हर! हर! शिव! शिव! (१५-५-१९३८)

"शिष्यों के धन को लेकर मठ में रहनेवाले अपने भाइयों के बीबी-बच्चों को खिलानेवाले ये ढोंगी गुरु वर्ग जब तक समाज से हटेंगे नहीं तब तक हमारा कल्याण नहीं है। ये लोग अपने भाईयों की बीबियों से परदों के पीछे प्यार करके यह समझो कि उनके मर्दों को कमाने के परिश्रम से मुक्त करने का महोपकार कर रहे हैं। जिन मठों में संभोग, बच्चों की झोली पालना आदि घरगृहस्थी के `धर्मकार्य` चलते हैं वैसे मठ निश्चित ही पापक्षेत्र होते हैं। ऐसे पापक्षेत्रों में आकर नमस्कार करनेवाले शिष्य वर्ग का कल्याण होना शुद्ध असंगत है। भाई बहनों की भलाई केलिए मठ है क्या? यह समझ में नहीं आ रहा है। यदि शिष्यगण इस तरह के पापकृत्यों को बन्द नहीं करायेंगे तो

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

सचमुच उनका कल्याण नहीं है। नहीं तो यह कहना पडेगा कि हमारे समाज के जैसे मूढ शिष्यगण सारी दुनिया में कहीं नहीं हैं।" (२४-६-१९३८)

उपर्युक्त बातें वसवेश्वर के उस वचन की याद दिलाती हैं जिसमें कहा गया है:

"नदी नालों में डुबकी लगानेवाले भाइयों!
नदी नालों में गोता लगानेवाले स्वामिजनों!
त्यागो तुम लोग परनारियों का संग,
त्यागो, त्यागो तुम लोग, परधन की लालच त्यागो"

इन दुराचारी स्वामिजनों का इतनी निष्ठुरता से खंडन करनेवाले परमपूज्य गुरुवर्य वसवण्णा जैसे ही हैं - निर्भीक स्पष्टवक्ता, न कभी दाक्षिण्यवश होता है, न किसी पक्ष का साथ देनेवाला होता है, क्योंकि लोग विरोधी शरण किसी से भय नहीं खाता है। इस प्रकार परमपूज्य गुरुवर्य दृढता एवं प्रज्ञापूर्ण लक्ष्य रखनेवाले हैं। आपने इसी दिनचरी के और एक स्थान पर कहा है कि "मैं तो कभी असत्य को न सहनेवाला हूँ न सत्य को छिपानेवाला। मैं असत्य का खंडन किये विना चुप नहीं बैठ सकता। इससे यदि दोषी ऊब उठे तो मैं क्या करूँ? अपने छिपे हुए दोषों को न सुधार करके, अपनी गुनाहओं के लिए अपने आप को निन्दा करना छोडकर, मुझे निन्दा करने आयेगा तो मैं पीछे हटनेवाला नहीं हूँ।" (३-८-१९३८)। इस प्रकार अपने कठोर सत्य प्रतिपादन का समर्थन कर लेते हैं। 'मुत्तुगदूर' गांव के श्री महदेवय्या और श्रीमती वसम्मा दंपती के तृतीय पुत्र होकर उनके पुण्य गर्भ से सन् १९१४ ई. के वसवजयंती के पवित्र दिन रोहिणी नक्षत्र में जन्म लिए श्री जगद्गुरुवर्य परमपूज्य गुरुदेव अपने निकटवर्तियों को वसवण्णा के प्रतिरूप ही नजर आते हैं।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

-६-

श्रीजगद्गुरुवर्य तत्कालीन अपने गुरुमहाराज श्री गुरुशांतराज देशिकेंद्र महास्वामी के कृपाशीर्वादों से संस्कृत अभ्यास के लिए सन् १९२९ के नवंबर महीने में काशी गये। काशी के सुप्रसिद्ध विद्वान् श्री गौरीनाथ पाठकजी के अत्यंत प्रिय अंतेवासी होकर अध्ययन करने लगे। श्री जगद्गुरुवर्य ने सात वर्षों में ही संस्कृत भाषा पर पूर्ण प्रभुत्व हासिल कर लिया। निरातंक से पांडित्यपूर्ण स्वतंत्र कविताओं की रचना में आप सिद्धहस्त हो गये। इस बात की प्रामाणिकता के लिए सन् १९३३ ई. के फरवरी १०वीं तारीख को श्री गुरुशांतराज देशिकेंद्र महास्वामीजी के नाम पर एक पत्र लिखा गया है, जो श्रीमठ के पुराने कागजातों में पाया गया। उस पत्र के दूसरी तरफ गुरुभक्ति से लिखे श्लोक देखने लायक हैं। सन् १९३५-१९३६ ई. में "अमर भारती" नामक संस्कृत मास पत्रिका काशी से प्रकाशित हुआ करती थी जिसमें आपकी जो संस्कृत कविताएँ, प्रकाशित की गई हैं वे आपके पांडित्य के प्रतीक हैं। आपके अध्ययन काल की पुस्तकों में कई स्वरचित श्लोक प्रायः पाये जाते हैं। आपने हर एक पुस्तक के आरंभ के पृष्ठ पर अपने नाम के बदले में पुस्तक के विषय के आधार पर एक एक संस्कृत श्लोक लिखने की अच्छी आदत बना रखे थे। उन सभी श्लोकों में अपने गुरुवर्य श्री गुरुशांतराज देशिकेंद्र महास्वामीजी को भक्ति भाव से स्मरण इस तरह करते हैं कि यह पुस्तक आपके दिव्यानुग्रह से प्राप्त हुई है, जिन्होंने पढ़ने के लिए काशी भेजा था[4]। इन में दो श्लोक चुनकर, अनुवाद करके इस पुस्तक के आरंभ में भक्ति समर्पण करने केलिए और अंत में श्रद्धांजलि के लिए यथोचित् उपयोग में लाये गये हैं।

---

[4] इस प्रकार हम ने अपने गुरुजी के द्वारा विरचित अपूर्व संस्कृत श्लोक, संस्कृत लेख, संस्कृत पत्र और दूसरे प्रकार के साहित्यिक लेखों का संग्रह किया है जिन्हें द्वितीय संपुट में प्रकाशित करने केलिए तैयार कर रहे हैं।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अपनी गुरु परंपरा में अपने पितामह श्रीगुरुशांतराज देशिकेंद्र महास्वामीजी को जव दुष्टलोगों ने षड्यंत्र रचकर विषपान कराके उनकी हत्या की थी, उस अवसर पर अति दुःखी होकर जो लेख लिखा है, वह वड़ा हृदयस्पर्शी है -

"हे गुरुदेव! तुम्हारे चेहरे की वह मुस्कुराहट मेरी आँखों के सामने नाच रही है। हे परमेश्वर! इस समाज के लिए तुम गुरु, पिता, वंधु, मित्र और सव कुछ थे। विना कारण, कुछ ही दिनों में हम सव को छोडकर चल वसे। हम निर्भाग्य हैं! हे गुरुदेव! आप समाज के लिए कलश सदृश थे। वह कलश अव टूट पड़ा। अव आगे हमारी क्या दशा होगी? समाज के कष्टकार्पण्यों को कौन देखेगा? हे गुरुदेव! मैं तो वहुत दुःखी हुआ हूँ। मेरे हृदय की दुःखाग्नि को शमन करने का तरीका क्या हैं? गुरुदेव! गुरुदेव! गुरुदेव! गुरुदेव"! दुःख भरी ये वातें कल्याण की उस दुर्गति की याद दिलाती है जिससे दुःखी शरणजन के मुँह से ये हृदयविदारक परमक्लेशमयी वातें निकली थीं: "दीप टूट पड़ा ! तेल खाली हो गया ! ज्योति बुझ गई !"

समाधि के दूसरे दिन भी आँसुओं से भीगी गुरुवर्य की कलम तीन पंक्तियों से आगे न चल कर आधे में ही रुक गई थी। यह प्रसंग पाषाण हृदय को भी पिघला देनेवाला है।

सन् १९३८ के अगस्त ११वीं तारीख को घटी इस घनघोर घटना के वाद लिखे दो-एक पृष्ठों को छोड़कर यह दिनचरी (डायरी) वहीं समाप्त हो जाती है। यह कन्नड के आध्यात्मिक साहित्य केलिए एक आघात ही कहा जा सकता है। फिर भी वसवेश्वर आदि शिवशरणों ने साहित्य को दृष्टि में रखकर अपने वचन-साहित्य का निर्माण नहीं किया। जनमन को जागृत कराने के लिए साहित्य का केवल एक माध्यम के रूप में उपयोग किया। उसी आदर्श पथ पर कदम वढाते हुए पूज्य गुरुजी ने `दीप से दीप जलें!` की तरह ज़ाज्वल्यमान ज्योति वनकर चार दशकों से अहर्निश श्रम करके समाज को उत्तुंग शिखर पर चढ़ा दिया।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

सन् १९३७ ई. के अगस्त दूसरी तरीख को दावणगेरे के छात्रावास के लिये धनसंग्रह करने के उद्देश्य से एक मंत्रणा बैठक दावणगेरे शहर में बुलायी गयी थी। लेकिन पूज्य गुरुजी उसमें भाग न ले सके। क्योंकि `हासन' जिले के `यलहंक' से `दावणगेरे' तक जाने केलिए मार्गव्यय के लिए पैसे तक नहीं थे। इस घटना को आपने उस दिनचरी में लिख रखा है। वहीं अपने गुरुवर्य ने बाद में पैसे पैसे इकट्ठा करके केवल कर्नाटक के ही क्यो? सारे भारत के ग्रामीण प्रदेशों में आज तक न देखी गयी ऐसी वहुत सी संस्थाओं की स्थापना की । जिसे देखकर लोग दाँतों तले ऊँगली दवा रहे हैं। वह हवा में जादूगरी से किया गया कमाल नहीं है। उसके पीछे धीर संकल्प शक्ति है।उसी अगस्त मास की २३ तारीख को आपने लिखा हैं -

> "यदि इसी प्रकार अपने दुर्भाग्य से विपत्तियाँ अपनी चारोंओर आ घेरेंगी तो मुझे कायर बनना पड़ेगा । शिव शिव। मैं कायर बनकर कैसे जीऊँ? जब तक इस शरीर में प्राण रहेंगे तब तक मैं कभी कायर बनकर न जी सकूँगा। चाहे मुझपर कष्टों के पहाड़ ही क्यों न टूट पड़े, जिससे होनेवाली पीड़ा का अवश्य साहस से सामना करूँगा और आगे बढ़कर कर्मवीर बन, हुतात्मा हो जाऊँगा।"

ऐसे वीर संकल्प शक्ति के वल पर ही समाज का संघटन तथा संवर्धन करके १९७९ वीं फरवरी तारीख ११ को अर्थात् माघ शुद्ध पूर्णिमा के दिन हमें "सद्धर्म सिंहासन" के गद्दी पर बिठाकर "तरळ! बाळु!" (हे वत्स ! चिरंजीवी रहो) इस शुभ आशीर्वाद के साथ श्रीमठ की सारी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों को मेरे नन्हें कंधों पर डाल दिये। अपने गुरुवर्य का यह वैविध्यमय जीवन सारे देश के लिए एक खुला ग्रंथ सावित हुआ है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

कालगर्भ में लीन होने से वची यह अमूल्य कृति सन् १९७६ ई. में हमारे हाथ लगने पर भी, इस वीच दो वर्ष वियेन्ना में पढने के लिए जाने के कारण, वहाँ से लौटते ही पट्टाभिषिक्त होकर श्रीमठ के संघ संस्थाओं की देखरेख की जिम्मेदारी अपने कंधे पर लेने के कारण, देखते देखते यों ही नौ वर्ष गुजर गये। माता के गर्भ से नवमास पूर्ण शिशु जैसे इस कृति का जन्म नौ वर्ष के बाद होते देखकर हमें आत्मतृप्ति मिली है। हमें इस बात का पूर्ण विश्वास है कि इसे अपने हाथ में लेकर पढनेवालों को भी उतना ही आनंद का अनुभव होगा। हम पहले से विश्वविद्यालयों के बौद्धिक वातावरण में ही थे। आजकल सवेरा होते ही हमारी आँखों के सामने आनेवाली सैकड़ों शाला कालेजों की प्रशासन समस्याएँ अपने सिरपर तनी तलवार सी बन गई हैं। निरंतर अध्ययन चिंतन करके कुछ न कुछ लिखने की साहित्य सेवा में रोड़ा अटकानेवाले ये लौकिक व्यवहार वसवण्णा के कथनानुसार -

शिशु को गोदी में रखी वेश्या
धन की लालच में पड़कर
न तो विट को बहला सकती
न ही अपने शिशु को,
एक बार शिशु को बहलाने लगेगी
और एक बार विट को

इस प्रकार डोलायमान स्थिति पैदा हो गयी है। इधर साहित्य शिशु का संरक्षण - उधर समाज की सेवा, किसी को किसी भी हालत में न छोड़ने की विपरीत परिस्थिति उत्पन्न हो गई है। अव तक देश विदेशों के विश्वविद्यालयों में अध्ययन करके बहुत कुछ लिखने की इरादे से हम से बहुत सी सामग्रियाँ इकट्ठे की गई। अव हमें

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

गोहरी को जुटाते ही रह गये हम
लगेगी आग कब, बनेगी रसोई कब?
हे भगवान! मेरी नसीब में लिखे हो क्या?

इस प्रकार प्रलाप करने की परिस्थिति पैदा हो गयी है। "काय लीन होने से पहले पकाकर खाओ ! जितनी गोहरी होंगी समय बीतने के पहले ही पकाकर खाओ!" इस प्रकार अपनी साहित्य प्रज्ञा बारबार चेतावनी देती आ रही है। उस चेतावनी का परिणाम ही हमारें द्वारा संपादित यह "आत्मनिवेदन" ग्रंथ है।

-८-

यह ग्रन्थ काँट छाँटकर पाठकों के लिए लिखा गया किताब नहीं है। निरातंक से, कहीं किसी प्रकार की रोकथाम के बिना आध्यात्मिक हिमालय शिखर से बहती आयी विचारवाहिनी गंगा मैया है। इसे पढ़कर कई दुर्धर प्रसंगों में हमें तसल्ली मिली है। जैसे लोभी खजाने में रखे धन को रात में निकालता, देख देखकर खुश होता है, फिर यथा स्थान रखा देता है, वैसे ही हम अब तक कभी कभी इसे पढ़कर सांत्वना पाकर मेज की पेटी में रख देते थे। लेकिन अब तो सब को पढ़कर आनंद का अनुभव करने का सुअवसर प्राप्त हो गया है।

इस दिनचरी में पूज्य गुरुवर्य के स्वानुभवों से अद्भुत जो अपूर्व विचार हैं वे ऐसे लगते हैं जैसे बसवेश्वर के वचनों के ही विस्तृत गद्य रूप है। जिन्हें पढ़नेवालों के हृदय एकदम खिल उठते हैं। उनमें से कुछ इने गिने वचनों को चुनकर आगे दिये गये हैं। जैसे ऊपर लिखा गया है, यह बुद्धिपूर्वक लिखी गयी पुस्तक नहीं है। काल गति के अनुरूप हृदय में आविर्भूत सहज विचार एवं चिन्तन इसमें भरे हैं। यहाँ पर मामूली दिनचरी में जो प्रतिदिन के लौकिक व्यवहार हैं उनको छोड़ दिया गया है। वे दिनचरी के पृष्ठों पर रोजाना उस-उस

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

तारीख में ही आ जाते हैं। लेकिन आध्यात्मिक विचार तो दैनंदिन पृष्ठों के साथ ही साथ जहाँ-तहाँ दिनचरी के पृष्ठ खाली पड़े हैं वहाँ-वहाँ लिखे गये हैं। इस वजह से अनुक्रम न रह गया है। इस प्रकार दूसरे पृष्ठों पर लिखे जाने पर कुछ में उस दिन की तारीख दर्ज की गई है और कुछ में नहीं। इस की वजह से हमें यह निर्णय करने में परिश्रम उठाना पड़ा कि किसी एक पृष्ठ पर लिखी लिखावट उसी तारीख की है या दूसरी की? फिर भी लिखावट की स्याही, अक्षरों का विन्यास और आगे पीछे विचारों की तुलना करके कुछ तारीखों को हमने ही खुद तयकर दिया है। इस समस्या का सामना अधिकतर सन् १९३७ ई. की दिनचरी में ही करना पड़ा। लेकिन १९३८ ई. की दिनचरी में समस्या उतनी नहीं रहीं। दिनचरी के फैलाव में फैले सारे विचारों को हमने विषयानुक्रम से विभाजन करके, भिन्न भिन्न अध्याय बनाकर कालानुक्रम से ही रख दिया है। उद्यान वन में अपने समक्ष दिख रहे रंग-विरंगे फूलों को चुनकर आकर्षक माला पिरोनेवाले माली का काम को हम ने इस ग्रन्थ में किया है। फूल का सौन्दर्य और सौगन्ध फूल का ही हैं। सिर्फ माला पिरोने का प्रयत्न हमारा है। यहाँ पर पाठक एक पवित्र आत्मा के पूर्ण विकास पथ को साफ-साफ दर्शन कर सकते हैं।

यहाँ पाठकों को ध्यान देना होगा कि जहाँ-तहाँ आनेवाले संस्कृत श्लोक और हिन्दी कविताएँ जो हैं उनकी लिखावट के भावों के ही अनुसार भाषा न समझनेवालों को अनुवाद करके जहाँ तक हो सके उनके मूल को पता लगाकर निचली टिप्पणियों में दी गयी हैं।

"षड्यंत्र –आहुति" नामक अध्याय में आनेवाले कुछ नामों को जान-बूझकर हमने छोड़ दिया है। मूल दिनचरी में उन नामों के होते हुए भी समाज की स्वस्थ दृष्टि को ध्यान में रखकर उन्हें छोड़ देने का निश्चय करके उन स्थानों पर संख्याओं का निर्देशन करके भाग चिह्न लगाये गये हैं। हम अच्छी तरह जानते हैं कि यह अपने सत्यसन्ध गुरुवर्य को बिलकुल पसंद न होगा। सत्यं

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

ब्रूयात् (सत्य कहना चाहिए) इस प्रकार का अनुशासन होते हुए भी अपने इस निर्धार का मानदंड है – मा ब्रूयात् सत्यमप्रियम् (ऐसा सत्य मत बोलो जो अप्रिय लगे)। यह तो सत्य का ही दूसरा स्वरूप है। लेकिन "प्रियं च नानृतं ब्रूयात्।" कथनानुसार पाठकों को प्रिय लगने केलिए कहीं भी झूठ नहीं जोड दिया गया हैं। लौकिक सत्य और झूठ परस्पर सापेक्ष (Relative) तथा संकीर्ण हैं। इस दृष्टि से कहा जाय तो आत्यंतिक सत्य (Absolute Truth) केवल आत्मा ही है! अपने जीवन की दिनचरी में याद रखने लायक यादि कोई चीज है तो वह है एक मात्र आत्मा।

२४-९-१९८५ श्री तरळबाळु जगद्गुरु
सिरिगेरे डॉ. शिवमूर्ति शिवाचार्य महास्वामीजी

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

इस दिनचरी में स्वानुभव के नीतिवाक्य

१. सुख नाम की चीज वस्तुओं के संग्रहों में नहीं है..... सुख आत्मानुग्रह से आत्मा से ही मिलनेवाली वस्तु है।

२. दुर्बुद्धि की दवा क्या है? ज्ञान, धैर्य ही दवा है। जगदीश्वर ही दवा है।

३. मनुष्य की वर्वादी के लिए और उद्धार के लिए मन ही कारण है।

४. ईश्वर पर भक्ति रखकर चलनेवाले से कभी पापाचरण नहीं होंगे। यदि भक्त से पापकृत्य होते रहेंगे तो वह कभी भक्त नहीं कहलाएगा।

५. तुम मनःपूर्वक रोया करो, भगवान् अवश्य मिलेगा।

६. जो अपने मन से आप डरा करता है, उसका शीघ्रातिशीघ्र उद्धार होगा।

७. बुद्धि का पावित्र्य ही मन की निश्चलता का कारण है। मनोनिग्रह के लिए आत्मस्थैर्य चाहिए।

८. जो अपने मन को स्थिर नहीं कर सकता उसे साम्राज्य से भी सुख हासिल नहीं हो सकता।

९. जो सुख चाहता है उसे आत्मा का सहारा लेना चाहिए।

१०. पवित्र विचारों के अर्जन के लिए संगति को भी पवित्र रखना चाहिए।

११. चित्त के स्थिर हो जाने पर ही कार्याकार्य का ज्ञान हो सकता है।

१२. ईश्वर पर विश्वास रखनेवाला कभी पाप कार्य नहीं करेगा। पाप कार्य करनेवालों में जरूर ईश्वर विश्वास नहीं होगा।

१३. जो यह पूछता है कि ईश्वर कहाँ है? ईश्वर कहाँ है? वही वास्तव में ईश्वर है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

१४. मोक्ष न तो कोई गाँव है , न ही कोई विशेष उपाधि है। वह न कोई फल भी है। मोक्ष तो आत्मा में मन की स्थिरता से उत्पन्न एक अलौकिक शांत भाव है।

१५. पाप कृत्य तभी रुक सकेंगे जब ईश्वर पर विश्वास हो।

१६. जो हमारे भगवान् , तुम्हारे भगवान् कहेंगे वे ईश्वर द्रोही हैं। ईश्वर एक ही है।

१७. जो भगवान् मस्जिद में रहता है वही मंदिर में रहता है। जो मंदिर में रहता है वह गिरजाघर में भी रहता है।

१८. हिन्दु लोगों के भगवान् को नाश करने निकले मुहम्मद अपने अल्लाह को ही मारता है। अपने अल्लाह का द्रोही बन जाता है।

१९. बाह्य आकारों में वैविध्य के होने पर भी सत्य एक ही है। सारे धर्मों में भगवान् है। अपने धर्म को छोड़कर अन्य धर्म की ओर कदम बढ़ानेवाला अज्ञानी भी है और चंचल भी। इसे कभी भगवान् न मिल सकेगा।

२०.. यदि दुनियाँ को सुख चाहिए तो वह अध्यात्म विद्या से ही -- नामधारी गुरुओं से लोक की हानि होगी।

२१. आजकल के पढ़े लिखे लोगों से ही दुनियाँ को काफी नुक्सान हो रहा है।

२२. सुख के लिए बाह्य वस्तुओं का संग्रह करनेवाला कभी सुखी नहीं होगा। अन्तःशक्ति का संग्रह करना चाहिए। अन्तःशक्ति का मतलब है - आत्मबल, आत्मविश्वास।

२३. शिक्षण क्षेत्र में जब तक परिवर्तन न होगा तब तक दुनियाँ का सुख नहीं मिल सकता है। विद्यार्थियों को औद्योगिक, व्यावहारिक, आध्यात्मिक, इत्यादि विविध शिक्षण देना चाहिए।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

२४. जिस समाज में अच्छी माताएँ न हो, वह समाज कभी प्रगति न कर सकेगा।

२५. आदर्श के अनुसार चलनेवाला अभ्युदय को प्राप्त कर सकता है।

२६. जिस समाज के नेता लोग स्वार्थ, उदासी, घूसखोरी के वश में हो जाते हैं वह समाज कभी प्रगति न कर सकेगा।

२७. जल्दवाजी से वड़ा नुकसान होगा, चुगलखोरी अनर्थ का कारण बनेगी।

२८. संयम ही सुख का मूल है।

२९. नासमझ मूर्ख जैसा मौन रहना ही ज्ञानी का लक्षण है।

३०. जैसा अन्न वैसा गुण।

३१. कुत्ते का मल भक्षण बड़ा असह्य लगता है। वैसे ही मानव का विषयोपभोग विचारशील (ज्ञानी) को वड़ा असह्य लगता है।

३२. मन को वश में रखना जितेन्द्रियत्व है।

३३. जो मन के वश में रहता है वही भवि, अज्ञानी, बद्ध-जीवात्मा; जो मन को अपने वश में रखता है वही ज्ञानी जीवन्मुक्त है।

३४. एकान्त उत्तम है, यदि मन अपने वश में हो। एकांत से बड़ी हानि है, यदि मन के वश में हो।

३५. बच्चे को खिलौना मिलने पर माँ को भूल बैठना सहज है। वैसे ही जीवात्मा को विषयों के मिलने पर परमात्मा को भूल बैठना सहज है।

३६. लोगों के अपवादों के लिए मत डरो। स्वार्थ हाथ न लगने पर निन्दा करने लगते हैं। उनकी प्रशंसा का कोई मूल्य है ही नहीं; न उनके थूकने (निन्दा) का कोई मूल्य।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

३७. अपने मन की इच्छा से किया जानेवाला काम और दूसरों के कहने पर किया जानेवाला काम इन दोनों में बड़ा फर्क होता है।

३८. जबतक तुम सामने रहोगे तबतक निन्दक लोग तुम्हारी निन्दा करते हैं, आखिर चुप हो जाते हैं। वैसे ही कुत्ते डरनेवालों को देखकर बहुत भौंकते हैं; जिनके हाथ में लाठी हो उन्हें देखते ही नौ दो ग्यारह हो जाते हैं।

३९. ऐसा करना चाहिए वैसा करना चाहिए, इस प्रकार कहने की अपेक्षा कर दिखाना अच्छा है।

४०. यदि स्वार्थ सिद्ध न हुआ तो निन्दा करनेवाले बहुत लोग हैं।

४१. दूसरों की निन्दा से दुःखी मत हो, तुम्हारे दोष को देखकर कोई तुम्हारी निन्दा नहीं करता, स्वार्थ सिद्ध न हुआ तो तुम्हारी निन्दा करते हैं।

४२. भगवान् पर विश्वास करो। मदमत्त होकर घमंड से यह मत कहा करो कि भगवान ही नहीं है।

४३. क्रोध के मारे कटी नाक फिर चिपकाई नहीं जा सकती। क्रोध से सुख कहाँ? प्रशांत को दुःख कहाँ?

४४. यदि स्त्रियों में सुख होता तो वे कभी पुरुषों को न चाहतीं। पुरुषों में सुख होता तो वे कभी स्त्रियों को नहीं चाहते। ये समझते हैं कि सुख उनमें है, वे समझती हैं कि सुख इनमें है। विचारशील (ज्ञानी) को सुख इन दोनों में भी नहीं है। आत्मा में ही सुख है। सुख का एकमात्र आधार - आत्मा ही है।

४५. बाहर कहीं सुख को मत ढूँढो, सुख और दुःख तुम में ही हैं।

४६. सुख की लालच से बाह्य वस्तुओं का संग्रह जितना भी करते जाओ, उनसे सुख नहीं मिलेगा उनसे दुःख और बढ़ता ही जाएगा।

४७. चंचल मन ही सारी विपत्तियों का मूल कारण है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

४८. देश काल को समझ-वूझकर वोलना भी एक प्रकार से मौन ही है। दुनिया में मितभाषी ही बुद्धिमान है।

४९. गांभीर्य रहित का जीवन गार्दभ का जीवन है।

५०. संसार एक बाजार है। इस बाजार में जितना व्यवहार करना चाहिए, बस उतना ही करें।

५१. जव विश्वास रखनेवालों को सामान्य मनुष्य भी नहीं भूलते तब कोई यह कहे कि जगदीश भूल जाता है; यह मिथ्या नहीं तो और क्या है?

५२. भगवान् पर विश्वास करनेवालों में आजतक कोई बिगड़ा नहीं।

५३. लोगों के अपवादों के लिए शुद्धात्मा कभी न डरेगा।

५४. जैसे बच्चे की रुलाई को माता नहीं सह सकती, वैसे ही परमात्मा भी।

५५. ईश्वर और भक्त के मिलन सुख को माता और बच्चे अल्प प्रमाण में ही सही जरूर अनुभव करते हैं।

५६. धीर, इस भवसागर को ईश्वर की कृपारूपी नाव पर बैठकर पार कर सकता है।

५७. ईश्वर-भक्ति ही परतर मुक्ति की सुयुक्ति है।

५८. सत्य ही सुधारस है। जो सत्य को पकड़ेगा वह सर्वत्र विजय हासिल कर सकता है।

५९. जो प्रापंचिक सुख है, वह वास्तव में सुख नहीं है।

६०. सत्य की रक्षा के लिए जीओ; चाहे जान भले ही चली जाय, डरते क्यों हो? वह अनित्य है; उसे जाना ही चाहिए। उसके लिए चिंता क्यों?

६१. देवताओं के लिए अमृत सुधा है। प्राणियों के लिए शांति ही सुधा है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

६२. तुम में देवता को देखनेवाला जो इंद्रिय है वही जब ढक गया है तब तुम यह कहो कि ईश्वर नहीं दिखायी दे रहा है, यह मत कहो कि ईश्वर ही नहीं है।

६३. अपने-अपने दोष हमें मालूम नहीं होते। दोषी भी आत्मा को मनवाकर ही करता है। निर्दोषी भी आत्मा को मनवाकर ही करता है।

६४. मनुष्य जितनी परीक्षा में आ जावे उतना ही भला।

६५. ईश्वरेच्छा वैविध्यमय है। जग ही उसके विनोदार्थ सजाया गया है।

६६. हमारे मन की अस्थिरता से अपनी जितनी बेइज्जती होती है; उतनी बेइज्जती और किसी से नहीं होती।

६७. जिसका मन स्थिर न हो, उसे किसी कार्य का आरम्भ नहीं करना चाहिए।

६८. जब तुम्हें अपनी गहराई का पता तक नहीं है तब दूसरों की निन्दा करने के पाप कूप में क्यों पड़ते हो?

६९. दुःख अज्ञान जन्य है। मन की अधीरता दुःख को दुगुना कर देती है।

७०. शांति से ही सुख। सत्य मार्ग से ही सुख।

७१. इस लोक में कोई भी अपने सत्य का मूल्य नही आंकता।

७२. आप सत्यनिष्ठ होने पर भी निन्दा का जवाब यदि निन्दा से ही देते हैं तो आप अपने वातावरण को स्वयं बिगाड़ लेते हैं।

७३. सज्जन के संग से दुर्जन भी सत्पुरुष बन जाता है।

७४. दूसरों की निन्दा करने वाला ही दुष्ट पुरुष है। सच तो यह है कि सज्जन उसकी निन्दा न करके उसके बारे में उपेक्षा करता है । इसलिए दुष्ट निन्दा करते करते स्वयं ही परास्त हो जाता है।

७५. दया ही परमेश्वर का मंदिर है, हृदय ही गर्भ मंदिर है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

७६. परमात्मा के अनुग्रह के विना कोई मनुष्य प्रगति नहीं कर सकता।

७७. सत्य ही आत्मा का आहार है, सत्य के लिए जीओ और सत्य में जो आनंद है उसका अनुभव करो।

७८. अनित्य प्राण को देकर, नित्य सत्य का महत्त्व दुनियाँ को दिखा दो।

७९. अस्थिर चित्त ही विपत्ति का आवास स्थान है; स्थिर चित्त ही निश्चिंतता का मूल स्थान है।

८०. जिसमें ब्रह्मचर्य न हो, वह शांति नहीं पा सकता।

८१. जिसमें ब्रह्मचर्य न हो, उसमें कोई गुण नहीं टिकता। उसमें चाहें जितने भी गुण क्यों न हों, वे स्थिर नहीं रह सकते जैसे छेदवाले घड़े में भरा पानी।

८२. सत्य, ब्रह्मचर्य, परोपकार ये तीनों परमेश्वर के पास ले जानेवाले साधन हैं। सत्य ही रथ है, ब्रह्मचर्य ही सारथि, है परोपकार ही अश्व है।

८३. आहार की परिशुद्धि के विना ब्रह्मचर्य का पालन करना सर्वथा असंभव है।

८४. दुनियाँ में सत्य बचा नहीं है। यहाँ पर सत्य का कोई मूल्य ही नहीं।

८५. गुरु लोगों को यह मंत्र अच्छी तरह समझना चाहिए कि शिष्य सेवा ही ईश्वर सेवा है।

८६. मिल्लत न हो तो कोई कार्य नहीं चलेगा।

८७. ढ्रोंगी गुरु को छोड़ो।

८८. एक मनुष्य दूसरे का कुछ नहीं बिगाड़ सकेगा। परमेश्वर की कृपा छूट गयी तो कोई उसकी रक्षा नहीं कर सकता।

८९. गुरु से बडा कोई नहीं है, सद्गुरु से बडा तो कोई है ही नहीं।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

९०. आजकल के गुरुजन जितना पाप कार्य कर रहे हैं, उतना और कोई नहीं कर रहा है।

९१. स्त्री का नाम सुनते ही मुँह खोलकर खडा हो जाता है गुरुवर्ग।

९२. मानव के ईर्ष्या की एवं अहंकार की भी कोई सीमा नहीं है।

भक्ति संवाद

९३. मैं इस दुनियाँ में अपने जीवन को पामर जैंसे कभी नही बिताऊँगा। मुझे अपने जन्म और मृत्यु को सार्थक बनाना चाहिए। मुझे परमात्मा पर विश्वास रखकर इस जन्म-मरण-वंधन को तोड़ फेंकना चाहिए।

९४. अगर मैं निर्दोषी बनने पर तुम प्रसन्न होगे, मैं निर्दोषी नहीं बना, तुम प्रसन्न नहीं हुए।

९५. शिव शिव! कहाँ हो? चुप क्यों हो? हे नाथ, सचमुच मैं बड़ा दुखी हूँ क्या आपको मालूम नहीं हैं कि मैं दुःख सागर में डूबा हुआ हूँ। मैं कायर होकर कैसे जीवन बिताऊँ? शंकर! परमाराध्य पिता! कहाँ हो? नाथ! कहाँ प्रभो! कहाँ हो? सांत्वना दो। शंकर! पिता कहाँ हो प्रभो! कहाँ हो? भिक्षा देकर सांत्वना दो। शंकर! पिता! कहाँ हो? आओ, क्यों मुझसे इतने निष्ठुर बने रहो? अपराधों की गिनती कहाँ तक सही है यदि मुझे दंड देना हो तो मुझे मार डालो। यह जीवन मृत्यु अब मुझे सह्य नहीं।

९६. हे जगदीश! पार करो इस भवसागर को। हाय! पिता हे देव, क्या मेरी पुकार तुम्हें सुनायी नहीं दे रही है?

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

९७. मुझे इस परीक्षा से ऊपर उठाना तुम्हारे वश में है। यदि मैं अनुत्तीर्ण हो गया तो यह तुम्हारी वेइज्जती है। जब मैं अपना सब कुछ तुम्हें समर्पण कर चुका हूँ तव अयोग्य समझ कर छोड़ देना कहाँ तक उचित होगा? यदि छोड़ा गया तो तुम्हारी शरण नाम की उपाधि निरर्थक हो जाएगी न? अहा! मै धन्य हो गया; ईश्वर का कृपा पात्र वन गया।

९८. यदि तुम्हारा नामोच्चारण मेरी जीभ पर सदा नाचता रहेगा तो मैं नरक में भी पुण्यात्मा होकर ही रहूँगा।

९९. जव तक विपत्ति सामने नहीं आती तव तक कोई भी प्राणी, रक्षक की अपेक्षा नहीं करता और उसका स्मरण तक नहीं करता हे । परमात्मा! तुम ही इस दुनियाँ के रक्षक हो। हे देव सारी दुनियाँ के लोग तभी तुम्हारा स्मरण करते हैं जव विपत्तियाँ लोगों को घेर लेती हैं।

१००. तुम्हारी विपत्तियों का ढेर ही तुम्हारे भक्त जानों के लिए दिव्यानुग्रह है।

१०१. विपत्ति ही तुम्हारे भक्तों की संपत्ति है। क्योंकि लौकिक संपत्ति से लौकिक पुरुष जैसे अपनी उन्नति कर सकता है वैसे ही तुम्हारा भक्त भी विपत्ति से उन्नति के शिखर पर चढ़ सकता है।

१०२. परमात्मा के निवास से जव भक्त का आनन्द रूपी अमृत रस बहने लगता है तव उसका हृदय पूर्ण रूप से शांत हो जाता है उसकी सारी वासनाएँ नष्ट होकर निष्कल्मष हो जाती हैं। उस वाह्य परिस्थिति का वर्णन यह काली मुँहवाली लेखनी क्या कर सकेगी?

१०३. तुम जिसके पक्ष में रहोगे वह लोक दृष्टि में कैसे अकेला? उसे पराजित करना सारी दुनियाँ से भी संभव नहीं है।

१०४. जो तुम सर्वज्ञ हो तो तुम से विनती करना तुम्हारे स्वरूप का ही अपमान करना सावित होगा।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

१०५. हे जगदीश्वर! मुझमें जो दोष हैं, वे मुझे अच्छी तरह मालूम है। उन्हें दूर करना तुम्हारे वश में है।

१०६. हे जगदीश! तुम मुझे कब देखोगे? जल्दी आओ। क्या इस पुत्र की उत्कट इच्छा तुम्हें मालूम नहीं है? आओ, जल्दी आओ, आओ, आओ।

१०७. हे जगदीश्वर! मैं और किसी पर विश्वास नहीं रखता। मुझें तुम ही एकमात्र सहारा हो। मैं निष्कपट होकर तुम्हारी शरण में आया हूँ। मेरे पाप और पुण्य दोनों तुम्हारे ही हैं

१०८. हे जगदीश्वर! बस करो इस भव को। हाय पिता! रोने को मुँह तक नहीं है। हे देव! क्या मेरी पुकार तुम्हें सुनायी नहीं दे रही है? हाय! नाथ! रक्षा करो। शिव शिव!

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

बधाइयाँ

जिन्होंने बचपन से ही हमारा हाथ पकड़ कर, आगे बढ़ना सिखाया तथा अपने जीवन की गति को ही एकदम बदल डाला ऐसे महान् आध्यात्मिक पिता परमपूज्य श्री तरलबालु जगद्गुरु श्री शिवकुमार शिवाचार्य महास्वामीजी को सर्वप्रथम हम अपना भक्तिपूर्ण प्रणाम समर्पित करना चाहते हैं।

इस पुस्तक के मुख पृष्ठपर दिखाई देने वाले संयुक्त दिनचरियों के चित्र मूल दिनचरियों के यथारूप हैं। इसे हमारे निर्देशानुसार अपना मनपसंद परिवर्तन करके भक्तिभाव से लिखा गया चित्रकलाकार श्री एल. सीताराम जी को एवं पुस्तक के शीर्षक और ग्रंथकर्ता के नाम को खूब सुन्दर ढंग से लिख के दिये कलाकार श्री कमलाशंकरजी को अनेक आशीष।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

।। शिव ।।

ओ मेरा अंतरात्म!

श्री तरळबाळु जगद्गुरु
श्री शिवकुमार शिवाचार्य महास्वामीजी

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

१

परिताप-पुकार

हे अपनी अंतरात्मा! इधर तनिक भी दया नहीं है तुम्हें? हे प्रेम की माता ! अपने में जो दोष हैं उन्हें मैं अच्छी तरह पहचानता हूँ। मैं उसके कारण ही इस दुःख़ को भोग कर रहा हूँ। तुम इसे भली प्रकार जानते हो कि मैं उसके लिए बहुत कुछ पछता भी रहा हूँ।

भगवान, तुम्हारे दर्शन के बिना निष्काम बनना असंभव है। ईश्वरः सर्वभूतानां हृद्देशेऽर्जुन! तिष्ठति इस प्रकार गीता संदेश सुना रही है। क्या हृदय को चीर कर देखूँ? अज्ञानी! हे भगवान् तुम दया करो, दर्शन दो। हृदय तपकर गरम होगया है। कम से कम इस जन्म में ही सही, तुम अपना परिचय मुझसे कराने की कृपा करो भगवान! मैने अनंत जीवराशियों के बीच जन्म लिया है। अब तो रहम कर, रक्षा करो।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

यह सच है कि अपने हृदयांतर का परिताप सहनातीत हो गया है। इसका जिम्मेदार कौन है? अज्ञान ही अपना बहुत बड़ा शत्रु बन बैठा है। इस शत्रु को मार भगाने में मददगार बनो। वह अपनी सारी संपत्ति को लूटने आया है।

भगवान्, क्या तुम्हें मेरा करुणाजन्य आक्रंदन अब भी सुनाई नहीं दे रहा है? हाँ, मुझे मालूम हो गया कि तुम मुझे यही समझ, उपेक्षा कर रहे हो। भगवान्! यह सच है कि मैं पापी ही क्यों? महापातकी हूँ। मै बड़ा अपराधी हूँ। अपने में जो दुर्गुण हैं, वे मुझे पीछे ढकेल रहे हैं। मैं इसकेलिए पछता रहा हूँ।

इस पर तुम्हारी मर्जी हो सके तो कृपा करो; नहीं तो आगे जो होनेवाला है वह होकर ही रहेगा। पहले के कर्मानुसार जो वासनाएँ जमकर पक्की बन गयी हैं उनकेलिए अब पछताने से क्या फायदा? इस पर तुम जो समझो करो। "न खलु परतंत्रः प्रभुधियः" प्रभु का चित्त पराधीन नहीं है न! यदि तुम्हारे दर्शन न होंगे और शांति न मिलेगी, तो इसमें कोई शक नहीं है कि मैं जरूर पागल हो जाऊँगा।

रे मन! इस नास्तिक विचार श्रृंखला को मत पकड़ो कि ईश्वर नहीं हैं। ईश्वर के अस्तित्व केलिए प्रमाण है जैसे (१) यह जग; (२) रामकृष्ण परमहंस (३) वेद, ये तीनों प्रबल प्रमाण हैं।

मैं थक गया हूँ अब बस करो। अपना अंतरंग बहुत क्षुब्ध हो उठा है। मैं व्यर्थ ही बर्बाद हो गया - व्यर्थ ही बर्बाद! दुर्बुद्धि से ईश्वर को भूल बैठा।

मैं पहले यह नहीं जानता था कि आपके दर्शन के लिए क्या करना चाहिए? कम से कम उसे तो बतला दो। मैं जहाँ तक समझता हूँ कि जिस रास्ते को अपनाकर तुम्हारे पास पहुँचने के लिए चल पड़ा हूँ वही रास्ता सुगम है। इस रास्ते पर चलते-चलते बहुत दिन गुजर गये। कोई प्रयोजन नहीं है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

थक कर शक्ति ही खो बैठा हूँ। ऐसी बात भी तो नहीं, तुम मिले भी, नहीं मिले भी, हे महादेव! मेरी मन की कामना पूर्ण करो।

२६-४-१९३७

अपने मन में दिखायी देनेवाले कृत्याकृत्यों को विना छिपाये साफ साफ तुम्हारे सामने निवेदन कर देना अपना कर्तव्य है। हे मेरे पिता! तुम से यदि कपटाचरण करूँ तो क्या वह तुम से छिपा रह सकेगा? इसलिए अपने हृदय में जो गुणावगुण हैं, उन सबको तुम्हारे सामने रखकर क्षमा माँगने के अलावा, अपने दुर्गुणों का विनाश कर सद्-बुद्धि प्रदान करने की प्रार्थना तुमसे दिन रात किया करूँगा।

महादेव! मन को, विषयांतर्गत सुखों को दुःख बतलाने पर भी न जाने पुरातन संस्कार के कारण या वर्तमान संग दोष के कारण अथवा आहार दोष के कारण, अथवा अपने नरक सूचक दुर्भाग्य के कारण समझ नहीं पा रहा हूँ। विषय की सामग्री आँखों के सामने आते ही उसे पाप न समझ कर, विष न जानकर अपनाए जा रहा हूँ। आत्मन्! तुम्हारी योग्यता का अपमान देखकर भी उसका प्रतीकार न करके अपनी व्यथा बहुत बढ़ गयी है।

मैं तो! वैविध्यमय विचारों से तड़प रहा हूँ कि आज नहीं तो कल, कल नहीं तो परसों यह मन ठीक रास्ते पर आयेगा। लेकिन हे भगवान्; मालूम हो रहा है कि तुम मुझे भूल बैठे हो। अपना मन तो विषय सामग्रियों से मिलकर खुशियाँ मनाने में तत्पर है। हे सर्वज्ञ! तुम्हारे सामने अपने दुखड़े को रोने से तुम्हारे सर्वज्ञत्व के लिए च्युति अवश्य हो जाएगी। हे महादेव! मैं इस डर से आंतरिक दुःख का शिकार बनकर कमजोर हो गया हूँ। अपने मन रूपी बंदर को भक्ति नाम के खूँटे से बांधकर स्थिर कर दो दयानिधे! कई बार दुत्कारा भी। लेकिन बहुत कुछ करने पर भी विषयों में जो सुख बुद्धि थी, वह नष्ट न हो

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

पायी। दिन रात यही चिंता मुझे सता रही है। कालज्ञ जो तुम हो, तुम्हीं उचितानुचित करनेवाले हो।

मुझे इस दुनिया में सुख दिखायी नहीं दे रहा है। सुख पाना अपने बस संकल्प में ही रह गया है। संकल्प मात्र से भी सुख पाने लायक मैं नहीं रहा हूँ। इस शरीर को यदि इसलिए छोड़ दूँ कि इस में सुख नहीं है, अगले शरीर में भी सुख नही मिल सकेगा। क्योंकि शरीर के परिवर्तन मात्र से कुछ होता नहीं है। वहाँ पर भी वही जीवात्मा रहता है। सुख के लिए बाहरी वस्तुओं का संग्रह करना मूर्खता का काम होगा। सुख वस्तुओं के संग्रह में नहीं है। बडी जिगुप्सा से शरीर त्याग करने पर भी सुख नहीं मिल पायेगा। सुख जो है वह आत्मानुग्रह से, आत्मा से ही आत्मा में ही मिलनेवाली वस्तु है। हे परमात्मन्! अपनी अधोमुख प्रवृत्ति के प्रयत्न को अंतर्मुख करके रक्षा करो। आज अपना दुःख सीमातीत होगया है। इस दुःख को तुम्हारे सिवाय और कोई दूर नहीं कर सकता। यह तुम्हें मालूम ही है कि अपने हृदय की आज की परिस्थिति अज्ञान जन्य है। हे भगवान् मुझे पूरा पूरा विश्वास हो गया है कि मैं पूर्ण रूप से पराधीन हूँ। अपनी इस नीच बुद्धि का यदि क्रमशः नाश न होगा तो अधःपतन निश्चित है। हे परमपिता! इस अनाथ पर दयाकरके रक्षा करना तुम्हारा कर्तव्य है। अज्ञान के मारे अपरिमित दुःख सहने की शक्ति मुझमें नहीं है। करूँ क्या? दुर्भाग्य, कर्मविपाक। पहले जो कुछ किया गया, अब भविष्य में भी ऐसा न होने पाये। इसलिए मुझे जागृत रख कर रक्षा करने की कृपा करना तुम्हारे वश में है। हे प्रेमाधार! अकारण वत्सल! दीनबंधो! प्राणनाथ! मैं तुम्हें किन शब्दों से संबोधित करूँ? इस मूर्ख बेचारे दीन पुत्र की रक्षा कर सत्पथ पर ले जाना तुम्हारी जिम्मेदारी है। अपने अंतरंग की सारी परिस्थितियों को तो तुम जानते ही हो।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

परिताप- हम्बल

बीच पानी में हाथ छोड़ दिया!
मैं अतिदीन हूँ हे जगदीश!
चाल चलन का मोल कहाँ इस जग में?
बीच पानी में हाथ छोड़ दिया।

क्या लिखूँ ? मन को कुछ नहीं सूझ रहा है। हे शिव ! मुझे मत भूलो यह विनम्र प्रार्थना है। जो सहनशील है, वही सार्थक जीवन बिता सकता है। दुर्बुद्धि की दवा क्या है? ज्ञान, धैर्य ही दवा हैं। जगदीश्वर ही दवा है।

२९-४-३७

हे दयानिधे ! विषयों में सुख पाने की जो बुद्धि है वह अब तक दूर नहीं हुई। उसके लिए मन कई प्रकार से छटपटाता है, तुम से माँग माँग कर मन ऊब उठा। इस पर मैं कब तक कितनी प्रार्थना करूँ ? मुझे अब तक एक भयंकर विपत्ति का सामना करना पड़ा है। इसे तुम्हारे सिवाय और कोई दूर नहीं कर सकता।

मनुष्य के उद्धार और विनाश केलिए मन ही कारण है। अपने मन को पवित्र करके रक्षा करना तुम्हारा जिम्मा है। अपने मन विषयों में प्रवृत्त होना ही मेरे लिए महान् विपत्ति है। बस इसको दूर करने के सिवाय मुझे और कुछ नहीं चाहिए। तुम सर्वज्ञ हो, तुम्हारे लिए मैं और क्या कहूँ?

ईश्वर की भक्ति किस प्रकार हो? भक्ति का माने अखंड, अछेद्य, व्यापक विश्वास है। यदि इस विश्वास को भगवान् में रखा जाय तो सर्वत्र भगवान् के दर्शनानुभव हो सकता है। उसके बाद परमात्मा को देखकर मन विकृत नहीं होता। सच्ची शांति को वह प्राप्त कर लेता है।

ईश्वर पर अखंड विश्वास रखना ही भक्ति मार्ग है। ईश्वर में भक्ति रखनेवाला भक्त कभी पापाचरण नहीं कर सकेगा। यदि भक्त से पापाचरण हो

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

तो वह कभी भक्त नही कहलाएगा। ईश्वर है, ईश्वर का स्वरूप अमुक प्रकार का है, ईश्वर यहाँ पर है। इस प्रकार का ज्ञान हो जाने पर, और किस वस्तु के संग्रह के लिए पापाचरण किया जाय? पाप कृत्य तभी बंद होंगे जव ईश्वर पर विश्वास दृढ होगा।

इस बात का ज्ञान तो जरूर है कि ईश्वर है! दिन रात विविध प्रकार से ईश्वर का ध्यान करते हैं। फिर भी पापकृत्य नहीं रुकते। कारण क्या है ?

इस बात का ज्ञान तो अवश्य है कि ईश्वर पर विश्वास है, ईश्वर तो अवश्य है। ईश्वर की सेवा भी करते हैं, फिर भी तो पापाचरण हम से नहीं होना चाहिए वे हो रहे हैं। क्यों? हमारा ईश्वरीय विश्वास विलकुल दृढ नहीं है। यदि सुदृढ होता तो पापाचरण होने की संभावना ही नहीं रहती। पूरे चौवीस घंटे ईश्वर की सेवा करने पर भी मन विलकुल पाताल तक नीचे गिर गया है ऐसी हालत में ईश्वर का क्या दोष है?

इसमें कोई शक नहीं है कि तुममें ईश्वरीय विश्वास परिपूर्ण अवस्था तक न पहुँच पाया है। चौबीसों घंटे ईश्वरीय सेवा तो यथा प्रकार चलती ही रहती है, इसलिए सूक्ष्म रूप से आत्म परिशोधन कर लो। सूक्ष्म रूप से चिंतन करने पर वह दोष देखने में आएगा। उस दोष को धैर्य से उखाड़ फेंको, फल अवश्य हासिल होगा।

रे मन! अपने निजस्वरूप में आओ। विषय विष हैं, विश्वास मत करो। तुम धोखा खा गये हो। पीछे से उनपर बहुत पछताना होगा। इस वात पर पूरा विश्वास कर लो कि वाहर कोई सुख नहीं है। इसमें कोई संशय नहीं है कि तुम्हारी हालत बहुत चिंताजनक है। तुम यदि जल्दी से न सुधरोगे तो तुम्हारा अधःपतन स्वतः सिद्ध है। अपने हितोपदेश को थोड़ा बहुत सुन लो। व्यर्थ वर्वाद मत हो। बहुत कुछ कह चुका हूँ। अब भी तो न छोड़ोगे?

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

छिः! पापी! इसमें कोई शक नहीं है कि तुमने पिछले जन्म में घोर रोमांचक पाप किया है।इसीलिए उसके परिणाम स्वरूप ही आज ऐसी परिस्थिति हुई है। इतना जगाने पर भी जागते नहीं हो, विष को ही अमृत समझनेवाली तुम्हारी मूढ बुद्धि को मैं क्या कहूँ ?

महादेव! मेरे पुराकृत कर्म जरूर बलवत्तर हैं। मैं अपराधी हूँ, लज्जा बलवती है। मैं तुम्हारी कृपा के बिना इस विपत्ति से पार नहीं हो सकता। अनाथ हो गया हूँ। हे देव मेरी रक्षा करो! हाय! भगवान! मुझे क्यों यह दुरवस्था आ घेरी! महादेव! अपराध, महापराध। मुझे क्षमा कर मेरी रक्षा करो।

विषयानल मुझे जला रहा है। यह विषय मारुत मुझे ढोकर ले जाएगा और पाप कूप में ढकेल देगा। विषय का शैतान मुझे लुका छिपाकर पाप की ओर खींच ले जा रहा है। हे देव! सर्वथा तुम्हीं मेरे रक्षक हो। हे देव! यह कहा नहीं जा सकता कि कब क्या होगा? दया करो। दर्शन दो। मुझसे सन्निहित रहो। बस हो गया। अपनी यह बुरी हालत कर्मफल का ही परिणाम है। मौन होकर रहना ही अच्छा है। जितना भी बको फल क्या है? हमने जो पाया है उसे भोगकर चुकाना ही होगा।

देव महादेव--- शिव शिव शिव शिव शिव
शिवधो। शिवधो। शिवधो। शिवधो।
शिवधो। शिवधो। शिवधो। शिवधो।
रक्षा करो। रक्षा करो। रक्षा करो। रक्षा करो।
रक्षा करो। रक्षा करो। रक्षा करो। रक्षा करो।
रक्षा करो। रक्षा करो। रक्षा करो। रक्षा करो।
रक्षा करो। रक्षा करो। रक्षा करो। रक्षा करो।

मुझे सही रास्ता दिखा दो, मुझे सत्पथ पर ले जाओ। अब काफी हो गया। हे नाथ! फिर कभी इस भव में न आना चाहूँगा! महादेव तुम्हारे

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

आदेशानुसार चलने तैयार होते हुए भी अव मुझमें शक्ति कम है। क्षमा करके रक्षा करो।

हे वृथा धूम मचानेवाले तुम मन से रोया करो, भगवान् अवश्य मिलेगा।

भयंकर रोक टोक है। रामकृष्ण परमहंस जी रक्षा कीजिए। रक्षा कीजिए। रक्षा कीजिए। रक्षा कीजिए। रक्षा कीजिए। रक्षा कीजिए।

महादेव! इतने दिनों तक व्यर्थ पाप चिंतनों में, दुष्ट चस्कों में और दूसरों की निंदा में तुमको भूलकर समय गँवाया। चाहे जितना भी परिताप क्यों न करूँ, गुजरा समय लौटकर आ नहीं सकता। इसलिए अपना मन अधिक दुःखी है; यह सर्वज्ञ तुम जानते ही हो। अब भी मुझपर कृपा करोगे तो मैं सुखी जीवन बिता सकूँगा। हे सर्वज्ञ! तुम से क्या छिपाया जा सकता है? तुम से मैं क्या कहूँ? मेरी पाप प्रवृत्ति तो बेहद बढ़ गई है यह भी तुम्हे मालूम ही है। अनाथ नाथ अशरण शरण! दीनदयालो! परित्राहि मां करुणासिंधो! रक्षा करो, हे जगद्गुरु! हे शंकर। रक्षा करो।

मन की निश्चलता, गांभीर्य और निरंतर तुम्हारे ध्यान निष्ठा प्राप्त करने की शक्ति प्रदान कर इस याचक के मनोरथ को पूरा करो। यद्यपि मैं तुम्हारा कृपापात्र न हूँ तो भी इस जगत् में प्रसिद्ध है कि तुम अनाथनाथ हो और पात्रापात्र विचार किये बिना कृपा करते हो । इस पापी के पापों की कोई गिनती ही नहीं। इस नीच का जो दुरहंभाव है, वह अधःपतन का मूल कारण बना है।

मार्ग दिखला कर इस अंधे पर कृपा करो। अगाध करुणासागर! तुम्हारे पदपंकजों में गिर कर लोट रहा हूँ। मैं तुमसे कुछ भी नहीं माँगूँगा, तुम्हारा ध्यान ही मेरे लिए चिंतामणि है।

मेरा पालन करना तुम्हारा संकल्प है। तुम्हारे स्थान की इज्जत बनाये रखनेवाले तुम्हीं हो! सब कुछ तुम्हारा ही है! हे गुरो हे गुरो! शिवनंजुंडेश्वर!।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

परिताप- हम्बल

मुझे कुछ नहीं सूझ रहा है। दुनिया मेरेलिए विपरीत दीख रही है।

गुरुशंभुलिंग! रक्षा करो! करुणामूर्ति! पादपद्मों में प्रणाम, रक्षा करो करुणामूर्ति! ईश्वर रक्षा करता है। जगदीश्वर मुझे मत भूलो।

कार्पण्यदोषोऽपहतः स्वभावः
पृच्छामि त्वां धर्मसम्मूढचेताः।
यच्छ्रेयः स्यान्निश्चितं ब्रूहि तन्मे
शिष्यस्तेऽहं शाधि मां त्वां प्रपन्नम्[1]॥

सर्वज्ञस्त्वं निरवधिकृपासागरः पूर्णशक्तिः
कस्मादेनं न गणयसि ममापदब्धौ निमग्नम्।
एकं पापात्मकमपि रुजा सर्वतोऽत्यंतदीनं
जंतुं यद्युद्धरसि शिवकस्तावतातिप्रसंगः[2]॥

क्षंतव्यं वा निखिलमपि मे भूतभाविव्यलीकम्
दुर्व्यापारश्रवणमथवा शिक्षणीयं मनो मे।
नत्वे वार्त्यां निरतिशयया त्वत्पदाब्जप्रपन्नम्
त्वद्भिन्यस्ताखिलभरममुं युक्तमीश प्रहातुम्॥[3]

---

1 कार्पण्य दोषों से घबरा चुका हूँ-
धर्माधर्म के ज्ञान के बिना दिङमूढ बन गया हूँ।
बस मैं तुम से यही पूछता हूँ
मैं तुम्हारा शिष्य हूँ; शरण में हूँ, समझाओ॥ - भगवद्गीता २.७

2 तु सर्वज्ञ, सर्वशक्त हो, तुम्हारे कृपा सागर की न कोई परिधि,
फिर भी विपत्ति के सागर में डूबे मुझे
तुम परवाह क्यों नहीं करते ?
पापी होने पर भी सब तरह से अति दीन इस बिचारे का
हे शिव! उद्धार करोगे तो, इसमें तुम्हारा अधिक प्रसंग ही क्या है? - श्रीमृत्युंजय स्तोत्र

3 क्षमा करो अपने आगे पीछे के सारे पापों को
नहीं तो इस दुर्व्यसनी अपने मन को दंड दो,
निरतिशय विनय से तुम्हारे चरण कमलों में

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

प्रभो! शंभो! दीनं विहितशरणं त्वच्चरणयोः
भवारण्यादस्मात् विषमविषयाशी विषवृतात्।
समुद्धृत्य श्रद्धाविधुरमपि बद्धादरकरं
दया दृष्ट्या पश्यन् निजतनयमात्मीकुरु शिव॥[4]

मत्समः पातकी नास्ति पापघ्नी त्वत्समो नहि।
एवां ज्ञात्वा महादेवि यथायोग्यं तथा कुरु॥[5]

पृथिव्यां पुत्रास्ते जननि बहवः संति सरलाः
अहं तेषां मध्ये विरलतरलोऽयं तव सुतः।
मदीयोऽयं त्यागः समुचितमिदं नो तव शिवे।
कुपुत्रा जायन्ते क्वचिदपि कुमाता न भवति॥[6]
अपराधपरम्परावृतं नहि माता समुपेक्षते सुतं।

. सब कुछ समर्पण करके; शरण में आये को दण्ड देना कहाँ तक सही है-शिव शिव।

4 हे प्रभु- हे शंभो- मैं दीन तुम्हारे चरण युगलों की शरण में आया हूँ
श्रद्धाशून्य भले ही हो सादर कर जोड़े मुझे
विषम विषय खिलाने वाले उस भवारण्य के विषवर्तुल से
दयार्द्र दृष्टि से देख- ऊपर उठाकर अपन सगा पुत्र समझो-रक्षा करो हे शिव।

5 मुझ बराबर पातकी न और कोई
तुझ बराबर पापहर न ही और कोई
इस भांति जान, हे महादेव की राणी
वही मुझे दो माँ, जो मुझे योग्य हो। - देव्यपराध क्षमापन स्तोत्र श्लोक 12

6 माँ! हैं तुम्हारे लाल इस लोक में बहुसंख्यक,
उन में से अतिविरलतर हूँ मैं, तुम्हारा बेटा।
मेरी इस तरह उपेक्षा करना तुम्हारे लिए कहाँ तक उचित होगा हे देवि-
बुरे पुत्र भले ही जन्म लें, बुरी माता तो कहीं देखने में नहीं आती। - देव्यपराधक्षमापनस्तोत्रम्।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri


August 7th Saturday 1937 219
ಆಗಸ್ಟ್ ೭ನೇ ಶನಿವಾರ ೧೯೩೭
26.8.37
ಶ್ರಾವಣಶನಿವಾರಂ

अपने प्राण त्याग के पर्यंत मैं कायर बन कर जीना पसंद नहीं करूँगा। चाहे कष्टों की परंपरा ही क्यों न आ धमके, दुःखी होकर भी आगे

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

वढ़कर कर्मवीर हो यहीं अपना जीवन समाप्त करना है। यह सत्य है सत्य, सत्य, सत्य। तुम पर विश्वास रखनेवाले इस विचारों से कभी हाथ न झटकाओ। गिड़गिड़ाकर प्रार्थना करता हूँ। शिव शिव।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

२

विचार-विश्वास

२५-४-१९३७

अपने मन से जो डरता है उसका शीघ्रातिशीघ्र उद्धार होगा। मानव को सबसे पहले अपने दोषों को ढूँढना चाहिए।

विचारों में ही अभ्युदय है। विचार के अनुसार ही मन तैयार हो जाता है। विचार मन के अधीन में है। बुद्धि मन का सहायक है। जैसे जैसे उत्तम विचार प्रकट होते जाएँगे वैसे वैसे बुद्धि भी पवित्र होती जाएगी। बुद्धि की पवित्रता ही मन की स्थिरता का कारण है।

मन के निग्रह के लिए बुद्धि का स्थैर्य आवश्यक है। बुद्धि के स्थैर्य के लिए विचार की आवश्यकता है। जो मन को स्थिर न कर सकेगा - उसके लिए अखंड साम्राज्य पाने पर भी कोई सुख न मिल सकेगा। इसलिए गीता के उपदेशानुसार "यतो यतो निश्चरति मनश्चंचलमस्थिरम्। ततस्ततो नियम्यैतदात्मन्येव वशं नयेत्।" (श्रीमद् भगवद्गीता ६, २६) चलना चाहिए।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

ऊपर का श्लोक बताता है कि सुख आत्मा में ही है । इसलिए आत्मा ही सुख का आधारभूत है । सुख चाहनेवाले को आत्मा का आश्रय लेना होगा । "आत्मन्येव" शब्द यह सूचित करता है कि अनात्मजन्य सुख सुख नहीं है, अपि तु दुःख ही है ।

मानव का सुख मन की स्थिरता पर निर्भर है। सबसे पहले यह साक्षात्कार कर लेना चाहिए कि इस दुनिया में जो वस्तुएँ दिखायी दे रही हैं उनमें से किसी में सुख नहीं है । उसके बाद वैराग्य उत्पन्न होता है। अनादि काल से मानव का विचार प्रवाह सुखान्वेषण के पीछे पड़ा है। इस जगत के वस्तुओं में सुख नहीं है – यह जानने पर भी मनुष्य की सुखापेक्षा बंद नहीं हो पाती। इसके बाद ही उसे सुख के रहस्य का पता लगता है। वैराग्य ही सुख का सहायक है। विचार का प्रवाह अंतर्मुख होकर सुखस्वरूप जो आत्मा है उसमें विश्राम पाता है। आत्माभिमुखी विचार क्रांति ही मानव को अपरिमित आनंद की प्रदायिका है। इसलिए दुनिया की वस्तुओं में जो सुखबुद्धि है उसे वहाँ से हटाकर, मन को अंतर्मुखी करो जिससे शीघ्र ही सुख का पता लग जाएगा।

विचार क्रांति कब शांत होगी? जिस दिन आत्मा का परिज्ञान होगा उसी दिन। पवित्र विचार को प्राप्त करने के लिए संग भी पवित्र होना चाहिए। संग कई प्रकार के होते हैं। जब वे सब पवित्र निकलेंगे तभी यह साध्य है। संग - भोजन, पोषाक, घर, गृहस्थी, मित्र, हवा, ग्रंथ, आँखों के सामने आनेवाली वस्तुएँ। ये सब ठीक रहने पर विचार क्रांति भी पवित्र होकर मन को स्थिर कर देती है। "स्वस्थे चित्ते बुद्धयः प्रस्फुरन्ति।"[2] इसके अनुसार चित्त के स्थिर होने पर विवेकबुद्धि स्फुरित होती है और कार्याकार्य का ज्ञान हो जाता है।

जो ईश्वर में भक्ति रखता है वह कभी पापकर्म नहीं करेगा। जो पापकर्म करेगा उसे कभी ईश्वर पर विश्वास नहीं रहेगा। जब विश्वास जम जायेगा तभी

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

मानव पापकृत्यों को करना छोड़ देगा। ईश्वर का ज्ञान होने पर पापकृत्यों में मन नहीं लगेगा। ऐसा कोई विषय नहीं है, जिसे ईश्वर न जानता हो। ईश्वरीय मार्ग पर चलनेवालों में यदि सूक्ष्मातिसूक्ष्म रूप से पाप विचार दिखायी दे तो हम जरूर कह सकते हैं कि उसमें ईश्वरीय विश्वास दृढ नहीं है। ईश्वर पर विश्वास जम गया तो स्थिर शांति अनुभव सिद्ध है। यदि सुख चाहते हो तो ईश्वर की शरण लो। सुख की लालच से बाहर इधर-उधर मत घूमा-फिरा करो।

ईश्वर कहाँ है? जो यह पूछता है वही स्वयं ईश्वर है। क्या तुम इसे नहीं जानते कि वह किस जगह पर रहता है? यदि यह सच हो तो सुनो - ईश्वर तुम्हारे हृदय में रहता है। वह ही सबकी प्रेरक शक्ति है। यदि तुम उसके विरह में छटपटा रहे हो तो वह भी तुम्हारे विरह में छटपटाता रहता है।

सुखोत्पादक वस्तुओं की लालच में पड़कर माँ से बिछुडा बछड़ा अपनी माँ को याद नहीं करता। जब तक उन वस्तुओं में सुख की भावना बनी रहेगी, तब तक माँ को याद नहीं करेगा। जब उसे पता चल जाता है कि उन वस्तुओं में कोई सुख नहीं है तभी वह यह सोचने लगेगा कि मैं यहाँ पर क्यों आया? तुरंत ही, अंबा! की पुकार लगाते हुए माँ की तरफ दौड़ने लगेगा। इस पुकार को माँ सुनते ही प्रतिपुकार लगाती हुई उसका अभिनंदन करेगी। यदि बछड़े की पुकार माँ को सुनाई देगी तो माँ क्षणमात्र भी अपनी जगह पर नहीं टिकती। अगर किसी कारण से माँ जल्दी न मिलेगी तो बछड़े की छटपटाहट बढ़ जाती है। छटपटाहट के बढ़ने पर कोई राही उसे माँ के पास पहुँचाने का प्रबंध करेगा।

रे मन! परमात्मा ही माँ है। जीवात्मा ही बछड़ा है। मोहक वस्तुओं की लालच में पड़कर जीवात्मा परमात्मा को भूल बैठा है। जब जीवात्मा को इस बात का पता लगेगा कि इस दुनिया में केवल लालच ही लालच है वास्तविक सुख नहीं

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

है तव वह उल्टा रोने लगेगा । यह रुलायी ऐसी हो जो माँ को सुनाई दे। रोना काफी है। सुनते ही माँ टिक न सकेगी। इसलिए हे अन्तरात्मा! तुम समझ लो इस दुनिया के पदार्थों में दिखायी देनेवाला जो सुख है, वह सुख नहीं है।

यह ज्ञान मोक्ष का मूल कारण वनता है । जो यह समझता है कि इसमें सुख है - यही बंधन का मूल कारण वनता है। यही शिवमंत्र का अर्थ भी है। इसका हमेशा मनन करना चाहिए। इससे ही नित्य सुख मिलता है। भरा घड़ा कभी नहीं छलकता। जीवात्मा जीवन्मुक्त हो जाने पर कभी दुःखी न होगा। जो नित्य शांत हो वही जीवन्मुक्त है। मोक्ष न तो किसी गाँव है, न किसी उपाधि है, न वह किसी फल है। मोक्ष तो आत्मा में मन की स्थिरता से उत्पन्न एक अलौकिक शांत भाव है।

पापकृत्य तो तभी बंद होंगे जव ईश्वर पर विश्वास जम जायेगा। यदि दुनिया को सुख चाहिए तो उसे ईश्वर पर पूरा भरोसा रखना चाहिए। जैसे जैसे ईश्वर में विश्वास बडता जायेगा वैसे वैसे उपद्रव बंद होते जाएँगे।

जो लोग कहेंगे कि "यह अपना भगवान् है; यह तुम्हारा भगवान् है" वे सव ईश्वरद्रोही हैं। ईश्वर एक ही है। ईश्वर में जो तर-तम का भाव करेगा वह ईश्वर का भक्त नहीं है। जैसे पानी नाम की एक ही वस्तु, देशकाल भाषाओं के वैविध्य से वाटर, पानी, ज़ल, सलिल आदि भिन्न-भिन्न शब्दों से पुकारी जाती है वैसे ही भगवान् नाम की एक ही वस्तु अल्लाह, गॉड, शिव, विष्णु, शक्ति, गणपति आदि आदि भिन्न-भिन्न नामों से संवोधित की जाती है।

जो भगवान् मंदिर में है वही मस्जिद में भी है। जो मस्जिद में है वही गिरजाघर में भी है। जिसे मंदिर में रहनेवाला भगवान् मस्जिद व गिरिजाघर में न दिखाई दे वह भक्त नहीं है। वह धर्मद्रोही है । हिंदू लोगों के भगवान् की मूर्तियों को नाश करनेवाला मुसल्मान मानों अपने 'अल्लाह' को ही मारता है। इसलिए वह अल्लाह का द्रोही बन जाता है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

बाह्य आकारों में भिन्नता होने पर भी सत्य एक ही है। सभी धर्मों में भगवान है। इस धर्म में भगवान् नहीं है - ऐसा सोचकर जो अन्य धर्म को स्वीकार करेगा; उससे उसकी अक्षम्य चंचलता अभिव्यक्त होती है और अज्ञान भी प्रकट होता है। चंचलता ही भगवान् से दूर करती है। अपने धर्म को छोडकर अन्य धर्म की ओर जानेवाला अज्ञानी है, चंचल भी। उसे भगवान् कभी न मिल पायेगा। केवल वाह्य ढोंगी प्रार्थनाओं से भगवान् प्रसन्न नहीं होता। उनकी प्रसन्नता मन की स्थिरता पर ही निर्भर है।

जिस समाज में परमत द्वेष जितना बढ़ गया है; समझो कि वह समाज उतना ही धर्म मार्ग से पिछड़ा हुआ है। अगर दुनिया को सुख चाहिए तो वह सिर्फ अध्यात्म विद्या से ही होगी। इस अध्यात्म विद्या का प्रचार करनेवाला कौन है? वे हैं धार्मिक गुरुजन! लेकिन अफसोस की बात यह है कि नाममात्र के गुरुजन जो हैं उनसे सारे लोक की हानि हो रही है। धर्मगुरुओं का संघटन होना चाहिए। सभी को अपने-अपने आचार्यों के संदेशों को दुनिया के सामने रखना चाहिए। जब तक समाज में गुरुजन अपनी अपनी जिम्मेदारी न निभायेंगे तब तक दुनिया में सुख नहीं है। सब से पहले धार्मिक गुरुजनों को सुसंग में रहकर विद्यार्जन करना चाहिए। बसवादि शिवशरणों के अनुसार, कथनी के अनुसार करनी भी होनी चाहिए।

आजकल पढ़े-लिखे लोगों से ही दुनिया की बड़ी हानि हो रही है। व्यावहारिक शिक्षा के साथ ही साथ आध्यात्मिक शिक्षा भी आवश्यक है। जबतक विचार क्रांति में परिवर्तन नहीं होगा तबतक इस जगत में सुख नहीं मिलेगा। सुख के लिए वाह्य वस्तुओं का संग्रह करनेवाला कभी सुखी नहीं होगा। अन्तःशक्ति का संचय करना चाहिए। अंतःशक्ति का मतलब है - आत्मबल और आत्मविश्वास।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

शिक्षा में परिवर्तन लाये बिना दुनिया को सुख नहीं मिलेगा। विद्यार्थियों को औद्योगिक, व्यावहारिक और आध्यात्मिक - इन तीनों प्रकारों की शिक्षा देनी चाहिए। जिस समाज में अच्छी माताएँ न हो वह समाज कभी प्रगति पथ पर नहीं जा सकता। समाज को सुधारने में माताओं की देन अनमोल हैं।

आदर्श के अनुसार चलनेवाला व्यक्ति अभ्युदय को प्राप्त कर सकता हैं। जो अपना अभ्युदय चाहता है उसे आदर्श का पालन करना चाहिए। जिस समाज के नेता लोग स्वार्थी, उदासीन, घूसखोर बने हुए हैं, वह समाज कभी प्रगति नहीं कर सकेगा।

दुनिया में शांति फैलाने का उत्तरदायित्व धार्मिक गुरुजनों पर है। जिस समाज के धार्मिक गुरुजन कर्तव्य भ्रष्ट होंगे वह समाज कभी प्रगति नहीं कर पाएगा।

जल्दबाजी से बड़ी हानि होती है। चुगलखोरी अनर्थ का मूल कारण है। कल्पना के आधार पर गलत अर्थ मत निकालो। ईश्वर को सदैव मत भूलो। दृढता जितनी पक्की होगी उतना ही सुख है। धैर्यं सर्वत्र साधनम्। सत्य के पक्षपाती को कभी भय नहीं है। "सत्यमेव जयते नानृतम्!"

हरेक स्त्री पुरुष को अपने-अपने कर्तव्यों को ठीक-ठीक समझकर उनका पालन करना चाहिए।

संयम में ही सुख है। इन्द्रियों का निग्रह करो। निग्रह जो है वह शत्रुओं के लिए किया जाता है। इससे क्या तुम नहीं समझ सकते कि इन्द्रिय भी शत्रु हैं? शत्रुवचनों के वश में होनेवाला व्यक्ति अविवेकी है। उसमें नैतिकता नहीं है।

जो आध्यात्मिक सार को नहीं चखेगा उसे सुख कभी नहीं मिलेगा। इस बात को पद-पद पर, पल-पल पर अनुभव पाने का दृढ विश्वास रखना चाहिए कि भगवान् अपने हृदय में है। भगवान् पर विश्वास किये बिना सुख कभी नहीं

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

मिलेगा। भगवान् पर विश्वास ही उन्नति मार्ग पर ले जायेगा। उन्नति का अर्थ यह नहीं है कि धन-कनक आदि संपत्तियों को इकट्ठा करना। उन्नति का मतलब यह भी नहीं है कि दुनिया की समस्त विद्याओं को करतलामलक कर लेना। उन्नति माने यह भी नहीं है कि जन मन पर जादू डालनेवाली मीठी बातों का भाषण देना। उन्नति का अर्थ यह है कि मन का स्थैर्य। उन्नति का अर्थ यह है कि ईश्वर पर अखंड विश्वास। मन आनंद से परिपूर्ण होकर लहलहराने लगे।

रे मन! मैं ने अहंकार में व्यर्थ ही तुम्हारे ऊपर भरोसा रखे धोखा खाया कि मुझे ईश्वर पर संपूर्ण विश्वास है। यदि तुम में ईश्वर पर विश्वास होता तो तुम कभी पापकृत्य नहीं करते। तुम से जो पाप कृत्य हो रहे हैं वे तुम्हें ईश्वर से दूर कर रहे हैं। विषयों से सुख पाने की तुम्हारी जो लालसा है; उसी ने तुम्हें पीछे की ओर ढकेल दिया है।

हे मेरे परमपिता! तुम अपने पुत्र का करुणाक्रंदन तो सुनो। तुम्हारे विरह से जो दुःख हो रहा है, उसका वर्णन तो मैं नहीं कर सकता। हे सर्वज्ञ! ऐसा कौन सा विषय है, जिसे तुम नहीं जानते? उचितानुचित का विचार तुम्हीं करो? आपकी सर्वज्ञता ने मुझे मूक बना दिया है। तुम्हारे शरण में आये हुए इस पुत्र की मनोविचार क्रांति को यहीं परिसमाप्त कर दो। तुझ से मेरी विनती यही है कि तुम पर मेरा अखण्ड विश्वास सदा बना रहे । मेरे मन का एक हिस्सा विषयों के वश में है और दूसरा हिस्सा तुम्हारे वश में है । इस लालच को दूर करके रक्षा करना तुम्हारे हाथ में है। मुझे इस बात का पूर्ण विश्वास हो गया है कि ईश्वर पर दृढ विश्वास रखना ही दुनिया की शांति का एकमात्र साधन है। मेरे हृदय के दुर्विचार और दुस्संगों को दूर करो। ऐसा करो कि मेरी कथनी और करनी में बिलकुल तालमेल हो जाये । हे पिता! बहुत दिनों से तुम्हारे विरह में मैं छटपटा रहा हूँ। हे सर्वज्ञ! मेरी इस तमन्ना को तुम जरूर जानते ही हो । इस को पूरा करने की क्षमता तुम्हारे अलावा और किसमें है!

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

नासमझ मूर्ख जैसे मौन रहना ही ज्ञानी का लक्षण है। जय शिव! मुझे सद्-बुद्धि प्रदान करना तुम्हारे वश में है।

जैसे अन्न वैसे गुण। यह निश्चय है कि जब मैं स्वतंत्र होकर सात्विक आहार सेवन करने लगूँगा तभी मैं स्थिर चित्त हो जाऊँगा। हे महादेव! मुझे पराधीनता से दूर करो। आहार के विषय में स्वतंत्र बना कर रक्षा करो। अपनी माँग और कुछ नहीं है। तुम सर्वज्ञ होने के नाते ऐसा कोई विषय नहीं हो सकता है जो तुम्हारी जानकारी में न हो । सही गलत का फैसला करना तुम्हारे वश की बात है। मेरे मन में तुम्हारे सर्वज्ञत्व की भावना जागृत होते ही अपनी वाक् शक्ति झुक जाती है। हे भगवान्! रक्षा करो।

न मानव जन्म पाना कोई कठिनाई की बात है, न मरना। लेकिन इन दोनों के बीच में अज्ञान में पडकर भव यातनाओं का अनुभव करना जो है वह नरकवास से भी ज्यादा भयानक है। कुत्ता, अपनी चाव से ही मल खाता है; वैसे ही अज्ञ जन विषयों को ईश्वर से अपने लिए दी गई भोग्य वस्तु समझकर भोगते हैं। कुत्ते को मल खाते हुए देखकर लोगों के मन में बहुत घृणा होती है। वैसे ही लोगों को विषयों में लिपटे हुए देखकर विचारशील पुरुष को बडी जिगुप्सा होती है।

अगर मन को निश्चल न किया जाय तो शांति को प्राप्त करना असंभव है। मन को अपने वश में रखना ही जितेंद्रियत्व है। जो मन के अधीन रहता है वह `भवि` (नास्तिक), अज्ञानी, बद्धजीवात्मा है। जो मन को अपने वश में रखता है वही ज्ञानी और जीवन्मुक्त है।

मन को निश्चल बनाने का क्या उपाय है? मन को हमेशा किसी न किसी काम में लगा देना चाहिए। जो लोग मन को अपने अधीन में नहीं रख सकते हैं उन्हें एकांत में न रहकर बड़ों की संगति में दिन रात रहना चाहिए। जो अपने मन को वश में रखते है उनके लिए एकांतवास सर्वोत्तम है। लेकिन जो अपने

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

मन के अधीन रहते हैं उनके लिए एकांतवास बड़ा हानिकारक है। मन को हमेशा अच्छे-अच्छे कामों में लगाना चाहिए। यदि कार्य वाहुल्य से ऊब उठा हो तो अपने को स्नान व व्यायाम में लगा देना चाहिए। प्रतिज्ञापूर्वक हर रोज कम से कम एक वार अपने इष्टदेव का जप करना चाहिए। साथ ही साथ यह समझलेना चाहिए कि भगवान् हमेशा अपने लिए सहारा वना हुआ है। भगवान् को अपना सब कुछ समर्पण कर देना चाहिए।

कहते हैं कि हम चाहें जितना भी भजन-कीर्तन करें भगवान् नहीं मिलेगा। जिस के हृदय में दुरहंकार भरा हुआ हो कि मैं भगवान् को भजनेवाला भक्त हूँ, भगवान् उसमें कैसे वस सकता है? जवतक उसके हृदय से यह दुरहंकार मिट नहीं जाएगा तव तक उसे भगवान् का दर्शन पाना दुर्लभ है। निरहंकारी यह कभी नहीं कहेगा "जितना भी भजन करो भगवान् का दर्शन नहीं मिल पायेगा"।

बच्चे को खिलौना मिलने पर माता को भूल वैठना सहज ही है। वैसे ही जीवात्मा भोग्यवस्तुओं को पाकर भगवान् को भूल जाना सहज है।

रे मन! तुम इधर-उधर चारों ओर मत घूमा-फिरा करो। जहाँ कहीं भी जाओ वह एक ही वस्तु दिखायी देगी। लेकिन तुम्हारी चंचलता कई वस्तुओं को दिखलाती है।

लोगों की निन्दा से मत डरो। अगर अपना स्वार्थ सिद्ध न हो तो लोग निंदा करते हैं। हाथ लगे तो प्रशंसा करते हैं। न तो उनकी प्रशंसा का कोई मूल्य है न निन्दा का।

तुम जो देश सेवा कर रहे हो उसे तुम करते जाओ। दूसरों के कहने पर सेवा करनेवाला भला क्या करेगा? जो काम अपने हृदय में उत्पन्न कर्तव्य की भावना से होता है और वह काम जो दूसरों के कहने पर होता है इन दोनों में

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

बडा फर्क है। सिर्फ कहनेवाले से कुछ नहीं होगा। वह इसलिए दूसरों से कहता है कि वह स्वयं उस काम को करने में सर्वथा असमर्थ है। लेकिन जो दुरहंकार से परिपूर्ण और अनात्मज्ञ है, उसे अपना दौर्वल्य समझ में नहीं आता।

तुम जितना हो सकें उतना तन-मन-धन से देश की सेवा करो। निंदक तबतक तुम्हारी निंदा करेंगे जबतक तुम रहोगे।आखिर में वे चुप हो जायेंगे। कुत्ते डरनेवालों को देखकर बहुत भौंकते हैं। लेकिन हाथ में लाठी हो तो नौ दो ग्यारह हो जाते हैं ।

देश सेवा करने वालों को विघ्नकारी मत बनो। परंतु तुम जो कुछ कर रहे हो उसे मत छोडना। ऐसा करना चाहिए; वैसा करना चाहिए - इस तरह की फिजूल बातें करने के बजाय उसे खुद करके दिखाना बेहतर होगा।

चंचल चित्तवालों की आक्रोश भरी बातों से क्षुब्ध मत बनो। जो सहनशील होगा वही फूले-फलेगा। यदि स्वार्थ हाथ न लगेगा तो निंदा करनेवाले लोग बहुत हैं। अंतरात्मा को धोखा न देकर, तुम से जितना हो सके उतना परोपकार करो।

दूसरों की निंदा से वृथा व्याकुल मत हो। तुममें दोष देखकर कोई तुम्हारी निंदा नहीं करता है। अपना स्वार्थ पूरा न होने के कारण वे तुम्हारी निंदा करते हैं। परंतु मिलने पर प्रशंसा करते हैं। ऐसे लोगों की निंदा - प्रशंसा का कोई मूल्य ही नहीं है।

भगवान् पर पूरा भरोसा रखो, उन्मत्त होकर दुरहंकार से यह मत बको कि भगवान् है ही नहीं । सज्जनों के मन को मत दुखाओ। हमेशा शांति से अपना काम करो। गुस्से में कटी नाक फिर कभी नहीं जुड़ सकती। क्रोधी कभी सुख चैन से नहीं रह सकता। जो शांतिपूर्वक रहता है उसे दुःख ही नहीं है ।

स्त्रियों में सुख होता तो कभी पुरुषों को वे नहीं चाहतीं। अगर पुरुषों में

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

सुख होता वे कभी स्त्रियों को नहीं चाहते। ये कहते हैं कि उनमें सुख है; वे कहती हैं कि इनमें सुख है। विचारशील को इन दोनों में सुख नहीं है। सुख आत्मा में ही है । आत्मा ही सुख का आधार है। बाहर कहीं सुख को मत ढूँढा करो। सुख तुम में ही है। "अशांतस्य कुतस्सुखम्!"[1] (अशान्त को सुख कहाँ?). अज्ञानी का कहना है कि बाहर सुख है। ज्ञानी कहते है कि सुख और कहीं नहीं, अपने में ही है। सुख की लालच में बाहर की वस्तुओं का संग्रह जितना बढ़ता जायेगा दुःख भी उतना ही बढ़ता जायेगा। बादशाह को किसी की चीज की कमी नहीं है। लेकिन उसने अपनी जिंदगी में कितना सुख पाया है और कितना दुःख? जानोगे तो समझ पाओगे।

२६-४-१९३७

पिछला दिन परिशुद्ध होकर गुजर गया। हे भगवान्! आज भी मन निष्काम होकर जीवन्मुक्त के सुख का सुअवसर प्रदान करना तुम्हारे ऊपर निर्भर है।

मन के ऊहापोहों को मिटाकर, स्थिर करके अंतरात्मा में आनंद विभोर होकर रहने दो भगवान्। चंचल मन ही समस्त विपत्तियों का मूल कारण है। मेरे मन में तीन दुश्मन मौजूद हैं - चंचलता, काम और क्रोध। इन्हें विनाश करने की शक्ति प्रदान करके रक्षा करो हे गुरुदेव! अपने हृदय में जो कल्मश है उसे धोकर साफ करके रक्षा करना तुम्हारे ऊपर है।

३०-४-१९३७

आज थोड़ा समय ही सही, सिद्धासन में रहकर परमात्मा का ध्यान किया। इसी प्रकार हर रोज करना अपना कर्तव्य है।

---

[1] जिसमें शांति न हो उसमें सुख कहाँ?

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

संतोषामृततृप्तानां यत्सुखं शांतचेतसाम्।
कुतस्तद्धनलुब्धानामितश्चेतश्च धावताम्।[2]

१-४-१९३७

सच है यह वात "यदभावि न तद्भावि भावि चेन्न तदन्यथा।"[3]।

हे जगद्गुरु! मेरा कोई काम तुमसे छिपा हुआ नहीं है? तुम निष्पक्षपाति हो; तुम जो भी करते हो उसमें अवश्य औचित्य रहता है। मुझे इसका पता विलकुल नहीं हैं कि मैं अपने मन को क्या कहूँ?

इस प्रकार निरुद्योगी वनकर बैठना बेशक पाप का फल ही है। समझ में नहीं आ रहा है कि उस जगन्नियामक का मंतव्य क्या है?

जो कुछ होनेवाला है सो होने दो। धैर्य से यदि रोका न जाय तो रोते हुए ही सही उसे रोकना ही पड़ेगा। वह कभी नहीं चूक सकता। हे भगवान्! क्या तुम्हें तनिक भी दया नहीं है? मुझे अपनी गहराई का पता हीं नहीं लग रहा है। जो भी हो, मैं विलकुल ऊब चुका हूँ। सव कुछ दैवेच्छा के अनुसार ही होगा। सोचने से कोई फायदा नहीं है। अधर्म की चिंता भी नहीं छूटती। तुम ही मेरे रक्षक हो। मैं तेरे शरण में आया हूँ ।

---

[2] संतोषामृत से संतृप्त शांत चित्तों का सुख
धन के लोभ से चारों ओर चक्कर लगाने वालों को कहाँ – हितोपदेश १-१४५

[3] जो न होने का है वह कभी नहीं होगा।
जो होने का है वह अवश्य होकर ही रहेगा। - हितोपदेश -२

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

३

स्वाध्याय

३-५-१९३७

हे जगदीश्वर! तुम्हीं को पालन करना होगा। हे पिता! तुम्हारा करुणाकटाक्ष ही मेरी गति मति है।

४-५-१९३७

चिक्केगौड़ जी ने कहा कि पढ़ाई मत छोडना; साल में कम से कम तीन महीनें काशी में रहकर प्रयत्न जारी रखना। मुझे भी यह बात ठीक लगती है।

लेकिन अव की मेरे मन की भावनाओं से यह स्पष्ट हो रहा है कि विद्याधिदेवता महामाता शारदा देवी मुझे न भूल वैठी है। लेकिन इस विषय को मैं प्रकट करना नहीं चाहता हूँ।

हे जगदीश्वर! कृपा करके मेरी रक्षा करो कि मैं अपनी आचार्य परीक्षा में पास हो जाऊँ और कीर्तिमान बनूँ। ऐसा होने पर ही प्रतिज्ञा पूर्ण हो सकेगी। ईश्वर अवश्य रक्षा करेगा।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

४-५-१९३७

अगर मैं अपने आप को यह समझूँ कि मैं बुद्धिमान् हूँ, मैं अच्छा हूँ, मैं कर्तव्यदक्ष हूँ तो दूसरों की निंदा करने में, निर्दोषियों को सदोषी बनाने में लग जाऊँगा। इसलिए रे मानव "कालो ह्ययं निरवधिर्विपुला च पृथ्वी" - इस उक्ति के अनुसार आज तुम्हारे समान मेधावी न रहने पर भी इस निरवधि काल में कभी न कभी भूमि के विशाल होने के नाते कहीं न कहीं तुम्हारी बुद्धि से बढ़कर और कोई बुद्धिमान् अवश्य जन्म लेगा। इसलिए तुम हमेशा अपने आप को बुद्धिमान् मत समझो। इसे अच्छी तरह से जान लो कि इसकी वजह से बड़ा अनर्थ होगा।

७-५-१९३७

अनंत शक्ते! अपार कारुण्यपारावार गुरुदेव! मैं कहाँ का हूँ और आप कहाँ के हैं? फिर भी आपकी कृपा मुझे आपकी पदपंकजों के समीप खींच लायी है। मैं धन्य हो गया। अहा! देव! आपके प्रेम के प्रत्यक्ष अनुभव से मैं वंचित रह गया हूँ। हे देव! कम से कम उस समय के अंदर ही कृपा करके जरूर मेरी रक्षा और उद्धार करो हे गुरुनाथ! अकारणबंधो! त्राहि त्राहि शंकर! हे गुरुशांतेश्वर! रक्षा करो।

८-५-१९३७

सिरिगेरे श्री स्वामीजी से मलेबेन्नूर उत्सव में आने के लियें पत्र आया है। साथ ही साथ हस्त पत्रिका और छपाई पत्र भी। मैंने वीरशैवों का सच्चा इतिहास लिखने की शुरुआत की है।

९-५-१९३७

अंततः मैं मन को समझाते समझाते थक गया हूँ। फिर भी उसने अपने सहज स्वभाव को नहीं त्यागा। खासकर आचार्य परीक्षा को छोड़ देना अपने

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

लिए बडी वेइज्जती की वात होगी। इसलिए शत-प्रतिशत प्रयत्न करके आचार्य परीक्षा देनी ही होगी । भगवान् को मेरी रक्षा करनी चाहिए। लेकिन मैं स्वयं भगवान् पर पूरा विश्वास नहीं रख सका हूँ। मैं जो पापकृत्य कर रहा हूँ, वे ही इसके सवूत हैं । मेरे मन को यह पूर्ण रूप से विदित है कि मैं अपराधी हूँ।

१०-५-१९३७

यह जन्म तो सुकृत जन्य जन्म नहीं है। वहुत कुछ कष्ट परंपरा को सहना पड़ रहा है। जो आनेवाले हैं, उन्हें आने दो और कोई चारा ही नहीं है। जगदीश्वर रक्षा करेगा।

११-५-१९३७

गुरुदेव! मैं तुम्हारी सेवा करके ऋणमुक्त होना चाहता हूँ । गुरु शिष्य के इस संवंध को इस दुनिया में चिरस्थायी वनाना चाहता हूँ । मेरी यह कामना है कि हम्हारा यह आपस का संवंध औरों के लिए मार्गदर्शक एवं अद्भुत वन जाए। लेकिन हे नाथ! मैं पराधीन हूँ। अपनी इच्छा के अनुसार कुछ भी नही होता है। हाँ यह जरूर संभव है जब तुम्हारे शरणागत में आये हुए मेरे ऊपर तुम्हारी कृपा हो जाये । मैं ऋणमुक्त हो जाऊँगा। लेकिन ये सव तुम्हारे वश में हैं। हे गुरुशांतेश! रक्षा करो।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

२८-५-१९३७

इस साल में मेरे अनुभव

- संदर्भानुसार बोलना भी एक प्रकार का मौन ही है।
- दुनिया में मितभाषी ही बुद्धिमान् है।
- जिसके व्यक्तित्व में गंभीरता नहीं है उसका जीवन गार्दभ का जीवन है।
- शांति स्वर्गीय पितामह की कृपा है।
- जो हमेशा शांत रहता है वही सुखी होता है।
- जो दूसरों की निंदा को सहता है वही हमेशा सुखी रहता है।
- किसी को भी आत्मीय नहीं समझना चाहिए।
- यह संसार एक बाजार है। बाजार में जितना व्यवहार करना है-- बस उतना ही करना चाहिए।
- भगवान् पर जो असीम प्रेम रखता है वही उस पार पहुँचता है।
- मुझे जो कुछ सुख मिला है, वह सब ईश्वर की देन है।
- ब्रह्मचर्य एक श्रेष्ठतम तप है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

४

शरणागति

१-५-१९३७

मन में शोचनीय ऊहापोह उठ खड़े होते हैं। फिर भी जगदीश्वर मन में कभी प्रकाशित कभी अप्रकाशित होकर यह दिखाता है कि यह दुनियाँ विजली जैसी क्षणभंगुर है। मेरा मन एक पलक पहले कुछ याद कर दुःखी था। फिलहाल वह धैर्य से आगे बढ़ रहा है। कुछ भी हो अगर मेरा उद्धार होना हो तो वह ईश्वर की कृपा से ही होगा । अन्यथा अधःपतन निश्चित है। मेरा सर्वस्व परमात्मा के अधीन है।

हें परमात्मन्! क्या इस वेचारे के ऊपर अभी भी तुम्हारी करुणा नहीं है? हे देव! मैं रो रोकर थक गया हूँ । अव आगे तुम जो उचित समझोगे वही करो।

२-५-१९३७

हे ईश्वर! मैं यह नहीं समझ पा रहा हूँ कि तुम्हारे हृदय की अपेक्षा क्या है?

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

यह भी मालूम नहीं हो रहा है कि मुझे इस प्रकार के बंधन में क्यों रखे हो? भगवान् यह सच्ची बात है कि हम तुम्हारी महिमा को नही समझ पा रहे हैं। लेकिन हे नाथ! यह भी साफ नजर नहीं आ रहा है कि तुम्हारे दास को इस बंधन स्थिति में कब तक रहना पड़ेगा। हे ईश्वर! मैं जरूर तुम्हारे शरण में आया हूँ। तुम्हें तिरस्कार करने की बुद्धि मुझमें पैदा नहीं हुई है। हे देव! तुम्हारी नजर में यह पामर व्यक्ति कैसे आ सकेगा? हे स्वामिन्! भिक्षा रूप से ही सही व शिक्षा रूप से ही सही, इस पामर के मन को शांति दो। हे जगन्नाथ! मेरे हृदय की परिस्थिति तुम जैसे सर्वज्ञ को अविदित नहीं है । हे महामहिम! मेरी रक्षा करना तुम्हारे हाथ में है। हे जगन्नियामक! मुझे सत्कर्मों में नियुक्त करके मेरे चित्तको शान्तिसुधा की रसानुभूति करा दो । हे मंगलस्वरूप! इस दीन के भावी अमंगल को दूर करो। हे ईश्वर! मैं यह नहीं जानता कि तुम्हारी इच्छा क्या है? चाहे जितना भी नुकसान क्यों न हो, मैं लोगों से झगड़ा मोल लेने को तैयार नहीं। यह तुम्हारे लिए कोई नयी बात नहीं है कि मुझे पहले से ही शांति पर अत्यधिक विश्वास है। हे सद्गुरुनाथ! कृपा करके रक्षा करो। यदि तुम अपने बच्चे को भूल जाओगे तो मेरी रक्षा कौन करेगा? मैं अनाथ बन जाऊँगा। मैं बार बार यह कहना नहीं चाहूँगा कि मैं बहुत थक गया हूँ। उदास होकर तुम्हारा संग छोड़ने को भी मन नहीं लगता है। संग में रहने पर भी शांति सुधा को पी नहीं पा रहा हूँ। हे जगदीश्वर! मैं तुम से यही प्रार्थना करता हूँ कि तुम सर्वज्ञ हो, मेरे लिए जो उचित होगा वही तुम करोगे। ऐसा करो-वैसा करो इस तरह की माँग केवल अज्ञानी ही करता है जिसका कोई फल नहीं ।

३-५-१९३७

हे शिव! क्या कुमार की रक्षा करने के बजाय यों ही छोड़ दोगे? यह कभी नहीं होगा। लेकिन किसी कर्मविपाक ने प्रतिबंधक बन कर हम दोनों को विछोड़ दिया है। लेकिन मैं यह नहीं जानता कि इस विपाक कब खत्म होगा?

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

हे जगदीश्वर! तवतक इस विरह को कैसे सहा जाय? परमेश्वर! मुझपर कैसी विपत्ति आ पड़ी है? हे देव! तुमसे मैं कैसे विछुड गया ? परमात्मन्! मैं सही में वहुत थक गया हूँ। हे सर्ववित्! क्या यह तुम से छिपा थोड़े ही है कि अव अपने हृदय की परिस्थिति कैसी है? रक्षा करो शंकर। करुणाकर! दीन दयालो! शरणागत रक्षक! - यही मेरी मनोकामना है। हाँ। हाँ। मनःकामना। हे भगवान्! मेरी रक्षा करो। रक्षा करो। कम से कम सपने में ही सही तुम्हारे निज दर्शन देकर सांत्वना दो। हे ईश्वर! इस वेचारे, अनाथ वच्चे का हाथ मत छोड़ो। तुम्हारे विना मैं और किसी पर विश्वास नहीं करता हूँ। हे जगदीश्वर! तुम्हारा कृपा कटाक्ष ही मेरा रक्षा कवच है।

हे जगद्वंधो! तुम कहाँ हो? आओ, जल्दी से आओ। इस वच्चे को दर्शन देकर सांत्वना दो। हे पिता! मुझ पर क्यों इतनी उपेक्षा? शीघ्र आओ। क्यों इतनी देरी? हे नाथ! मैं थक गया हूँ। क्या मेरी परीक्षा ले रहे हो? हे भगवान् ! हाय! माता पार्वती! लक्ष्मी! सरस्वती! समस्त देवी देवताओं! क्या किसी को भी मेरी दुःखभरी पुकार सुनायी नहीं दे रही है? महादेव! मैं थक कर जर्झरित होगया हूँ।

४.५.१९३७

मैंने ईश्वर पर भरोसा रखा है। मैं इस दुनिया में पामर जैसा जीवन विलकुल विताने वाला नहीं हूँ । मुझे अपना जन्म और मरण दोनों को सार्थक वनाना ही चाहिए। मुझे परमात्मा पर विश्वास रखकर, इस जनन-मरण की वेड़ी से छुटकारा पाना ही चाहिए। विश्वासी व्यक्ति को सामान्य मनुष्य भी नहीं भूलते, ऐसी हालत में यह मिथ्यापवाद होगा कि भगवान् भूल वैठता है! जरूर वह भूलेगा नहीं, रक्षा करता है, जय महादेव।

ईश्वर पर विश्वास रखके आज तक कोई भी वरवाद नहीं हुआ है। पामर होने पर भी ईश्वर के राज्य में प्रजा वन सकता है। चाहे पामर हो, चाहे

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

महामहिम हो, ईश्वर सवको समान दृष्टि से देखता है, रक्षा करता है, रक्षा करता है, रक्षा करता है । इसमें कोई संशय नहीं है। परमात्मा के भक्त को शांति नाम का अमृत पान करने का सौभाग्य अवश्य प्राप्त होता है।

स्वार्थी लोगों की निन्दा से शुद्धांतकरण व्यक्ति कभी नहीं डरता। महादेव! महादेव! तुम सचमुच परम दयालु हो। बच्चों को रोते हुए देखकर जैसे माँ कभी सहन नहीं कर सकती वैसे ही परमात्मा भी है। माता ही परमात्मा के स्वरूप में इस लोक में रहती है। ईश्वर और भक्त के मिलन के सुख को माँ-बच्चे किंचित् ही क्यों न हो अनुभव करते हैं। धीर ही परमात्मा का दर्शन पा सकता है। नास्तिक से ईश्वर दूर - बहुत दूर। धीर इस (भव) सागर को, ईश्वर की कृपा रूपी नांव पर बैठकर पार करता है। इसमें संशय नहीं; वह रक्षा करता ही रहता है।

ईश्वर रक्षीत ।
पाहि माम् जगदीश्वर! अनाथनाथ! पाहि माम्।
शिव शिव शिव शिव शिव शिव शिव शिव शिव
शिव शिव शिव शिव शिव शिव शिव शिव शिव
शिव शिव शिव शिव शिव शिव शिव शिव शिव

शिवाधव! शिवाधव

गिरिजापति की जय। वावा विश्वनाथ की जय।

यह मेरा अनुभव है कि ईश्वरभक्ति ही परतर मुक्ति के लिए सुयुक्ति है। यह जन्म मेरे सौभाग्य का जन्म है। इस जन्म में कर्मफल के अनुसार किये जानेवाले कामों में ईश्वर के अनुग्रह से उसकी आज्ञा के परिपालन के लिए कोई वाधा न आ सकेगी। इस प्रकार मुझे सहारा देनेवाला उस जगदीश्वर के चरणों में मेरे अनंतानंत प्रणाम।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

ईश्वर द्वारा दी गयी किसी भी आज्ञा को मैं इस जन्म में तिरस्कार करनेवाला नहीं हूँ । जिसे अपने हाथ में लेंगे उसकी जय निश्चित है। सत्य ही अमृत है। जो सत्य मार्ग पर चलेगा वह सर्वत्र यश पायेगा।

मैं पूर्ण विश्वास के साथ कह सकता हूँ कि मुझमें द्रोह, कपट, दुरहंकार की बुद्धि बिलकुल नहीं है। अपनी प्रार्थना को पूर्ण करने केलिए असीम करुणासागर परमात्मा प्रत्यक्ष खड़ा है।

महादेव की जय

आनंद आनंद आनंद आनंद आनंद आनंद आनंद
आनंद आनंद आनंद आनंद आनंद आनंद आनंद
आनंद आनंद आनंद आनंद आनंद आनंद आनंद
आनंद आनंद आनंद आनंद आनंद आनंद आनंद
आनंद आनंद आनंद आनंद आनंद आनंद आनंद
आनंद आनंद आनंद आनंद आनंद आनंद आनंद
आनंद आनंद आनंद आनंद आनंद आनंद आनंद
आनंद आनंद आनंद

५-५-१९३७

मन में जो दुर्वासनाएँ हैं वे अब तक शांत न हो पाई हैं। जब तक विषयों में सुख बुद्धि प्रत्यक्ष रूप में व परोक्ष रूप में जागृत रहेगी तब तक मानव को सुख नहीं मिलेगा। सुख चाहनेवाले को सुख की चीजों से त्याग बुद्धि होनी चाहिए। प्रापंचिक सुख वास्तव में सुख नहीं है। उनमें सुख का आभास मात्र ही गोचर होता है। अगर मन को निजानंद सुख का अनुभव अंशमात्र भी हो जाये तो वह मन इस अल्प मात्र सुख के लिए कभी मुड़कर नहीं देखेगा। इसलिए रे मानव! तुम पूर्ण विचारशील बनकर जीओ। जोश में आकर यह मत कहा करो - जब

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

जन्म लिया है एक न एक दिन मरना ही है ; इस तरह की उपेक्षा भावना धारण करने से तुम एक अमूल्य रत्न को खो बैठोगे। सचेत रहो।

६-५-१९३७

हे ईश्वर! इस दीन का मन दिन ब दिन विकृत होता जा रहा है। दुनिया को मनाकर लगे हाथ आश्रय को सफल बना कर चलना बडा बोझ सा लग रहा है।

यदि ईश्वर मददगार नहीं होगा तो पापयोनि पाना निश्चित है। दिन व दिन उत्तम परिस्थिति नजर आती तो कोई परवाह न थी। तब ऐसा कहा जा सकता था कि हाँ, पथ मिल गया है। लेकिन दिन ब दिन उत्तरोत्तर मन निकृष्ट होता जा रहा है। हे परमात्मन्! मैं अच्छी तरह जानता हूँ कि मैं कितना अपराधी हूँ। लेकिन मैं विवश हूँ। यह कहते हुए मुझें बड़ा दुःख हो रहा है कि मेरा मन बहुत नीचे गिर गया है।

हे ईश्वर! करुणाकर! आगे मुझे कुछ नहीं सूझता। कृपाकर रक्षा करोगे तो यह बेचारा पार हो जाएगा। अन्यथा दुर्दशा हो जायेगी। तुम सर्वज्ञ और उचितज्ञ भी हो। तुम्हें जो पसंद आए वही करो।

मैं अपनी परिस्थिति को तुम्हारे सामने रख चुका हूँ। जो उचित होगा उसे तुम जरूर करोगे। इसके लिए सोचना ठीक नहीं लगता। तुम पर समस्त भार सौंपकर निश्चेष्ट होकर बैठना ही मेरा कर्तव्य है। चाहे जितना बडबड़ाऊँ अपनी करनी को भोगना ही पड़ेगा। इसे किसके सामने कहूँ?

हे भगवान्! मेरी बुद्धि पर पूर्णतया अंधकार छा गया है। तुम जो चाहते हो वह करो। मैं कुछ भी तुम से माँग नहीं सकता।

- इति तुम्हारा शिवकुमारः

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

४-६-१९३७

सर्वज्ञ! उचितज्ञ! सर्वज्ञ! उचितज्ञ
परदुःख दूर! भव दूर! भवतु मंगलम्
शंकर! भव दूर! भवतु मंगलम्
शंकर! भव दूर! भवतु मंगलम्
शंकर! सारामद्गुरु विरूपाक्ष विधानदि!

५-६-१९३७

अंतर्यामि! तुम जो कुछ करते हो उसे मैं जानता हूँ। मैं खूब जानता हूँ कि ये जो विपत्तियाँ आयी हैं, वे इसलिए आयी हैं कि अपनी वृद्धि तुममें और दृढ हो। रक्षा करो दयालु! सर्वज्ञ! उचितज्ञ!

हे भगवान्! मैं अब क्यों आँसू बहाऊँ? गुलाव अपनी सुगंध को दुनिया को बताने के लिए अपना पौधा छोड़कर, दुनिया के सामने नहीं जाता। दुनिया ही कातुरता से उसके पास पहुँचती है। इस प्रकार मेरे आदरणीय परमाराध्य परमहंसजी ने कहा है कि तुम्हारी खुशबू का पता लग जाय तो सव कोई मुग्ध हो जाते हैं। तुम क्यों चिंतित हो? छोड़ दो चिंता को। यदि तुम इस चिंता को छोड न सकोगे तो अपने हाथ का काम छोड़कर निकल जाओ। वैराग्य लेकर व्यर्थ चिंता में पडो मत। ईश्वर! ईश्वर! ईश्वर! ईश्वर! ईश्वर! शिव! अनजाने में मेरे द्वारा किये गये अपराध हजारों हो सकते हैं। तुम सर्वज्ञ हो। तुम्हारी नजर में आते ही वे सव अपने आप डर के मारे तुरंत भाग जाते हैं। क्षेत्रपाल के रहते क्या क्षेत्र में पशु घुस सकते हैं?

हे देव! एकाध बार भयंकर कड़ी परीक्षा मुझे जरूर मारणांतक कष्ट देती है। लेकिन तुम्हारे घन करुणामेघ का उदय देखते हुए मैं सांत्वना पाता हूँ। लेकिन मैं किसी भी हालत में स्वतंत्र नहीं हूँ।

रे! मन! तुम मनमाना मत बका करो। उससे तुम्हारी इज्जत विनष्ट हो

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

जायेगी। सत्य की रक्षा के लिए जीओ। चाहे जान भी चली जाय किस बात का डर? वह अनित्य है। उसे जाना ही है। उसके लिए चिंता क्यों?

१०-६-१९३७

हे जगदीश्वर! मुझमें जो दोष हैं, वे मुझे अच्छी तरह मालूम है। उन्हें दूर करना तुम्हारे वश में है। इस दुनिया को जीतने का सामर्थ्य मुझमें कदापि नहीं हैं। मैं जरूर विषय में फँसकर बहुत दुःखी हो गया हूँ।

आत्मा को तुम्हें समर्पण करके मैं पराधीन बन गया हूँ। अब विषय भोग के लिए तरसनेवाले इस नीच को तुम्हारी आज्ञा के बिना अपने आप करना असंभव है।

देवाधिदेव! मैं तुम्हारी शरण में आकर तुम्हारे पदकमलों में आत्म समर्पण कर चुका हूँ। चाहे बिगाड़ो या उद्धार करो। तुम जो भी करोगे वे दोनों मेरे लिए तुम्हारा प्रसाद ही हैं।

१३-६-१९३७

आज कोई विशेष नहीं है। लेकिन मोह नाम की जो चीज है वह बहुत बुरी है। वह ईश्वरार्पित मन को भी पीछे खींच लेता है। ऐसे दुर्मोह के वश में होकर ईश्वर को ही धोखा देनेवाला जो मैं हूँ, अपने को ही नापसंद बन गया हूँ। फिर भी उस परमात्मा पर मुझे विश्वास है। शांतिः सुधा जीविनाम्। देवताओं के लिये अमृत सुधा है तो प्राणियों के लिए शांति ही सुधा है।

चाहे पूरे ब्रह्माण्ड में हलचल मच जाये स्थिरचित्तवाला घबडाता नहीं है।

१४-६-१९३७

"कोपः पापस्य कारणम्!" कोप ही पाप का कारण है। "मोहो मूलमधः स्थितेः" (मोह ही अधःपतन का मूल कारण है।)

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

भगवान् पर जो सुदृढ विश्वास है, वही मानव की इच्छा को पूर्ण कर सकता है। विषयलंपट जैसे विषयों के लिए तरसता है वैसे ही प्रभुप्रेमी अपने मनःपूर्वक निःस्वार्थ होकर जब प्रभु केलिए तरसने लगेगा उसी दिन प्रभु का दर्शन निश्चित होगा।

उन्मत्त होकर यह मत कहो कि भगवान नहीं है। पदार्थों का प्रत्यक्ष ज्ञान इंद्रियों के सन्निकर्ष से होता है। तुममें जव भगवान् को देखने की इंद्रिय ही बंद हो गयी है तव तुम सिर्फ ऐसा कहो कि भगवान् नहीं दिखायी दे रहा है। ऐसा मत कहो कि भगवान् ही नहीं है।

उसकी कृपा से वह इन्द्रिय तुम्हें मिल जाये तो तुम भी उसे देख सकोगे। इसलिए उस इंद्रिय को प्राप्त करने केलिए तुम दिन रात एकाग्रता से उसका स्मरण किया करो।

२०-६-१९३७

हे भगवान्! तुम्हीं बताओ कि मैंने कौनसा अपराध किया है? मुझसे क्या गलती हुई है साफ साफ बताओ। उसके लिए मुझे दंडित करो। मेरी गलतियाँ मुझे मालूम नहीं होती हैं। मैं किसी लालच में पड़नेवाला नहीं हूँ।

हे देव! हे नाथ! यह परीक्षा बहुत कठिनतर है। लेकिन मुझमें वह योग्यता न होती तो तुम मुझे पोषक बनकर कभी इस इम्तहान में नहीं बिठाते। शायद मुझमें वह बल है । लेकिन मुझे विश्वास नहीं है । तुम्हारी कृपा बल ही बल है। इस अनाथ की रक्षा करना तुम्हारे हाथ में है। चाहे अनुत्तीर्ण हो जाऊँ या उत्तीर्ण दोनों तुम्हारे हाथ में है । मैं तुम्हारी इच्छा के विरुद्ध कभी नहीं जाऊँगा। अंतरात्मा के आज्ञानुसार चलने के लिए मैं तैयार हूँ।

२८-६-१९३७

देवाधिदेव! मेरे मन को शांति सुधा कब मिलेगी? हे देव! मेरा मन कष्टतर

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अविवेकजन्य दुःख का अनुभव करते हुए बड़ी दयनीय स्थिति में पहुँच गया है। इस अविवेक को दूर करके पालना तुम्हारा जिम्मा है।

हे जगदीश्वर! मेरे अपराध अवश्य ही अक्षम्य हैं। मन बहुत दुर्बल अवस्था में है। मुझे परिपूर्ण शक्ति प्रदान करो ताकि मुझसे कभी कोई गलती न हो। मुझे बचाना तुम्हारे हाथ में है ।

हे देव! मैं तुमसे कुछ भी नहीं मांगता हूँ। मुझे सच्ची शांति चाहिए। वह शांति तुम्हारे दर्शन कृपाशीर्वादों के बिना मिलना असंभव है। इसलिए मैं तुम्हारी शरण में आया हूँ।

हे जगदीश्वर! मैं तुम्हारे लिए ही, तुम्हारी आज्ञा पालन करने के लिए ही जी रहा हूँ।

तुम चाहो मुझे पानी में डुबाओ या ऊपर उठाओ - तुम्हारी मर्जी। तुम जो भी करो मैं सब भुगतने केलिए तैयार हूँ। मैं तिलभर भी तुम्हारे इरादा के खिलाफ नहीं चलूँगा। अगर मुझसे गलती हो तो दंड देनेवाले तुम्हीं हो।

मैं तुमसे क्या मागूँ? तुम्हारी सर्वज्ञता, निष्पक्ष एवं औचित्यपूर्ण विचारशीलता इन मंगलकर गुणों को स्मरण करते हुए मुझे अद्भुत समाधान मिलता है। हे नाथ! रक्षा करो।

हे देव! क्या कम से कम आज मुझे सही शांति मिल पाएगी? मुझे कहाँ की शांति? तुम्हारे चरणदर्शन के बिना, स्पर्श के विना, शांति कैसे मिल पायेगी? रक्षा करो! नाथ! जगद्गुरो! रक्षा करो? हे देव! रक्षा करो। हे ईश्वर! त्रैलोक्यबंधो! इस अनाथ की रक्षा करो। अशरण शरण! रक्षा करो! कम से कम एक क्षण ही सही दर्शन दो।

शिव, शिव! क्या आज भी मेरी पुकार तुम तक नहीं पहुँचपायी? जगन्नाथ! मैं और कौनसा उपाय ढूँढूँ? तुम्ही बताओ। मैं थक गया हूँ। बुद्धि पर अंधेरा छा

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

गया है। कुछ भी नहीं सूझता। अनाथनाथ! दयाभिक्षा चाहता हूँ। खाली पेट का याचक! अतिथि लौटता है। क्या तुम्हें दया नहीं आ रही है?

मैं जो कुछ भी करने को स्वतंत्र नहीं हूँ। सब कुछ भगवान् को समर्पण करके, मेरे `अहं` को मिटा चुका हूँ। मैं एक यंत्र जैसे हूँ। इस यंत्र को तुम प्रेरक जिस तरफ चाहे उस तरफ घुमा-फिरा कर अपने इष्टार्थ को पूरा कर लो। महादेव की जय!

यह विरह कब दूर होगा। दुनिया में प्रियजन दूर रहने पर वह विरह कहलाता है। पर मेरा विरह वैसा नहीं है। दूर की बात क्या है? मैं यह नहीं समझ सकता कि जब तुम मेरा प्रिय अपने हृदय में दिन रात बसे हो, एक पलक भी अलग न हो तो इसको विरह कैसे कहा जा सकता है? मेरा प्रिय दिन रात कभी भी मुझसे विछुडा नहीं है। फिर भी विरह चक्र मेरे हृदय को चीर रहा है। शायद मेरे हृदय को चीरने से अपने पिता का दर्शन हो जाय? हे पिता। इस घोरारण्य में इस नन्हें शिशु को छोड़ देना कहाँ तक उचित है? हे पिता! आ, मुझे इस कांतार से पार कर तेरे सामीप्य का सुख दो।

विषय वासना से मेरा मन पूर्ण कलुषित हो गया है। हे देव! यदि इसी प्रकार रहूँ तो मैं पुण्यजीवी कैसे बनूँगा? पवित्रता नष्ट हो जाएगी न? हे जगदीश्वर! तुम्हारी कृपा के बिना सब कुछ असाध्य सा हो गया है। देवाधिदेव! यदि मेरे हृदय में इतना कल्मष भरा रहेगा तो तुम मुझमें कैसे बस सकते हो?

इसमें कोई शक नहीं है कि मैं बड़ा पापी हूँ और मैं जितना भी प्रयत्न क्यों न करूँ, आगे नहीं बढ़ सकता। नीचे लुढककर गिर रहा हूँ। कुछ भी हो। भगवान् ही मेरी गति-मति हैं। मुझसे कुछ नहीं होगा। व्यर्थ में चिंताक्रांत हूँ।

मुझे ही बड़ी लज्जा हो रही है कि मैं कैसे तुमसे विनती करूँ कि अपने पापकृत्यों को माफ करो। मेरा मुँह कुछ बोलने लायक नहीं है। जैसी तुम्हारी

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

इच्छा! देवाधिदेव! तुम जो उचित समझो सो करो। हे सर्वज्ञ! मेरी समझ में नहीं आ रहा है कि मैं तुम से क्या कहूँ? हे नाथ! रक्षा करो, रक्षा करो। घनघोर पश्चात्ताप, भयंकर परिताप हो रहा है। हे देव! क्या तुम मुझे छोड़ दोगे? हाय! हाय! बस यह मूढ़ जन्म! अविवेक जन्म!

३-७-१९३७

हे देव! संसार से भयभीत हो गया हूँ। हृदय काँप उठा है। न जाने मेरी पाप प्रवृत्ति कब दूर होगी। प्रतिज्ञा से पापों को दूर करना भी मुश्किल है। तुम कुछ भी करो। मैं पापी होकर भी तुम्हारी प्रार्थना नहीं छोडूँगा। दिन-रात तुम्हारा नामस्मरण ही मेरे लिए परम मित्र है। अहा! महादेव! जगदीश! प्रणाम।

५-७-१९३७

ओह! मेरा पाप कृत्य वेहद वढ गया है। हे जगदीश्वर! मैं क्या प्रतिज्ञा करूँ? मन दुर्बल हो जाने के कारण प्रतिज्ञाओं का पालन करना भी दुष्कर हो गया है। जो होने को है सो हो जाय। क्या किया जाय?

आज से मुझे गंभीरता को अपनाना होगा। मैंने पहले ही लिखा है कि जिसके जीवन मे गंभीरता न हो उसका जीवन गधे का जीवन है। लेकिन उसके अनुसार नहीं चला। मुझे अपनी गलती को स्वीकार करने में तनिक भी लज्जा नहीं हो रही है। इस तरह का भ्रष्ट जीवन बेकार है। आदर्श जीवन और पवित्र चरित्र मानव की उन्नति के साधन हैं। अब तो मैं ने यह निश्चय किया है कि गंभीरता से रहना और अपने पिछले कुकृत्यों को पछताना। पता नहीं कि कब तक यह चलेगा! मुझे खुद भरोसा नहीं। भगवान्! न जाने तुम क्या समझकर मुझे ऐसी प्रेरणा कर रहे हो? औरों को दुखाकर अपने स्वार्थ को पूरा

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

करना कहाँ तक उचित होगा? हे भगवान्! क्या इस भ्रष्ट पर अब भी दया नहीं है? रे नीच मन! क्यों इतना पापकृत्य कर रहे हो?

७-७-१९३७

रे नीच मन! तुम्हारे पाप कृत्यों की कोई सीमा ही नहीं है। इस प्रकार तुमने कितने दीन लोगों को अधो मार्ग पर पहुँचाया होगा? तुम इस प्रकार दुर्विचारों में संलग्न होकर, परमात्मा के पुत्र और तुम्हारे आश्रयदाता जीवात्मा को क्यों बंधन में डाल रहे हो ? इससे जो परहिंसा होगी क्या उसका पाप भय तुम्हें नहीं है?

मेरे लेख में तो पाठकों को सिर्फ दिखावे केलिए पश्चात्ताप की वाक्यमालाओं का सृजन हो रहा है । लेकिन अपने भीतर पाप की चिन्ता छोड नहीं रहा हूँ। रे मन! बस बस, छोड दो इस पाप की चिन्ता। व्यर्थ ही मुझे गुरुद्रोही, दैवद्रोही और देशद्रोही मत बनाओ।

९-७-१९३७

मैं यह नहीं कह रहा हूँ कि अमुक लोगों ने ही ऐसा किया है। यदि कहूँ, तो जो मेरा विश्वास है कि ईश्वर सर्वव्यापी है वह ढोंग में बदल जाएगा। लेकिन उन लोगों को आपस में इसे समझ लेना चाहिए। यह दुर्भाग्य की बात है कि वे ऐसा नहीं समझ पा रहे हैं। मैं जो कष्ट भुगत रहा हूँ वह क्या है? इस दुनिया में मुझसे भी बढ़कर विचित्र परीक्षाओं के शिकार बने लोग अधिक संख्या में हैं। हे भगवान्! मेरा दृढ विश्वास है कि तुम्हारी असीम कृपा मेरी रक्षा जरूर करेगी।

१०-७-१९३७

हे जगदीश्वर! तुम मुझसे सपने में ही सही यह कहो कि तुम मेरे हो। इस मूर्ख को कार्यतः समझ में नहीं आएगा। हे नाथ! इस मुग्ध की इच्छा को कब

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

पूरा करोगे? हे मेरे प्यारे पिता! अब तक इस तरह मेरी रक्षा करते हुए आये हो कि मुझे तिलभर भी खतरे का सामना न करना पडा। मैं क्या माँगू? मुझे यह भी नहीं पता कि किसमें भलाई है और किसमें बुराई? मेरी जो कामानाएँ हैं वे सब अपनी बुराई केलिए हैं। तुम जो ठीक समझते हो वही करो; जिससे मेरी भलाई हो। इसलिए हे पिता! मेरी मनःकामनाओं को सफल बनाकर रक्षा करो हे पिता! दीन दयाल! तुम्हारे लिए अपना मन कब से तरस रहा है। तुम्हें अपनी आँखों से देखना चाहता हूँ।

१२-७-१९३७

तुम सर्वज्ञ हो। तुम्हें सब कुछ मालूम है। फिर भी चुप क्यों हो? मेरी समझ में नहीं आ रहा है कि तुम क्या समझकर ऐसा कर रहे हो? तुम जो कुछ कर रहे हो वह सब ठीक ही है। तुमसे अनौचित्य का काम कैसे होगा? सूरज के पास अंधेरे को ढूँढनेवाला पागल नहीं तो और क्या? देवाधिदेव! इस अनाथ का भविष्य तुम पर अवलंबित है। कुछ भी करो। मैं यह नहीं चाहता कि मुझे सुख ही दो। सिर्फ दिन-रात तुम्हारी प्रार्थना करना मेरा कर्तव्य है; धर्म है। आगे जाकर इसकेलिए तुम ही प्रमाण हो। तुम जैसे सर्वज्ञ के सामने अपने पाण्डित्य का प्रदर्शन करें तो तुम हँसोगे न ! इसलिए हे जगदीश्वर ! मैं मौन ही रह जाऊँगा।

१३-७-१९३७

देव देव! तुम्हारे विरह ने मुझे निर्बल बना दिया है। इस दुःख को मिटाने केलेए तुम्हारे सिवाय और कोई समर्थ नहीं है। इस दुःख को मैं किससे कहूँ? यदि तुममें दया हो तो पापी होने पर भी इस अनाथ की रक्षा करो। मुझे पूरा विश्वास है कि तुम मेरी रक्षा अवश्य करोगे। लेकिन मुझे मालूम नहीं हो रहा है कि तुम किस प्रकार से मेरी रक्षा करोगे। तुम्हारी महिमा ही अजीब सी है। मेरे जैसे पापी पर आपकी महिमा दृष्टिगोचर नहीं हो पाती। तुममें भूल नाम की

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

कोई वस्तु ही नहीं है। तुम मेरे लिए विरही न हो। मेरे पास रहने पर भी तुम मुझे दिखाई नहीं दे रहे हो। जो होगा होने दो। तुम्हारे सिवाय मेरा और कोई रक्षक नहीं है। इस अनाथ की रक्षा करो और इस संसार की बाधा से मुझे बचाओ। इससे और क्या अर्ज करूँ? ऐसा कौन सा विषय है जिसे तुम नहीं जानते?

१४-७-१९३७

तुम जो नाटक रचे हो वह सब इस दुनियाँ की भलाई के लिए ही होगा। तुम्हारे अंतरंग की रहस्यमयी बातें जानने का चैतन्य हम में नहीं है। इस बेचारे को तुम्हारा स्मरण मात्र का अधिकार है। तुम्हारे शरण में आया हूँ। मुझ से जितने भी अपराध हुए हैं उन सबको क्षमा करके रक्षा करो। तुम पर विश्वास रखकर सब कोई ऊपर उठ चुके हैं। मैं ही एक लाचार हूँ। मुझे भूलना मत। देवाधिदेव! इस परीक्षा का फलितांश कब निकलेगा? उस दिन मैं किस प्रकार के आनंद का अनुभव करूँगा? लेकिन तुम्हारी प्रार्थना से ही मुझे विशेष प्रकार का आनंद अनुभव होता है। रक्षा करो।

१५-७-१९३७

हमें अपनी-अपनी गलतियाँ मालूम नहीं होती। लेकिन जो विवेकी और निःस्वार्थी होगा वह समझ सकता है। दोषी अपनी आत्मा को मनाकर ही करता है। निर्दोषी भी अपनी आत्मा को मनाकर ही करता है। इन दोनों की आत्मसम्मत बुद्धि कुछ समय के बाद जब लोगों को कार्य रूप में दिखायी देगी तब इसकी असलीयत की परीक्षा होगी। अथवा उसी क्षण जगदीश्वर देखता है।

हे जगदीश्वर! मैं तुम्हारे सामने भी निस्संकोच होकर निर्दोषी कहने का साहस करता हूँ। मेरे अंतःकरण की वास्तविकता को तुमसे छिपा नहीं जाता।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

१६-७-१९३७

आजतक इस प्रांत में दो कोल्हू में फँसकर उत्तीर्ण हो गया। यह तुम्हारे लिए गर्व की बात होगी कि मैं निर्दोषी ठहरा। इसकेलिए मुझे तनिक भी घमण्ड नहीं है। लेकिन तीसरा जो कोल्हू है वह बड़ा प्रवल है। फिर भी जो परमात्मा के कृपा का रक्षाकवच धारण किया है उसके लिए उस कोल्हू की पीडा कोई पीडा नहीं होगी वल्की अपनी प्रिय वस्तु के आलिंगन जैसा आनंद प्रदान करेगी। मैं सपने में भी इस बात को नहीं मानता कि मेरी रक्षा का भार निभानेवाला परमात्मा उदास होकर बैठा है। मनुष्य जितनी परीक्षा के फंदे में फँसता जाता है उतना ही खरा निखरने लगता है। हे जगदीश्वर! यह विलकुल सच है कि तुम सर्वज्ञ हो। "सत्यमेव जयते नानृतम्"[1] यह बात सच है न? ईश्वर की इच्छा बड़ी विचित्र होती है। सारी दुनिया उसके विनोद के लिए सृजी गई है। हमें यह समझना चाहिए कि वह जो कुछ भी करता है अपने विनोद के लिए और साथ ही साथ हम लोगों की भलाई केलिए।

देवाधिदेव! तुम यह जानते ही हो कि मैं कितना नीच हूँ। मैं तुम्हारी शरण में आया हूँ। तुम कुछ भी करो। तुम्हारी शरण में रहते हुए मुझे तिलभर भी चिन्ता नहीं है। मैं तुम्हारी कृपा के महत्व को अच्छी तरह जानता हूँ कि तुम मेरे हजारों अपराधों को क्षमा करके अब तक रक्षा करते आये हो।

१९-७-१९३७

देवाधिदेव! तुम्हें इस अनाथ की रक्षा करनी होगी। लोगों की विचित्र बुद्धि एवं दुरहंकार की दवा देनेवाले वैद्य तुम्हीं हो।

हे ईश्वर! रक्षा करो। आज सपने में महामाता की मंगलमूर्ति का दर्शन पाया हूँ। न जाने इसका फल क्या है? यह सही में भ्रांत दर्शन नहीं है। माँ मुझे

---

[1] केवल सत्य की ही जय होगी, मिथ्या की नहीं। -(मुंडक उपनिषद् ३.१.६.)

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अपना मानकर इस तरह की निष्कारण कृपा दिखला रही है । हे माता! तुम्हें सहस्त्र कोटि प्रणाम। जब तुमने अपने आप कृपा की है तब मुझे तुमसे अर्ज करने की कौन सी बात रह गयी है?

२०-७-१९३७

आज रात सपने में फिर महामाता के मंगल विग्रह का दर्शन हुआ। निष्कारण वत्सला! मैं अपने को इसलिए धन्य समझता हूँ कि मैं तुम्हारा कृपापात्र हूँ।

महामाता! तुम्हें इस दीन पुत्र की सहस्त्र कोटि विनतियाँ। तुम्हारे पुत्रवात्सल्य के लिए मैं आभारी हूँ। तुममें मेरे बारे में यह जो अपनापन हैं उसने मुझे अपरिमित आनंद ला दिया है। तुम्हें बार बार नमस्कार करता हूँ।

मृत्तुगदूरू* ग्रामाधिदेवता के प्रति

हे माता! मैं तुम्हारे सान्निध्य को निष्ठुरता से छोड़कर आया फिर भी तुम कुपित न होकर इस प्रकार मुझपर अभिमान से रक्षा करने हेतु कटिबद्ध होकर खड़ी तुम्हें देखकर मुझे वर्णनातीत आनंद का अनुभव हो रहा है। हे माता! तुम्हारे सानिध्य में जन्म लिया, बड़ा हुआ और यहाँ आया। तुम्हारे प्यारे पुत्र के सुख दुःख, लाभ, हानि, जय-पराजय सब तुम्हारी हैं। तुम्हारा स्मरण करते हुए मेरे मन में ये पूर्ण कामनाएँ जाग उठीं । हे माता! इसके बदले में मैं तुमसे क्या अर्ज करूँ? बस मेरा पालन करने का सारा भार तुम्हारा है। सुबह का सपना कभी झूठ नहीं निकलता। मेरे इस पुण्य भाग्य की कोई सीमा नहीं है। भक्ति से प्रणाम करता हूँ।

---

* जन्म स्थान

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

२१-७-१९३७

माता! माता! यदि तुम्हारा यह पुत्र इस भूलोक में योग्य निकला तो वह तुम्हारे गाँव के लिए ही यशोदायक है। तुम्हारे अनन्य भक्त जो माता-पिता हैं उनके लिए कीर्तिदायक है। लेकिन हे माता! तुम्हारी इस कृपा ने मेरे सिर को झुका दिया है।

मातृप्रेम में परवश तुम्हारे प्यारे पुत्र के अपराधों को क्षमा करने केलिए तुमसे प्रार्थना करने की कोई आवश्यकता नहीं है।

माँ! माँ! माँ! माँ!

माताजी मैं किस प्रकार तुम्हारे इस उपकार को चुका दूँ? मैं तुम्हारा स्मरण मात्र कर सकूँगा। अगर इस अल्प मात्र से तुम्हारा ऋण चुकाया गया तो कोई चिंता नहीं है। अन्यथा मैं तुम्हारे ऋण चुकाने केलिए जन्म-जन्मान्तर में भी तुम्हारा प्यारा पुत्र बनकर ही जीऊँगा।

हे माता! निष्कारण प्रेमदान करनेवाली तुम ऋण चुकाने की बात कभी नहीं करोगी। फिर भी तुम्हारे दर्शनानंद से उन्मत्त मैं मनमाना लिख रहा हूँ। तुम जैसे अकारण वत्सला से यह कहने की आवश्यकता नहीं है कि मुझे क्षमा करो।

हे माता! यह कहने की जरूरत ही नहीं है कि सर्वदा रक्षा करने का भार तुम्हारा है।यह वात सच निकली कि "अपराधपरंपरावृतं नहि माता समुपेक्षते सुतम्"[2] । लेकिन मैं तुम्हें याद दिला रहा हूँ कि मेरे मन की उस एकमात्र कामना को पूर्ण करो।

---

[2] पुत्र जितना भी अपराध क्यों न करे
माता तो तिल भर भी उपेक्षा नहीं करेगी - देव्यपराध क्षमापन स्तोत्र श्लोक-११

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

२२-७-१९३७

हे जगदीश! तुम मुझे कब देखोगे? हे जगदीश! जल्दी आओ। क्या इस पुत्र की उत्कट इच्छा तुम्हें मालूम नहीं है? आओ, जल्दी आओ, आओ, आओ। कहाँ पर हो हे पिता! आड़ में खड़े होकर, मेरे प्रलापों को सुन रहे हो क्या? उससे तुम्हें खुशी हो रही है क्या? कोई प्रेमी एक क्षण मात्र का भी विरह का सहन कर सकता है क्या? आश्चर्य! कहाँ हो पिता? देरी क्यों ? मेरी रक्षा करने के लिए जल्दी आओ।

२५-७-१९३७

तुम्हारी तमन्ना से, तुमसे मिलने, तुम्हारी सेवा करने और तुम्हारे दर्शन पाने केलिए ही मैं जिन्दा हूं । हे करुणामयी भगवान्! इस महत्त्वाकांक्षा को पूर्ण करके आज सपने में क्षणमात्र के लिए ही सही तुम दर्शन दोगे तो मैं अपने को धन्य समझूँगा।

२६-७-१९३७

पुत्र के अभाव को दूर करो। मैं जो अनाथ बैठा हूँ, तुमसे सनाथ होना चाहता हूँ। हे करुणामय! अशरण-शरण! तुम अपनी कृपा दृष्टि दो। जगद्बंधो यथा शीघ्र मेरी रक्षा करो! तुम हो इसलिए मैं जीवित हूँ। आज नहीं तो कल ही सही, तुम जरूर मिलोगे - इस एकमात्र आशा से मैं जीवित हूँ। अगर अंश मात्र भी यह संदेह उठ जाय कि तुम नहीं मिल पाओगे तब मैं इस शरीर को त्याग दूँगा।

२८-७-१९३७

दिन-रात तुम्हारा ही ध्यान। इसके सिवाय मैं तुमसे और कुछ नहीं माँगता । तुम भी मुझे इससे ज्यादा और कुछ मत दो। इसमें जो आनंद मिल रहा है वह जीवन्मुक्ति में भी नहीं है। हे जगदीश्वर! मैं तुम्हारा दीन पुत्र हूँ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

मुझे अपना मानकर रक्षा करने की कृपा करो। हे दयानिधे! हे दीनदयालो! कहाँ हो? जल्दी आओ। मुझे इस भवसागर से पार करो।

२९-७-१९३७

मैं जरूर तुमसे कुछ नहीं मागूँगा। आजतक व आगे भी, कहीं कोई माँग देखने में आयी तो उसे केवल औपचारिक समझो। जब तुम खुद मिल गये हो तब किस चीज की माँग करूँ? तुमसे बढ़कर और कौन सी वस्तु है? कुछ भी नहीं है।

यदि तुमसे माँगने वालों को तुम्हारे स्व-स्वरूप का पता लग जाय तो वे जरूर तुमसे माँगना छोड़ देंगे। मैं अपने द्वारा किये गये अपराधों के लिए क्षमा माँगता हूँ।

३०-७-१९३७

तुम इस तरह बार-बार परीक्षा लेते रहोगे तो मेरा जीना हराम हो जायेगा। तब मुझे लाचार होकर, आखिरी अवकाश के लिए जरूर मुँह खोलना पडेगा। व्यर्थ ही चिंता में तपकर मैं दुर्बल होना नहीं चाहता। मैं जो कर रहा हूँ, वह तुम्हें पसंद न हो तो क्षमा चाहता हूँ। मैं जरूर यह समझता हूँ कि यही मेरी आखिरी इम्तहान है। मुझे पार करके रक्षा करो, हे नाथ! यह तुम्हारे हाथ में है। मुझे बड़ा दुःख हो रहा है। बहुत दुःख। बस करो। मेरी रक्षा करो। इस संग से मुझे जरूर मुक्त करो। मैं सह नहीं सकता। आगे मुझे दोषी मत ठहराओ। हे देव, मैं जो पाप कर रहा हूँ वे एक व दो नहीं हैं। असंख्य अपराधों को कर रहा हूँ।

यदि मेरे निर्दोष निकलने पर ही तुम प्रसन्न होगे तो, मैं निर्दोषी नहीं बना और तुम प्रसन्न नहीं हुए। इसलिए हे करुणामय! मैं जरूर तुम पर विश्वास रखता हूँ। मुझे यह सुनिश्चित मालूम है कि तुम सदा मेरे पास हो। तुम्हारे

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

करुणापूर्ण मेघ को देखकर मैं शान्तचित्त हूँ। तुम्हारे कृपा की हवा थोड़ी-सी भी मेरी तरफ वहेगी तो वह आकर वरसेगा। मैं धन्य हो जाऊँगा।

३१ -७-१९३७

यह बड़ा अन्याय है! घोर पाप! परम पावन चरिताओं को बुरी नजर से देखने का महा साहस करनेवाले महापातकी! तुम्हें जो भी दण्ड दिया जाय वह कम ही है। हे नीच! हे भ्रष्ट! तुमको समूल नष्ट किये विना मुझे तिलभर भी सुख नहीं है। तुम पर विश्वास रखनेवाले मुझे इस प्रकार का धोखा देना कहाँ तक उचित है? हे पापी! तुम जरूर मेरे गुप्त शत्रु हो। मित्र के रूप में अभिनय करके अपने स्वार्थ पूरा करके क्या मुझे पाताल पहुँचाना चाहते हो? परम नीच! मैं जरूर तुम्हें बलि चढ़ाऊँगा।

१-८-१९३७

हे देव! तुम सदा मेरे पास में हो! मैं तुम्हारे सान्निध्य का सुख भूलकर पाप विषयों की ओर इंद्रियों से खींचा जा रहा हूँ। विषय वस्तुओं को देखते ही यह नीच मन सव कुछ भूल वैठता है। इसकी मूर्खता की जितनी निंदा करूँ वह कम है। विषय वस्तुओं को स्मरण करके यह अपरिमित आनंद का अनुभव करता है। हे देव! मैं इसे वहुत कुछ समझाने पर भी कि यह भयंकर पाप है, यह मानता ही नहीं है। मैं क्या करूँ? तुम्हारी शरण में आया हूँ। तुम्हीं को मेरी रक्षा करनी होगी। मुझे यह जानकर वड़ा पश्चात्ताप और दुःख हो रहा है कि मेरा मन यह पाप करता है।

३-८-१९३७

हे देवाधिदेव! आज का दिन सुख से वीता। मेरी हार्दिक कामना यही है कि इसी प्रकार रोज मेरा मन पवित्र पथ पर चलते रहें । मैंने अपने मन को वहुत

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

खूब समझाया है। फिर भी यह मन अपने वश में नहीं आया। तब मैं विवश होकर तुम्हारी शरण में आया हूँ। रक्षा करना तुम्हारे हाथ में है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

५

स्थिरता और संतृप्ति

३-८-१९३७

हमारे मन की अस्थिरता से हमें जो अवहेलन होगा, वह और किसी से नहीं हो सकता है। इसलिए अस्थिर मनस्क को कोई कार्यारंभ नहीं करना चाहिए। पहले मन को स्थिर करके बाद में कार्यारम्भ करेंगे तो कामयाब होंगे। अन्यथा हमारा अधःपतन शत सिद्ध है। इसलिए हमेशा किसी को किसी कार्य करना हो तो पहले अपने मन को स्थिर कर लेना चाहिए। अन्यथा कार्य सिद्धि नहीं हो सकेगी।

मेरा मन आज स्थिर है। शांत भी है। लेकिन दुनिया को देखकर डर रहा है। कार्यक्षेत्र में उतरने से हिचकिचा रहा है। लोगों की परिस्थिति को देखते हुए बहुत पछता रहा है।

हे देव! मुझे अमित बल और धैर्य देकर रक्षा करना तुम्हारी जिम्मेदारी है। मैं अनन्य भक्ति, सद्दृढ श्रद्धा और स्थिर मन से प्रार्थना कर रहा हूँ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

४-८-१९३७

हे भगवान्! मैं इस वात को अच्छी तरह जानता हूँ कि विषयों को जीतकर मन को सदृढ बनाने पर समस्त आनंद अपने में ही मिल जाता है। अशरण शरण! मैं सर्वथा तुम्हारी शरण में आया हूँ। मैं किसी हालत में किसी विषय के वारे में छल नहीं कर रहा हूँ। यदि मैं ऐसा करूँ तो क्या वह तुमसे छिपा रह सकता है? तुम्हारी कृपा पर निश्चित ही मुझे असीम विश्वास है। मैं तुम्हारा स्मरण करके अतीव आनंद का अनुभव कर रहा हूँ। मैं आनंद परवश हो गया हूँ।

हे माता! सारा विश्व ही तुम्हारा स्वरूप है। जहाँ देखो वहाँ तुम्हारा दर्शन ही दर्शन है। तुम्हारा स्मरण करते करते आनंद परवश हो रहा हूँ। वही आनंद परवशता ने मुझे निश्चेष्ट वना रखा है।

मैं अव कुछ भी नहीं लिख सकता। माँ! माँ! माँ! माँ! माँ! माँ! माँ! माँ! माँ! माँ! माँ! माँ! माँ! माँ! माँ! लोग जब मुझे और मेरी लिखावट को देख पायोंगे तव वे जरूर मुझे पागल समझकर जुगुप्सा करेंगे। लेकिन मैं यह जानता हूँ कि मेरे जगन्निर्माता भगवान् (भक्ति से) उन्मत्त लोगों का प्रियकर है।

हे जगदीश्वर! मैं और किसी पर विश्वास नहीं रखता। मुझें तुम ही एकमात्र सहारा हो। मैं निष्कपट होकर तुम्हारी शरण में आया हूँ। मेरे पाप और पुण्य दोनों तुम्हारे ही हैं। तुम्हीं तुम हो। `मैं` जो है वह विलकुल नहीं है। हे करुणामय! आओ, रक्षा करो। दर्शन दो। रक्षा करो।

हे देव! तुमको अनंतानंत प्रणाम। आज का दिन भी सुख से बीत।। यदि प्रति दिन इसी प्रकार वीतता जाय तो मेरे आनंद की कोई सीमा नहीं रहेगी। समस्त स्त्री समाज को पूजनीय और मातृस्वरूप समझने में जो आनंद मिलता

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

है वह अनोखा है । फिर भी मेरा मन दृढ नहीं है । सदृढ बनाने की तमन्ना विशेष रूप से है।

हतभाग्य। फिर भी मैंने किन्हीं भगिनियों के मनों को कायेन, वचसा, मनसा नहीं बिगाड़ा है। यह तुम्हारे लिए तो अतीव गर्व की बात है। हे देव! मैं शरण में आया हूँ, रक्षा करो।

हे दुष्ट मन! सच्चाई को विपरीत अर्थ लगाकर सभी लोग मेरी ही तरह विषय वासनाओं में डूबे हुए हैं ऐसा मत सोचा करो । तुम्हारी गहराई खुद तुमको ही मालूम नहीं है । दूसरों की निंदा करने के पाप कूप में क्यों गिरने जा रहे हो? खबरदार, उस घोर पाप मत किया करो। तुम जो पाप करने जा रहे हो वह कभी माता से छिपा नहीं जाता। सतर्क रहो।

५-८-१९३७

मन को आज कारणांतर से आनंद और दुःख दोनों हो रहे हैं। रक्षा करनेवाला भगवान् है। हे जगदीश्वर! मैं शरण में आया हूँ। मेरे मन को समझाओ।

७-८-१९३७

मन पवित्र होने पर भी विषयों से सुखानुभव की बुद्धि अभी भी दूर न हो पायी है। इस केलिए कौन कारण है? यह कैसा घनघोर अज्ञान है! यह कैसा पाशवी कृत्य है! यह मार्ग तुम्हें अवनति की ओर ले जाये बिना छोड़ेगा नहीं । तुम इसे समझकर यथाशीघ्र बुद्धिमान् बनो। तभी जियोगे। अन्यथा अधोगति पाओगे। इस दुष्ट प्रवृत्ति को शीघ्रातिशीघ्र दूर कर लो। यह तुम्हारे मन केलिए कोई बड़ी बात नहीं होगी। इस जन्म के संस्कार और सहवासों का कोई दोष न रहने पर भी पुराकृत जो बलवत्तर दुर्वासनाएँ हैं वे ही कारण है। लेकिन

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

परमात्मा पर विश्वास रखकर शरण में आया हूँ। जो भी करें, मैं उन्हें आत्मसमर्पण कर चुका हूँ। भगवान् भला करेगा।

मैं जितना भी परिताप करूँ उससे कोई फायदा नहीं है। सर्वज्ञ तुम जरूर उचितानुचित का परामर्श करोगे। मेरा परिताप ही अन्याय से भरा हुआ हो सकता है। इसलिए मैं अपनी बुद्धि का विस्मरण करके 'मैं' को मिटाकर 'तुम' में ऐक्य होने की श्रेष्ठ अभिलाषा रखता हूँ।

८-८-१९३७

आज तक मैंने किसी माता के साथ अत्याचार नहीं किया है। इस का मतलब यह नहीं कि मैं जितेंद्रिय हूँ। मेरी मानसिक परिस्थिति कभी कभी विषमता की ओर ले जाकर ढकेलती है। इसके लिए मन का दौर्बल्य ही कारण है। हे जगदीश्वर! मुझे बलवत्तर शक्ति प्रदान कर, रक्षा करो। शरण में आय हूँ।

२६-८-१९३७

हे जगद्गुरु! मैं इस जीवन से खूब ऊब गया हूँ। मैं जितना भी निर्दोषी बनकर काम क्यों न करूँ फिर भी मुझे बार बार ऐसे बुरे प्रसंग आ रहे हैं। मैं यह जनता हूँ कि तुम अपने भक्त की परीक्षा लेने केलिए ही ये सब कर रहे हो। फिर भी इन सब दुःखों को मैं ने वहुत कठिनाई से सहन किया है। इस चंचल मन को सदृढ़ बनाने के लिए तुम इस तरह के प्रसंगों को लाकर पसार रहे हो। हे देव! तुम सर्वज्ञ हो! मैं क्या अधिक बताऊँ? मैं किसी से यह कहना नहीं चाहता कि मैं भला आदमी हूँ। तुम्हें जो करना है सो करो। जन्म लेने की गलती से मैं उन सबको भुगत रहा हूँ। लेकिन, यह कहा नहीं जा सकता कि मेरे दुःख की इस परिस्थिति को तू मेरे पिता नहीं जानता है। मुझे यह अधिकार नहीं है कि मुझमें यदि स्वार्थ हो तो मुझे नरक में ढकेल दो। मुझे

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अपार दुःख जरूर हो रहा है। यह दुःख अज्ञानजन्य है। मन की अस्थिरता दुःख को दुगुना बना देती है। हे देवाधिदेव! सिवाय तुम्हारे और किसके सामने रोया करूँ? इस संसार में मेरा कोई नहीं है।

हाय, हाय इस प्रकार अपने दुर्भाग्यवश के कारण चारों तरफ से विपत्तियाँ आ घेरेंगी तो मुझे कायर बनाकर छोड़ेगीं! शिव शिव! मैं कायर बनकर कैसे जीऊँ? हे शंकर! मेरे दुःख को दूर करो। मेरे परिताप की कोई सीमा नहीं है। शिव शिव! मैं क्या करूँ? यदि मैं आत्महत्या कर लूँ तो तुम पर विश्वास न रखनेवाला हो जाऊँगा। हे देव! तुम पर मुझे पूरा विश्वास है। हे देव! मुझे तो कुछ सूझता नहीं। मेरा हृदय तप रहा है। मुझे यह नहीं दिखायी दे रहा है कि मैं क्या करूँ? शांति से ही सुख, सत्य मार्ग से ही सुख। लेकिन हे देव! इस दुनिया में हमारे सत्य का मोल आँकनेवाला कोई नहीं है।

शिव शिव! पेट जल रहा है। हे देव! बस करो। मुझसे सहा नहीं जाता। हे करुणा सागर! जल्दी आकर मेरी रक्षा करो। मुझे दर्शन देकर संतृप्त कर दो। मेरे इस कष्टतर जीवन की इतिश्री कर दो। शिव शिव! कहाँ हो? क्यों चुप हो? हे नाथ! मैं सचमुच बड़ा दुःखी हूँ।

क्या तुम्हें पता नहीं है कि मैं दुःख सागर में डूबा हुआ हूँ? मैं कायर बनकर कैसे जीऊँ? हे शंकर! मेरे परम पिता! कहाँ हो? हे नाथ! कहाँ हो? प्रभो कहाँ हो? भिक्षा देकर, मेरी सांत्वना करो। हे शंकर! मेरे पिता! कहाँ हो? आओ। क्यों तुम मुझ पर निष्ठुर बन बैठे हो? क्या मेरे पापों की गिनती करना सही होगा? यदि मुझे दंड देना हो तो एक ही बार मुझे जान से मार डालो। इस चित्रहिंसा का दर्द मैं नहीं सह सकता।

चित्रहिंसा को सहने की शक्ति मुझमें नहीं है। मैं निरपराधी होते हुए भी क्यों इस दंड का पात्र बन गया? हे देव! क्या तुम मुझे भूल बैठे हो? जगद्गुरो! क्या मुझे भूल गये? हे महादेव! मुझे प्राण न रखने की नौबत आ चुकी है, हाथ

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

जोड़कर प्रणाम करता हूँ। हे नाथ! शरणागत की रक्षा करो। शरणागत की परीक्षा अब यहीं समाप्त हो जाये। रक्षा करो हे देवाधिदेव!

आज की परिस्थिति न तो अक्षरों में लिखी जा सकती है, न ही मुँह से कहा जा सकती है। हे जगदीश! यदि तुम भी भूल बैठोगे तो मैं कहाँ जाऊँगा? विना गलती किये मुझे अपराधी वनना पड़ा ! समझ में नहीं आ रहा है कि यह किस जन्म के पाप का फल है। मर जाने में ही मेरा हित है; जीवित रहने में नहीं। मैं छटपटा रहा हूँ। दूसरों को संतुष्ट करना मुझसे हो नहीं सकता।

मेरी आखिरी साँस तक कायर वन कर जीना मुझसे नहीं हो सकता। चाहे कितने ही कष्टपरंपराओं की श्रृंखला मुझपर टूट पड़े, दुःख सहकर ही आगे बढ़कर, कर्मवीर वनकर, इस जन्म को निभाना है। सत्य, सत्य, सत्य, सत्य। तुम्हीं पर पूरा विश्वास रखनेवाले इस वेचारे का कभी हाथ न छोडो। गिड़गिड़ाकर प्रार्थना करता हूँ। शिव!!!

हे जगदीश्वर! बस करो इस भव को। हाय पिता! रोने को मुँह तक नहीं है। हे देव! क्या मेरी पुकार तुम्हें सुनायी नहीं दे रही है? हाय! नाथ! रक्षा करो। शिव शिव! मैं जीवित नहीं रह सकता। असाध्य पीड़ा हो रही है। हाय शंकर! कहाँ हो मेरे पिता! कहाँ हो? रक्षा करो। अपने प्रीतिपात्र की आरजू मानकर एक बार दर्शन दो। उससे बढ़कर मुझे और कुछ नहीं चाहिए।

मेरे बारे में लोग कई प्रकार निन्दा करते हैं। लेकिन मुझमें कुछ नहीं है। यदि ईश्वर की कृपा हो तो सारी निन्दाएँ धीरे धीरे दूर हो जाएँगी। हे देव! मुझे यह सावित हुआ कि स्वार्थ बड़ी बुरी चीज है। मैं यह नहीं कह सकता कि इस समाज जैसे दुर्दश समाज दूसरा कोई नहीं होगा।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

स्थिरता और संतृप्ति

लोगों की हालत देखकर बड़ी दया आती है। लेकिन पता नहीं कि इसके पीछे जगन्नियामक का उद्देश क्या है। क्या उस को समझना मेरे लिए संभव है? हे ईश्वर! अनाथनाथ! मुझे इस परीक्षा से पार पहुँचाना तुम्हारे वश में है। यदि मैं अनुत्तीर्ण हो जाऊँ तो तुम्हारी बेइज्जती होगी। तुममें सर्व समर्पण किया हुआ मुझको परीक्षा करके अयोग्य मानकर तुम कैसे छोड सकते हो? यदि छोड़ दोगे तो तुम्हारी "शरण्य" नाम की उपाधि निरर्थक हो जाएगी न? अहा! मैं धन्य हूँ! अपने को इसीलिये धन्य समझता हूँ कि मैं ईश्वर का कृपा पात्र बन गया। मेरे मन में तिलभर भी दुःख नहीं है। मैं भी देखूँगा कि वह कैसे मुझे नचाता है!

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

गुरु संगम में शिवयोग

श्री गुरुशांतराज देशीकेंद्र महास्वामीजी   श्री शिवकुमार शिवाचार्य महास्वामीजी

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

६

सद्गुरु श्रीरक्षा

२७-८-१९३७

हे गुरु देव! तुम्हीं ने इस मूर्ख की लालच को और बढ़ाया। हे देव! तुम्हीं को इस लालच को मिटा देना होगा। मैंने ऐसा कोई अपराध नहीं किया है। हे गुरुदेव! यह चिंता मुझे दिन रात सता रही है। इस प्रकार वृथा चिंता से पीड़ित इस दीन की रक्षा करना तुम्हारे हाथ में है। कुछ भी हो, मुझे एक न एक दिन सपने में ही सही, मन की तृप्ति भर दर्शनामृत देने की कृपा करो। निरंतर तुम्हारे ध्यान में निरत इस पुत्र की इच्छा को पूर्णकर, रक्षा करके उबारो। हे पिता! मेरे हाथ कभी न छोड़ो। हे जगन्नाथ! तुम्हारी शरण में आया हूँ। हे करुणमयी रक्षा करो।

हे माता! मेरे दुःख की वजह तुम्हें कितना दुःख हुआ होगा। इस आलसी को तनिक भी शांति नहीं है। हे माता! तुम कैसे मेरे विरह को सहन कर रही हो? हम दोनों के मिलन में रोड़ा अटकानेवाला प्रतिबंध क्या रहा होगा? तुमको भी रोकनेवाली वह शक्ति कौन-सी होगी? तुम मेरे दुःख का शमन केलिए मुझे

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

साम्राज्य पदवी देकर भी शमन होनेवाला नहीं है। मेरी यह तीव्रतर उत्कण्ठा तुम्हारे दर्शन के बिना केवल प्रलोभन से कभी शांत नहीं हो पाएगी। हे माता! उत्कंठा बराबर सता रही है। दर्शन देकर रक्षा करो।

गुरुवर्य गुरुशांतेश्वर! तुम ईश्वर से भिन्न नहीं हो। इस पापी के जन्म को निग्रह करने के लिए ईश्वर ही तुम्हारा रूप धारण कर मेरे गुरु बनकर आये हैं। हे गुरुदेव! इस दीन पर तुम्हें कितना प्रेम है! हे गुरुदेव! मुझसे बढ़कर भाग्यशाली और कोई नहीं है। लेकिन कुछ समझ में नहीं आ रहा है कि मुझे तुम्हारी सेवा से दूर रखकर दुःखी बनाने की तुम्हारी आज्ञा में क्या रहस्य छिपा हुआ है?

हे गुरुदेव! अज्ञान से दुःख, विपत्ति, संकट में छटपटाते हुए मुझे बड़ी लज्जा हो रही है। मुझसे भी बढ़कर दुःख में डूबे हुए लेकिन धैर्य से जीनेवाले तेरे पुत्र बहुत हैं। क्या मैं उन लोगों से भी ज्यादा दुःखी और दीन हूँ? नहीं। लेकिन मैं इस चिंता से दुःखी हूँ कि कहीं कायर होकर बहु विघ्न पूर्ण इस दुनिया में तुम्हारी आज्ञा को पूर्ण करने में सफल न हूँ। मैं सचमुच ऐहिक सुख भोग केलिए दुःखी नहीं हो रहा हूँ। मेरे दुःख के लिए कारण ही और है। तुम्हारी आज्ञाओं को पालन न कर, कही कायर न बन जाऊँ। यही चिंता मुझे दिन रात सता रही है। हे देव! महादेव! तुम सर्वज्ञ हो। मुझे शरणागति के सिवाय अन्य कोई मार्ग नहीं सूझ रहा है। मुझपर जितने भी आरोप लगा रहे हैं वे सब तुम्हारे ही हैं। केवल व्यवहार में `मैं` व `तुम` शब्दों का प्रयोग होता है लेकिन पारमार्थ में वे नहीं। हे करुणामय! मैं तुम्हारी राह को देख रहा हूँ तुम कब आओगे? हे देव, वह सुदिन मुझे देकर रक्षा करो। शंकर की जय हो।

मेरी चढपढाहठ से कोई फयदा नहीं है। तुम्हारे सर्वज्ञत्व ने मुझे चिंता से मुक्त नहीं किया है। मैं तुम्हारे इस रहस्य को अच्छी तरह जानता हूँ कि तुमने मेरे चारों ओर इन नाटकों का जो जाल फैला रखा है, वे सब तुम्हारी कसम,

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

मेरी भलाई के लिए ही हैं। लेकिन कभी कभी तुम्हें भूलकर अज्ञान के वश में होकर इस नाटक के रंगमंच पर आँसू बहाता हूँ। इसकेलिए मैं तुमसे क्षमा माँगता हूँ।

हे गुरुदेव! मैं जानता हूँ कि इस दीन पर तुम्हे कितना प्रेम है। मुझे अपनी चरण सेवा में रखकर रक्षा करो। मुझे इस वात का पूर्ण विश्वास है कि मुझे अपना वनाकर जीव ब्रह्म के एकत्ववाद की सच्चाई को व्यवहार में भी दिखला दोगे। मैं समझता हूँ कि यह नाटक वहीं समाप्त होगा।

अहह! जगदीश, यह विरह कब दूर होगा? हे करुणाकर! मेरेलिए तुम्हारा ध्यान ही प्रधान है। इस बेचारे पर कृपा करके रक्षा करो। मेरा और कोई रक्षक नहीं है। तुम्हारे शरण में आया हूँ इस बेसहारे को यदि तुम भी छोड़ दोगे तो और कहाँ जाऊँ? हे अगाध दयापयोनिधे! तुम्हारे विना और कोई रक्षक नहीं है। इस तरह विशेष रूप से अपने दुःख कि बातें तुमसे कहना भी मैं समझता हूँ कि तुम्हारी सर्वज्ञता पर मेरा अविश्वास प्रकट हो जायेगा। जय जगदीश्वर! अनाथनाथ! जय! जय! जय!

२८-८-१९३७

हे गुरुदेव! निष्कारण वत्सल! मुझे त्रिभुवन में भी तुम्हारे सिवाय और कोई अपना नहीं है। तुम्हारे सिवाय और किसी से भी मैं कुछ नहीं माँगता। हा! हा! मेरे हृदय! तुम कब शांति पाओगे? हे गुरुनाथ! मैंने कभी तुमसे विनती नहीं की थी कि तुम ये सब करो। तुमने भी कभी ये सब करने मुझसे नहीं पूछा था। हे दयाधन। तुमने खुद अपने आप समझ कर मेरे अभ्युदय के द्वार को खोल कर मुझे आगे बढ़ाया है। आगे भी निष्कारण वत्सल-तुम्हारे रहते मैं अपने आत्मचिंतन करना कहाँ तक उचित होगा? नहीं। मैं तुम्हारी शरण में आकर तुम्हारी सेवा में लगा हूँ। रक्षा करो हे पिता गुरुशांतेश!

हे मेरे पिता गुरुशांत योगी। जब मैं आपके करकमल संजात हुआ उसी

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

दिन मैं धन्य हुआ। उसी दिन से मेरा पुण्योदय हुआ। लेकिन गुरुदेव! तुम्हारे विरह मेरी भलाई के लिए ही क्यों न हों वह मुझे सह्य नहीं है। हे देव! विरह को दूर करके यदि रक्षा नहीं करोगे तो मैं आजन्म दुःखी रह जाऊँगा। यह शतसिद्ध है। तुम्हारी कृपा की छत्र छाया में तुम्हारे अमृत हस्त के स्पर्श से सुख में पले मुझे तुम विरह में ही रखोगे तो मेरे दुःख का कोई आरपार नहीं रहेगा।

यह विरहानल अशक्य है। हे पिता! इस दीन पर इतनी वड़ी विपत्ति का बोझ क्यों डाला है? इस को सहन करने में असमर्थ हूँ। हाय! हाय! हृदय जल रहा है। हे पिता! वस करो। इस पापी के जीवन में प्रकट होकर मेरे इस विपत्ति को दूर करके रक्षा करो पिता!

विरह का दुःख असाध्य है। अपने हृदय में तुम्हारे रहते हुए भी अज्ञान के वलवत्तर होने के कारण विरह का अनुभव करना पड़ रहा है। तुम इष्टलिंग के रूप में मेरे करतल में रहते हुए भी मेरे मन को शांति नहीं है। तुम्हारे अनंत अद्भुत चित् स्वरूप के दर्शन के विना विरहानल शांत न हो पायेगा। हा! हा! हृदय! सह लो, सह लो, सह लो विरह! विरहानल!

तुम्हारे अमृतानुग्रह ने मुझे निश्चिंत वना दिया है। अहह! हे प्रेम की पुतली! विरह को सहन करना वड़ा मुश्किल लग रहा है। लेकिन लाचार हूँ। "मै" व "अपना" इन दो शब्दों को मिटा कर "तुम" व "तुम्हारा" इनमें तुम्हारी इच्छा पर मुझे खुश होना चाहिए। विवश हूँ। मेरी समझ में नहीं आ रहा है कि मैं तुम्हें क्या लिखूँ? मैं शर्मिंदा हूँ। इस हृदय की दीन परिस्थिति को देख कर, उसे अपने वश में रखने असमर्थ होकर मैं तुम्हारी शरण में आया और निश्चिंत हो गया।

हे सर्वज्ञ! तुम जो उचित समझोगे उसे करके ही रहोगे। मैं यह नहीं चाहता कि तुम भला ही करो; बुरा मत करो। मुझे भलाई बुराई दोनों समान हैं। तुम्हारी सर्वज्ञता की उपाधि ने मेरे मुँह पर ताला लगा दिया है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

सद्गुरु श्रीरक्षा

हे परमात्मन् ! मुझमें न कोई नीति न आचार न ही एक नियम है । मनमाने चलनेवाला दुराचारी हूँ मैं। इसीलिए मुझे यह भरोसा ही नहीं है कि तुम मुझे दर्शन देने की कृपा करोगे। फिर भी हे अंतरात्मन्! मैं दिन रात तुम्हारे ध्यान में निरत हूँ। मैं तुम्हारी यादगार में रोया करता हूँ और चडपडाता हूँ। मैं कोई सुख नहीं चाहता। तुम्हारे दर्शन से जो परम शांति हासिल होगी वही मेरी अभीप्सा है।

कृपया दर्शन दो हे जगन्नाथ!

मैं क्यों ज्यादा वड़वड़ाऊँ? तुम सर्वज्ञ हो। तुम पर मुझे अपरिमित विश्वास है जो मुझे जरूर उस पार पहुँचादेगा।

६-९-१९३७

देवाधिदेव! तुम सदा मेरे हृदय में विराजमान होकर वहाँ के गाढांधकार को दूर करो। अपने मन को सन्मार्ग दिखाकर मेरी रक्षा करो हे परमपिता!

७-९-१९३७

श्री गुरो! रक्षा करो। जगदीश! तुम रक्षा करो। सर्वज्ञ! पूर्ण शक्ते। निरवधिकृपासागर!

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

ज्ञापक पत्र ३६७
स्व हस्त की लिखावट


MEMORANDUM. 367

ಜ್ಞಾಪಕಪತ್ರ.

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

ज्ञापक पत्र (Memorandum)

हे देव! इस जिंदगी में हमेशा याद रखने लायक तुम ही हो और कोई नहीं !

स्वप्ने वापि स्वरस विकसद्दिव्यपंकेरुहाभम्
तत्पश्ये यं तव पशुपते! पादयुग्मं कदाचित् ।
क्वाहं पापः क्व तव चरणालोकभाग्यं तथापि
प्रत्याशां मे घटयति पुनर्विश्रुपापेऽनुकंपा।[1]

तू दयालु दीन हम, तू दानी हम भिखारी
हम प्रसिद्ध पातकी, तू पाप पुंज हारी
नाथ तू अनाथ के अनाथ को, अनाथ कोन मो सो
मो सम आरत नहीं, आरत हर तू सो
ब्रह्म तू, हम जीओ, तू ठाकुर हम चेरों
तात मात गुरु सखा तू, सब विधि हित मेरो तू दयालु......।
तूँ ही मोही नाथ अनेक मानियो जो भावे।
ज्यों त्यों तुलसी कृपालु चरण शरण पावे।

---

[1] पापी जो मैं कहाँ, तुम्हारे चरणावलोकन का भाग्य कहाँ।
फिर भी हे पशुपते!
खिले दिव्य कमल जैसे तुम्हारे पद युग्म को
कभी एकाध बार स्वप्न में भी देख सकता हूँ
कुप्रसिद्ध इस पातकी पर जो तुम्हारा अनुकंप है।
तुम्हें देखने की अपनी तमन्ना को फिर से जगाया।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

आत्मनिवेदन

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri



Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

मुमुक्षु के जमा-खर्च का ब्यौरा

जमा	ब्यौरा	खर्च
पुण्य	परमेश्वर जगदीश्वर लोकेश्वर भुवनेश्वर	पाप
ज्ञान		अज्ञान
वैराग्य		लालसा
अहिंसा		हिंसा
सत्य		असत्य
गुरु भक्ति		काम भुक्ति
सौभाग्य (ईश्वर पर विश्वास)		दुर्भाग्य (ईश्वर पर अविश्वास)

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

94 April 4th Monday 1938

ಏಪ್ರಿಲ್ ೪ನೇ ಸೋಮವಾರ ೧೯೩೮

ಬಹುಧಾನ್ಯ ಸಂ|| ಚೈತ್ರ ಶು|| ಚೌ ೫-೩೦ ಕೃ ೨೭-೪

ವರಗಣಪತೀ.ವ್ರತಂ



हे देव! तुम्हारे विरह ने मुझे सताया। आज तुम्हारे दर्शन से मेरा मनःकुसुम खिलकर अपनी खुशबू चारों ओर फैला रहा है। मैं धन्य हो गया हूँ। मेरे आनंद की कोई सीमा नहीं है। आनंद ही आनंद है। मेरी डायरी (दिनचरी) को जो पुण्यात्मा पढ़ेगा वह अवश्य धन्य होगा!

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri
Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri


January 7th Friday 1938. 7

विपत्ति के न आने पर कोई भी प्राणी रक्षा की अपेक्षा नही करता। उसका स्मरण तक नहीं करता। हे परमात्मन! तुम्हीं जग के रक्षक हो। जगके सारे लोग तभी तुम्हारा स्मरण करेंगे जब विपत्तियाँ उन्हें आ घेरेंगी। हे गुरुदेव! जब तुम सारे जग को अपनी प्रवृत्ति की ओर आकर्षित करना चाहते हो तब उसके सामने विपत्तियों का ढेर लगा देते हो। इसलिए तुम जो विपत्तियाँ फैला दोगे वे

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

ही तुम्हारे भक्तजनों केलिए तुम्हारे दिव्यानुग्रह साबित होंगे। जग में जो विपत्तियों मानी जाती हैं वे सारे पदार्थ तुम्हारे राज्य की प्रजा केलिए दिव्य प्रसाद के रूप में परिणत हो जाएँगे। अहह! विचित्र शक्ति! दुनिया के लोग संपत्ति से भी सुखी न बन सकेंगे। तुम तो विपत्तियों से भी भक्त लोगों की भलाई करोगे न? वह अनंत प्रभाव तुममें है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

७

विपत्ति-दिव्यानुग्रह

१-१-१९३८

पिछले वर्ष भगवान् की कृपा से द्वंद्व में फँसने पर भी न फँसकर सुख-दुःखों में समभाव रखकर उस महापुरुष के "मामेकं शरणं व्रज़"[1] प्रतिज्ञा-वाक्य को मन में रखकर हिम्मत से जीवन बिताया। अपने कार्य क्षेत्र का प्रथम वर्ष होने के कारण कई प्रकार की कष्टपरंपरा का सामना करना पड़ा। फिर भी मुझपर परमात्मा का जो दिव्यानुग्रह था, उसके परिणामस्वरूप मेरी श्रद्धा सुदृढ होती गयी। इस वर्ष को भी दिव्यानंद से बिताने में मुझे किसी प्रकार का संशय नहीं है। परमात्मा की जय हो ! तुम्हारे कृपासागर में गिरकर भी डूबे विना, आनंद से तैरकर मैं सही में धन्य हो गया।

२-१-१९३८

तुम्हारा नाम संकीर्तन ही तुम्हारे विरह में एकमात्र विनोदोपाय बन गया

---

[1] मेरी शरण में आओ । - भगवद्गीतां १८-६६

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

है। दिन रात तुम्हारे दर्शन की चाह बढती जा रही है। लेकिन अंतरात्मन्! पता नहीं कि तुम मुझे कब दर्शन दोगे? मुझे तो संपूर्ण विश्वास है कि मैं ही धन्य हूँ। हे गुरुनाथ! मैं ही धन्य हूँ।

३-१-१९३८

परमात्मन्! मन को जितना भी मनाओ वह ठीक रास्ते पर नहीं आ रहा है। ढेर सारे पापकृत्य होते ही रहते हैं। किन्तु तुम पर मेरा पूरा विश्वास है कि तुम अवश्य रक्षा करोगे।

हे जगन्नाथ! तुम पर विश्वास रखकर मैंने इस जनन-मरण की शृंखला से छुटकारा पाया। मुझपर तुम्हारी कितनी करुणा है! तुम्हारा स्मरण होते ही मेरा मन तुम्हारे दर्शन केलिए तडपता है। हे नाथ ! मेरी इस कामना को तुम कृपा करके पूरा करो। मैं निश्चित ही तुम्हारी सर्वज्ञता को जानकर मूक विस्मित हो गया हूँ। मैं अच्छी तरह से जानता हूँ कि तुम अनंतस्वरूप अनंत गुणी और अनंत शक्ति पूर्ण हो। तुम्हारे ध्यान से संसार के पापों से संतप्त मेरा हृदय एक दम शीतल हो उठता है।

परमात्मन् ! तुम जो बार बार इस प्रकार के प्रसंगों को मेरे सामने रख रहे हो वे सब यद्यपि लोगों की दृष्टि में विपत्तियाँ मानी जाती हैं फिर भी मैं तेरा भक्त उनको जन्म-जन्मान्तर के दुष्टसंसर्ग की दयनीय स्थिति से मुझे ऊपर उठाने के लिए तुम से लादे गये दिव्यानुग्रह मानता हूँ। हे गुरुदेव ! ऐसे प्रसंग न आवें तो मन बाह्य चिंतनों में मग्न होकर, तुम्हें भूल जाता है। इसलिए मैं यह समझता हूँ कि तुम अपने भक्त के श्रेय के लिए ही ऐसी कठिनाइयों को प्रदान करते हो।

५-१-१९३८

हे गुरुदेव ! मेरी रक्षा की चिंता तुम्हें कितनी लगी है? यह भी चिंता तुम्हें है कि मैं अचानक बुरे रास्ते पर चलकर कहीं पतित न हो जाऊँ। अहह!

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

गुरुदेव! इसकेलिए ही तुम् मेरे सामने ऐसे प्रसंगों को ला रखते हो। मुझे खरा सोना वनाने के उद्देश्य से ही ऐसी विपत्तियाँ (अनुग्रह) लाकर ठोस रहे हो। हे परमात्मन् ! मुझे इस वात का पूर्ण विश्वास है कि तुम्हारी छत्र छाया में आराम से सोये हुए मुझे अपने हृदय की आकांक्षाओं को पूर्ण करके कृतार्थ कर दोगे। हे परमदैव! तुम कहाँ हो? अहह! मुझे कितना विरह संकट हो रहा है! तुम कव दया करोगे? अहह! उस दिन के सौभाग्य को पाने केलिए मैं तरस रहा हूँ! हे नाथ! मैं धन्य, धन्य, परम धन्य।

७-१-१९३८

विपत्ति के विना कोई प्राणी रक्षक की चिंता नहीं करता। इतना ही नहीं, उसका स्मरण तक नहीं करता। परमात्मन्! तुम ही इस जग के रक्षक हो। दुनिया के सारे लोग तभी तुम्हारा स्मरण करेंगे जव उन्हें विपत्तियाँ आ घेरेंगी। गुरुदेव! जव तुम्हारे मन में यह कृपा की वुद्धि जाग उठेगी कि अपनी तरफ सारे लोगों की प्रवृत्ति वन जाये तभी तुम सारे जग के सामने विपत्तियाँ फैला दोगे। इसलिए तुम जो विपत्तियाँ फैला दोगे, वे ही तुम्हारे भक्तजनों के लिए दिव्यानुग्रह होगा।

जग में विपत्ति समझे जानेवाली घटनाएँ ही तुम्हारे राज्य की प्रजा के लिए दिव्य प्रसाद वन जायेंगे। अहह विचित्रशक्ते! लोग संपत्ति को देकर भी सुखी नहीं वना सकते। लेकिन तुम विपत्तियों को ही देकर अपने भक्त जनों की भलाई करते हो। अनंत प्रभाव! तुम में कितना अत्यद्भुत चातुर्य छिपा पड़ा है! तुम ऐसे जादूगार हो कि विष को अमृत, विपत्ति को संपत्ति वना सकते हो। तुम्हारे सिवाय ऐसा करनेवाला और कोई नहीं है। विपत्ति ही तुम्हारे भक्तगण की संपत्ति है। जैसे लोग लौकिक संपत्ति से उन्नति पाते हैं वैसे ही तुम्हारे भक्तगण विपत्ति से ही उन्नति के शिखर पर चढ़ वैठते हैं। इसलिए परमात्मन्! इस जग में तुम ही एकमात्र ऐसे महान् हो जो "कर्तुमकर्तुमन्यथाकर्तुं

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

सर्वसमर्थः"। (करने, न करने व परिवर्तन करने का पूर्ण सामर्थ्यवाला) अन्य कोई नहीं है। तुम्हारे अनंत गुणराशि को देखकर मेरी वाणी कुंठित हो गयी है। तुम्हारे अद्भुत सौंदर्य को देखते देखते मेरे नेत्र पलकना भूल गये हैं। मेरे कान दिन रात तुम्हारी कीर्ति का श्रवण करते नहीं थकते। तुम्हारे पादपद्म के दिव्य मकरंद ने अपने स्वाद से मेरे मन भृंग को संतृप्त बना दिया है। हे अंतर्यामिन्! मैं तुम्हारे अगाध कृपा सागर में पड़कर परवश हो गया हूँ। आनंद ही आनंद है।

संपूर्ण परवश होकर मैं अपने आप को भूल बैठा हूँ। तुम्हारा ध्यान करते करते फूल उठता हूँ। तुम्हारे रहने से अपना जीवन चरितार्थ बन गया है। इस संसार में आनेवाली सारी विपत्तियों को संपत्ति मानकर उनकी प्रतीक्षा में ही समय बिता रहा हूँ। परमात्मन्! तुम्हारे पुत्र की मुग्धता की कोई सीमा नहीं है। आनंद!

१०-१-१९३८

परमात्मन्! न जाने तुम मुझे कब दर्शन दोगे? हे देवाधिदेव! हृदय तुम्हारे दर्शन के लिए छटपटा रहा है। ऐसा पूरा भरोसा रख कर मैं निश्चिंत हूँ कि 'इस जन्म में ही तुम्हारा दर्शन जरूर होगा'। रामकृष्ण परमहंसजी के कथनानुसार तुम्हारे दर्शन के लिए जो व्याकुल रहता है, उसको अवश्य दर्शन मिलता है। मुझे इस विषय पर बिलकुल संशय नहीं है। मुझे भी इसका पूरा विश्वास है कि इस जन्म में ही दर्शन पाने का अधिकार मुझे है। हे अन्तर्यामिन्! मुझमें ऐसी परिशुद्ध भावना जागृत करो कि मेरे रक्त के कण कण में भी तुम रहते हो - यही तुमसे मेरी प्रार्थना है।

आम आदमी तुम्हारे ध्यान को छोडकर वृथा गपशप लडने, निंदा करने आदि हीन गोष्ठियों में अपना समय बरबाद करते हैं। हे सर्वज्ञ! मैं कभी ऐसे नीचतर जीवन को न बिता सकूँगा। मैं तुम से यह अनुग्रह पाना चाहता हूँ कि

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

चाहे मैं नरक में रहूँ या स्वर्ग में, सव जगह तुम्हारे दिव्य नामामृत का सदैव आस्वादन करता रहूँ। यदि तुम्हारा नामोच्चारण जीभ पर सदा नाचता रहेगा तो नरक में भी मैं अपने को भाग्यवान् समझता हूँ।

जो भक्तगण तुम्हारा नामोच्चारण करते हैं उनके लिए स्वर्ग-नरक नहीं है। तुम्हारा नामोच्चारण ही उनकेलिए दिव्य नामामृत है। दिन रात वे तुम्हारी चिन्ता करते हैं।

मैं अपने सर्वस्व को तुम्हारे पदतलों पर समर्पित करता हूँ। समर्पण के वाद निश्चिंत वन बैठता हूँ। तुम्हारे पादपद्मों के ध्यान में मग्न मुझे कोई भी वाधा नहीं सता रही है। मुझे देखने पर उन वाधाओं को भी मुझपर दया उपजती है। लेकिन देवाधिदेव! यह अफसोस की वात है कि इन बाधाओं को डालनेवाले उन पुण्यात्माओं को थोड़ी-सी भी दया नहीं होती है । परमपूज्य पिता! तुम, मेरी विद्यार्थी दशा में जव एक बार मैं अत्यंत दुःखी होकर सोया था तव उसी रात महाविष्णु के साथ दर्शन देकर, मुझे जो सहलाया उस सौभाग्य का वर्णन कैसे करूँ। परमपितामह! तुम्हें मेरे ऊपर कितना प्रेम है! कातरता पूर्ण पुत्र को सहलाने के लिए उस दिन भोर में दर्शनामृत का पान कराके संतृप्त करने के वावजूद भी इस दुष्ट मन को तिलभर विश्वास नहीं है। इसकी कृतघ्नता की जितनी भी निंदा करूँ वह कम ही होगी। हे देव! मैं जानता हूँ कि तुम आड़ में रहकर अपने भक्तों की भलाई के लिए क्या क्या अद्भुत लीलाओं को रच रहे हो। फिर भी हे सर्वव्यापक! मेरे मन को थोड़ा सा भी संतोष नहीं है जिससे मुझे पूर्ण पछतावा हो रहा है।

१४-१-१९३८

मैं तुम पर संपूर्ण विश्वास रखनेवाला हूँ। मैंने जितने पाप किये हैं अगर उनके बारे में सोच-विचार करें तो मुझे तुम से वहुत ही दूर रहना पडेगा। लेकिन तुम किसी दोष की परिगणना न करने के कारण मैं तुम्हारे अत्यन्त

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

निकटवर्ती बन गया हूँ। यदि तुम दोषैकपक्षपाती बनकर दोषों को ढूँढने लगोगे तो हम बेचारे कैसे जी सकेंगे? लेकिन हे पिता! तुम्हारे विशाल हृदय के सामने सारे दुर्गुण गायब हो जाते हैं।

तुम्हारा भक्त इस दुनिया में चरितार्थ बन जाता है। उसकी धन्यता की कोई सीमा नहीं है। उसके सौभाग्य की भी कोई मिति नहीं है। हे परमदेव! मैं संपूर्ण तुम्हारी शरण में आया हूँ। तुम पर सब कुछ समर्पण कर चुका हूँ। हे देव देव! मैं यह महसूस कर रहा हूँ कि तुम मेरे हृदय में विराजमान हो । मेरे हृदय में बसे हुए तुम को देखकर मैं बहुत आनन्द परवश हो रहा हूँ । तुम मेरे हृदय में बस लेने के कारण, मेरे नर-नाडियों में प्रवहित खून के हर एक बूँद में आनंदांश चलना मेरे अनुभव में आ रहा है। अहह! मेरा हृदय तुम्हारे स्पर्श से कितना शीतल बन गया है! हे देव देव! तुम्हें मुझपर कितना प्रेम है। मैं कैसे इस ऋण भार को चुकाऊँ? मैं तुम्हारा बहुत ही ऋणी हूँ। मैं तुझे क्या देकर ऋणमुक्त हो जाऊँ?

हे परमपूज्य! तुम्हारे महोपकार से मैं पूर्ण मूक बन गया हूँ। मैं अब कुछ नहीं बोल सकता । हे परमात्मा! देव! मेरे आनंद का कारण तुम्हीं हो।

१६-१-१९३८

दूसरों की निंदा करने का गुण कैसे दूर हो पायेगा? मान लो कोई मेरी निंदा करता है । अगर मैं भी उसकी प्रतिनिंदा करने लगूँ तो वे (निंदक) मेरी निन्दा करने में और दो कदम आगे बढ़ेंगे। प्रतिनिंदा सुननेवाले वे निन्दक क्रुद्ध होकर उनको अपने दोषों को समझने का मौका ही नहीं मिल पाता। जो भले ही सत्यनिष्ठ हो, अगर निन्दक की प्रतिनिंदा करने लगे तो वह अपने पर्यावरण को प्रदूषित कर लेता है। कालांतर में वह स्वयं ही निंदक की अपख्याति प्राप्त कर लेता है और अपने आप को ठीक से न समझकर सत्यभ्रष्ट हो जाता है। लेकिन दैव भक्त के संग से सब कुछ कल्याणमय होना चाहिए न? जहाँ साधु

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

संन्यासी रहते हैं वहाँ परस्पर विरोधी प्राणी भी अपने पारस्परिक द्वेष को छोडकर परस्पर प्रेमभाव से रहना हम सुन चुके हैं। यह कोई झूठ नहीं है। सत्पुरुष के संग से दुष्ट भी सत्पुरुष बन जाता है। वह कैसे? दूसरों की निंदा करनेवाला ही दुष्ट पुरुष है। सत्पुरुष उसकी प्रतिनिंदा न करके उसके बारे में उपेक्षा भाव धारण करता है। जिससे दुष्ट व्यक्ति निंदा करते करते ऊव जाता है और अन्त में थक भी जाता है। उसके बाद वह मन ही मन सोचने लगता है कि मैं क्यों पागल की तरह निंदा करने में लगा हूँ? यह परम अन्याय है। इसलिए उसमें यह समझदारी आ जाती है कि आगे चलकर, दूसरों की निंदा नहीं करनी चाहिए। सत्पुरुष परनिंदा न करके उपेक्षा भाव धारण करने से निन्दक को अपने भीतर झांककर देखने का मौका मिलता है। जिससे ज्ञानोदय का सत्परिणाम हो कर वह परिवर्तित हो जाता है। यदि कोई सत्पुरुष की निंदा करता है तो उसका `सौभाग्य` है। इसीलिए कि अन्ततो गत्वा सत्पुरुष के सहवास से निन्दक में सुज्ञान का उदय होता है। रे मानव! सुनो, मैं सच कहता हूँ। इसलिए वडे लोग कहा करते हैं कि सज्जनों के संग से दुर्जन भी सज्जन बन जाते हैं। इसीलिए सत्पुरुषों को इस दुनिया में देवताओं से भी बडकर ऊँचा स्थान मिला है।

१९-७-१९३८

हे जगदीश्वर! तुम्हारी कृपा की छत्र छाया में वसे अपने भक्त जनों के धैर्य के बारे में कहना ही क्या? अहह! मैं तो निडर बन गया हूँ। मैं तुम्हारे महदाश्चर्य जनक अद्भुत लीलाओं को देखते देखते चकित हो गया हूँ। तुम्हारे सर्वव्यापी होने की वजह से ही सबके हृदय के रहस्यों को तुम समझ सके हो। तुम्हारी लीलाओं को जाननेवाले तुम्हारे अंतरंग के भक्त जन के हृदय ही तेरा आवास स्थान है। हे परमात्मन्! तुम प्रसन्न होकर जिसे अपनी महिमा को दिखाना चाहते हो वे ही तुम्हारे रहस्य को समझ पाते हैं। हे परमपूज्य! तुम्हारे स्पर्श से

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

मैं पवित्र बन गया हूँ। दिन रात तुम्हारे पवित्र ध्यान के सिवाय मैं और कुछ नहीं माँगता।

२१-१-१९३८

मैं अपने मन को जितना भी समझाऊँ, वह संपूर्ण विषयासक्त बन बैठा है। मैं क्या करूँ? वह उसे बहुत सुखदायक समझ बैठा है। शिव शिव! वह उसे पाने के लिए छटपटा रहा है। रे मन! आगे जाकर सतर्क नहीं रहोगे? मैं तुम से क्या कहूँ? महादेव! मन की हीन परिस्थिति ने मुझे बहुत दुःखी बना दिया है। मैं अपने आप पर नाराज होकर इस जन्म को ही तिरस्कार करने लगा हूँ।

२२-१-१९३८

एक दिन मन बहुत पवित्र होकर लोकोत्तर आनंद में लीन रहता है। दूसरे दिन बहुत अपवित्र स्थिति में रहता है। इसके मुख्य कारण ये हैं कि मानसिक दौर्बल्य, आहार दोष और संग दोष। संग दो प्रकार के होते हैं - आंतरिक संगति और बाह्य संगति। आंतरिक संगति वैचारिक संगति कहलाती है। बाह्य संगति दो तरह की होती है - समीपस्थ संगति, दूरस्थ संगति। इन सब कारणों में मुझ में कौन-कौन से हैं? मानसिक दौर्बल्य मुझमें पूर्ण प्रमाण में है। इसकेलिए पुराकृत संस्कार और विषय लोलुपता ही कारण हैं। संभाव्य अस्थिरता और विचार शक्ति की दुर्बलता भी कारण बन सकते हैं। जो अपने मन के दौर्बल्य को दूर करना चाहता है उसे इन दोषों को दूर करना होगा।

आहार दोष - यह मुझमें उतना नहीं होने पर भी नहीं के बराबर तो नहीं, यह भी कुछ है। अब संगदोष की बात।

आंतरिक संगति - इसे बहुत पवित्र रखना चाहिए। मन की अपवित्रता से आंतरिक संग भी अपवित्र बन जाता है। अगर आंतरिक संगति पवित्र रहे तो,

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

यह समझना कि मानव जन्म मुक्त हो गया। मुझ में यह दोष अत्यधिक है। इसे दूर करने केलिए विचारों का पवित्र होना जरूरी है।

वाह्य संगति - यह स्थूल रूप से संवद्ध है। मुझे इसमें पहलेवाला समीपस्थ संगति उत्तमोत्तम है। इस विषय पर मुझे कोई चिंता करने की आवश्यकता नहीं है।

दूरस्थ संगति - यह मुझे उतना हितकरसा नहीं है? मेंरे दूरस्थ संगति कुछ अपवित्रसा ही है। इसे दूर करने के लिए लोगों के संसर्ग को कुछ कम कर लेना चाहिए। एकांतवास को चुनना चाहिए। अस्तु, जवतक ये सारे दोष दूर नहीं होंगे तवतक उद्धार नहीं हो सकता।

अगर साधारण आदमी अचानक घर में आयेगा तो उस घर के मालिक अपने घर को साफ-सुथरा बनाये रखने केलिए पूरा यत्न करता है। ऐसा नहीं करने से उसके आत्मगौरव पर धक्का लगता है। और घर आनेवाले भी आने में इतना खुश नहीं होंगे। वह उनके लिए गौरव की बात भी नहीं है। इसी प्रकार हमें यह समझना चाहिए कि जब साक्षात् परमेश्वर ही पधार रहा है उसके स्वागत के लिए हमें कितनी व्यवस्था करनी होगी?

देह ही देव मंदिर है। हृदय ही गर्भ गृह है। यदि परमेश्वर वहाँ आता हो तो उसे पूर्ण पवित्र रखना चाहिए। उसके लिए उसको विचार शक्ति नाम के बंधक से बाँधे हुए, ज्ञान नाम के झाडू से ऊपर कहे गये सारे दोषों के कचड़े को झाड़ कर दूर फेंक देना चाहिए। यदि घर साफ सुथरा हो तो हर एक को उसे देखने और उसमें रहने की अभिरुचि उत्पन्न होती है। जैसे देव मंदिर पवित्र होकर कई भक्त जनों के मन को अपनी ओर आकर्षित कर लेता है। वे उस मंदिर को देखकर संतुष्ट हो कर, जग में प्रचुर करते हैं। अपने हृदय में निरंतर रहनेवाले परमेश्वर से निवेदन करते हैं। भगवान् स्वयं अंतरंग में विचार कर लेता है। फौरन उसे भी अभिलाशा उत्पन्न होती है कि जाकर देखूँ और वहाँ

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

पर निवास करूँ। वस वह तुरंत वहाँ आकर बस जाता है। परमात्मा के निवास से भक्त का हृदय आनन्द से फूल उठता है। उसका मन सम्पूर्ण शांत हो जाता है। देवमन्दिर कितना शान्त रहता है! वैसे ही भगवान् आकर जव अपने हृदय में निवास करने लगता है तब भक्त का हृदय इस जग को पूर्ण रूप से भूल जाता है। उसकी सारी वासनाएँ दूर हो कर वह निष्कल्मश वन जाता है। उस दिन के उसके हृदय की परिस्थिति को यह काली मुँह की लेखनी क्या वर्णन कर सकेगी? वह असामान्य है। अगर यह कहें तो द्विरुक्ति होगी कि उसका जन्म सार्थक होगा। धन्यता की कोई हद नहीं। आनंद का आर पार नहीं। वह कृतार्थ है, वह सफल है। ऐसे पुण्यजीवी को मेरा कोटि कोटि प्रणाम। ऐसे पुण्यजीवी के पद पद्मों पर कोटि कोटि नमस्कार।

३१-१-१९३८

यह मन एक क्षण पवित्र होकर, दूसरे क्षण अपवित्र होकर और एक क्षण में अनिर्वचनीय दशा में पहुँच जाता है। लेकिन विचार शक्ति बढ़ते बढ़ते सुविचार बलवत्तर होकर दुर्वासनाएँ विनष्ट हो जाती हैं। प्रधान रूप से परमात्मा के अनुग्रह के बिना कोई भी मनुष्य आगे नहीं बढ सकता। सारा विश्व सुखी रहे! परमात्मा का श्रेयोराज्य अविच्छिन्न बना रहे! परमात्मा की दिव्य कृपा निरंतर भक्त जनों पर बनी रहें।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi


June 2nd Thursday 1938 153

सत्य, ब्रह्मचर्य, परोपकार, ये तीनों परमेश्वर के पास ले जानेवाले साधन हैं। सत्य ही रथ है; ब्रह्मचर्य ही सारथि है; परोपकार ही अश्व है। जिसमें ब्रह्मचर्य न हो वह कभी सत्य का पालन नहीं कर सकता। जो सत्य के पालन

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

में असमर्थ हो वह कभी परोपकार नहीं कर सकता। ये तीनों जिसमें न हों वह कभी इस जग में सुखी नहीं रह सकता। मानव के जीवन केलिए ये तीनों साधन हैं। ये अपने अनुभव की बातें हैं।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

८

त्रिरत्न : सत्य -ब्रह्मचर्य-परोपकार

१६-९-१९३८

परमात्मन्! हम कितने कायर बन गये हैं। तुम जब इस विश्व के पिता हो तब हमें डरने की क्या बात है? डरना नहीं चाहिए। तुम पर विश्वास नहीं हो तो डरना ही पड़ेगा। देव देव! दूसरों के निंदा वाक्य सुन कर मुझे अतीव दुःख होता है। लेकिन उन निंदा वाक्यों के प्रेरक तुम्हीं हो। तुम्हारी प्रेरणा में कभी बुराई नहीं होती। हमारे हित के लिए ही इस जग में देश कालानुसार प्रेरणा करते रहते हो। अनंतशक्ते! अवेद्यमहिमा! तुम्हें कोटि कोटि प्रणाम। हे पिता! मुझे सत्य मार्ग पर ही रखकर इस जीवन को बिताने की कृपा करो।

१७-२-१९३८

मुझे मालूम है कि मैं अज्ञान के कारण कितने दुःख का अनुभव कर रहा हूँ। फिर भी परमात्मा से प्रार्थना करता हूँ कि इस अज्ञान को दूरकर मेरी रक्षा करो।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

१८-२-१९३८

हे परमात्मन्! परमात्मन्! इस संसार की वडवाग्नि में जल जलकर मैं दुर्वल हो गया हूँ! तुम्हारे पादारविंदों में सर्वार्पण करके निश्चिंत होकर वैठा हूँ। तुम्हीं मेरे रक्षक हो। तुम पर अखंड, अछेद्य भरोसा है। मैंने तुम पर विश्वास रखकर इस भववंधन से छुटकारा पाया। मैं धन्य हूँ। मुझे अपरिमित आनंद! आनंद!

२०-२-१९३८

परमात्मन्! यदि तुम मुझे भूल वैठोगे तो मेरी रक्षा करनेवाला और कोई नहीं है। मुझे सर्वदा सत्य मार्ग पर ही चलने की प्रेरणा दो। जब मुझसे थोड़ा-सा भी गलती हो तो तत्क्षण मुझे दंड दो। हे परमेश्वर मुझे दृढ विश्वास है कि तुमपर विश्वास रखनेवाला मुझे किसी काम में हार खाने की गुंजाइश ही नहीं। अवतक तुम्हारे कृपावल से मैं असत्य की ओर नहीं गया। परास्त भी नहीं हुआ। पहाड़ जैसे आये हुए महान् विघ्न तिनके जैसे गायब हो जाते हैं। हे देव! तुम्हारा अपरिमित अनुग्रह तुम्हारी सेवा में मुझे आगे वढ़ाये। चूँकि सारा जग ही तुम्हारी कुक्षि में है, मैं समझता हूँ कि जग की सेवा ही तुम्हारी सेवा है। तुम्हारी इस सेवा में आनेवाले विघ्नों को दूर कर मेरी रक्षा करने का भार तुम पर है।

में तुम पर विश्वास रखने के कारण जो भी मुझसे विरोध करता है वह शरणागत हो जाता है। यह तुम्हारी कृपा के सिवाय और कुछ नहीं। अवतक जितने भी लोगों ने विरोध किया वे सव विफल हो कर चुप हो गये।

तुम जिस के साथ हो वह लोगों की नज़र में एकाकी होने पर भी उसे हराना नामुमकिन् है। अगर परमात्मा चाहें उसकेलिए कुछ भी असाध्य नहीं है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

२३-२-१९३८

सत्य ही आत्मा का आहार है। रे मन! सत्य के लिए जीओ! सत्य में जो आनंद है उस की अनुभूति करो। सत्य के सुख को चख कर शांत रहो। सत्य, सत्य जप करते इस जीवन को पूरा करो। सत्य, ब्रह्मचर्य और परोपकार ये तीन ही परमात्मा के प्यारे गुण हैं। यदि परमेश्वर को प्रसन्न करना चाहते हो तो इन तीनों गुणों को अपना लो। इन तीनों के लिए अपने प्राण तक वलि चढ़ाओ। अनित्य प्राण को त्यागकर नित्य सत्य कि महत्ता को सारे जग को दिखा दो।

२७-२-१९३८

आज श्री पट्टाध्यक्ष स्वामीजी पधारे हैं।

कौन जानता था कि आज तुम यहाँ आनेवाले थे? परमात्मा ने मुझे दर्शन देने की इच्छा से अपने स्वरूप से अभेद्य तुम को ही यहाँ भिजवा दिया है। देव देव! तुम्हारी महिमा विचित्रतम है। इस दीन की रक्षा करना सर्वथा तुम्हारे विना और किसी से नहीं हो सकता।

२८-२-१९३८ (महा शिवरात्रि)

यदि परमात्मा मुझपर प्रसन्न होगा तो मेरा मन शिवरात्रि के दिन अवश्य प्रसन्न रहेगा। मैं ने सोचा था कि अन्यथा होगा। मेरी इस पुकार सुनकर अपने साक्षात् परमात्मा श्री गुरुदेव तुरंत पधार कर इस शिवरात्रि में भाग ले रहे हैं इससे मैं साक्षात् ईश्वर के सांनिध्य को ही महसूस कर रहा हूँ । तुम जरूर मुझपर पूर्ण दया दृष्टि रखें हो।

४-३-१९३८

हे गुरुदेव! हर एक क्षेत्र में मुझे विजयी वनाये हो! आगे भी इस दीन का पालन तुम्हारे ही अधीन है। इसे स्वतंत्र शक्ति नहीं है। तुम्हें छोड़कर अन्य

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

कोई इसको पालनेवाला नहीं है। यदि तुम भी उपेक्षा करोगे तो इसे खाने के लिए रोटी तक नहीं मिलेगी। हे परमात्मन्! मैं यही प्रर्थना करता हूँ कि मुझे रक्षा करने की पूर्ण कृपा करो।

६-३-१९३८

(---) गाँव के (---) अमुक आदमी बड़े धूर्त होने के कारण सारे गाँव में विद्वेष बडकर कई तरह की तकलीफें पैदा हो गयी हैं। ऐसे दुष्टों को गाँव से निकाले विना गाँवों को क्षेम नहीं है। इसलिए परमात्मा से प्रार्थना करता हूँ कि हे जगदीश्वर! शीघ्रातिशीघ्र ऐसे दुर्जनों को दूर हटाकर जग का पालन करो।

८-३-१९३८

हे परमेश्वर! मैं दिन रात तुम्हारे ध्यान में मग्न हूँ। तुम्हारे चरणामृत का पान करके, मैं तुम्हारी भक्ति में मुग्ध हो गया हूँ। तुम्हारे लिए बिना चिन्ता अपने प्राण देने को भी मैं तैयार हूँ। ऐसे प्रसंग को मेरा भाग्योदय समझता हूँ। मेरे भाग्य के बंधो! तुम कब मुझे दर्शन देकर सांत्वना दोगे? मैं बड़ी कातुरता से तुम्हारे दर्शन की प्रतीक्षा कर रहा हूँ। हे परमात्मन्! तुम कहाँ हो? आओ, मेरे नेत्रों को शांति प्रदान करो।

९-३-१९३८

हे परमात्मन्! तुम्हारी दया बुद्धि की प्रशंसा जितनी भी करें वह कम है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि तुम मेरे योगक्षेम को निभाओगे। मैं मानता हूँ कि यह सब चिंतामणि मंत्र का ही प्रभाव है।

१२-३-१९३८

हे पिता! मैं तुम्हारे गुणराशि से मुग्ध हूँ। तुम्हारे अनमोल कृपाश्रय में निश्चिंत हूँ। तुम्हारे पादकमलों में भ्रमर बनकर मकरंदामृत का आस्वादन करता हूँ। ओह! मुझपर तुम्हारी कितनी कृपा! मुझपर कितना प्रेम!

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

दीनदयालो! तुम्हारे उपकार के वोझ से मुँह से शब्द नहीं निकल रहे हैं। पतानुमुद्रा धारणकर निश्चिंत हूँ।

२०-३-१९३८

हे महेश्वर! तुम्हारे संग सुख का अनुभव, ये मूढ़ क्या जानें? हाय! अज्ञानियों! व्यर्थ से ही विषय लंपट होकर अपनी जिन्दगी बरबाद कर रहे हो। विशुद्ध प्रेम के स्वरूप को समझने की चेष्टा क्यों नहीं करते? मोह को ही प्रेम समझकर धोखा खा गये। हे परम पितामह! क्या इन मूढ़ों को देखकर तुम्हारा हृदय पिघलता नहीं? शिव शिव! बर्बाद हो रहे हो, सावधान!

२६-३-१९३८

हे मानव! परमेश्वर पर जरूर विश्वास रखो। तुम्हें शाश्वत शांति मिलेगी। कष्टसहिष्णुता शांति साधक के लिए अत्यावश्यक है। सच्चे दिल से सत्य, ब्रह्मचर्य, परोपकार इन तीनों गुणों को अपना लो। ये तीन ही जग को संसार सागर से उबारेंगे। सत्य ही शिव, ब्रह्मचर्य ही ब्रह्म, परोपकार ही विष्णु हैं। इन तीनों गुणों का फल ही परात्पर वस्तु है।

३-४-१९३८

मेरे पुण्य की कोई सीमा नहीं। अपने सौभाग्य की कोई मिति नहीं है। अपनी धन्यता का कोई आरपार नहीं। परुष मणि से चुम्बित लोहे के माफिक तुम्हारे स्पर्श से मैं जीवन्मुक्त हो गया। मेरा जन्म सार्थक हो गया। मेरा भव बंधन हट गया। अब मुझे जनन-मरण कि श्रृंखला नहीं है। मैं जी उठा। शिव, शिव, शिव, शिव!

४-४-१९३८

हे देव! तुम्हारे विरह ने मेरे मन को मुरझा दिया था। आज तुम्हारे दर्शन से अपना मनःकुसुम खिलकर अपनी खुशबू को चारों ओर फैला रहा है। मैं

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

धन्य हूँ। मेरे आनंद की कोई सीमा नहीं। आनंद ही आनंद! अपनी डायरी (दिनचरी) को जो पुण्यात्मा पढ़ेगा वही धन्य है!

८-४-१९३८

मेरे पूर्वाभिधान को ठीक न समझ कर मुझे तुम्हारा कुमार बनाकर शिवकुमार नाम से नूतनाभिधान किया। मेरा नाम अब दिन रात मुझे तुम्हारे पुत्रत्व की याद दिलाती है। हे पिता! मैं तुम्हारा उपकार कभी नहीं भूलूँगा।

११-४-१९३८

हे परमेश्वर! अस्थिर चित्त ही विपत्तियों का आवास स्थान है। स्थिर चित्त ही निश्चिंतता का मूलस्थान है। इसलिए मैं अनन्य भक्ति से प्रार्थना करता हूँ कि मुझे तुम्हारे पदतलों में सदा अविचलित होकर रहने की कृपा कर दो। हे दीन दयालो! तुमने पहले ही स्वीकार कर लिया है कि मैं तुम्हारा प्रीतिपात्र पुत्र हूँ। देव देव! मैं तुमसे यही माँगता हूँ कि तुम मेरे अपराधों की परवाह न करके हाथ पकड़कर मेरी रक्षा करो। देवाधिदेव! तुम्हारे विरह से मैं बहुत दुःखी हो गया हूँ।

१३-४-१९३८

लेकिन हे परमेश्वर! यदि तुम कृपा नहीं करोगे तो अब तक जो यश मिला है वह सब मिट्टी में मिल जाएगा। कोई यह न समझे कि मैं यश की कामना से ही यह सब कुछ कर रहा हूँ। पिछले दिनों में प्राप्त यश यदि स्थिर बने रहें तो भविष्य के कामकाज निरातंक चलेंगे । नहीं तो लोगों के मन में श्रद्धा कम हो कर दुष्ट बुद्धि जाग उठेगी। तब अनेक तरह की विघ्न बाधाएँ उपस्थित होंगी। इसलिए मैं तुमसे यह नहीं मागँता कि अपने कार्य निरातंक से पूर्ण करा दो। क्योंकि उसमें अपना स्वार्थ नहीं है। निश्चित ही मुझमें स्वार्थ नहीं है। तुम जानते ही हो कि सत्य केलिए, समाज की भलाई के लिए मैं लडता हूँ। हे

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

परमेश्वर! ऐसी कृपा करो कि हाथ लगे काम निरातंक से पूर्ण हो जाय। मैं जो कुछ करता हूँ वह सव कुछ तुम्हारी सेवा ही है। अगर उसमें तनिक भी स्वार्थ हो तो मैं दंड भुगतने केलिए तैयार हूँ। देवाधिदेव! इस अवसर पर मेरी इज्जत वचाना तुम्हारे ऊपर है। मैं अत्यन्त दीन होकर माँग रहा हूँ। मुझे अव तक हर काम में जो उत्साह प्रदान किया वही उत्साह आगे भी देकर, सव की सेवा करने का सुअवसर प्रदान करो। मैं इससे ज्यादा तुमसे विनति नहीं करूँगा। परम पितामह! तुम को मेरी रक्षा करनी होगी। यदि तुम्हारा अस्तित्व सच हो तो मेरी कभी हार न होगी। सर्वत्र जयशील हो जाऊँगा। मेरे मन की इच्छा यही है कि तुम्हारी सेवा में कोई विघ्न-वाधाएँ उपस्थित न हों।

मेरा तप है - ब्रह्मचर्य, सत्य, परोपकार! इन तीनों की साधना मैं कर रहा हूँ। ये तीन ही इस जग में मानव के हृदय को शांति देनेवाले हैं। इन तीनों को मैंने अपने जीवन का रत्नत्रय समझ रखा है। मैं वार-वार प्रार्थना करता हूँ कि परमेश्वर की कृपा से इन तीनों का पालन कर सकूँ ।

२४-४-१९३८

हे शिव! तुम ही मेरे रक्षक हो। तुम्हीं रक्षा करो। देव देव! तुम ही रक्षा करो! देव देव! तुम ही रक्षा करो। देव देव! तुम ही रक्षा करो। हे देव!

परमेश्वर के पवित्र अनुग्रह से मेरा जीवन सार्थक हो, मेरा हृदय सुशीतल होकर संपूर्ण शांतभाव से भरकर छलकने लगे। इसी लक्ष्य से दिनरात उसके दिव्य नाम का स्मरण करता हूँ। उसके वारे में संपूर्ण कृतज्ञ हूँ। देव देव! तुम्हारे वारे में मैं क्या कहूँ? मैं तुम्हारे स्पर्श से पवित्र वन गया हूँ।

२९-४-१९३८

हे परमेश्वर! तुम जानते हो कि मैं तुम से कुछ भी नहीं छिपा हूँ। मुझे तुम्हारे सिवाय और कोई वंधु वांधव नहीं है। मैं तुम्हारे सिवाय और किसी की शरण में नहीं गया हूँ। यदि तुम मेरे दोषों की ओर नज़र डालोगे तो मैं तुम से

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

बहुत दूर हो जाऊँगा। हे दीनबंधो! ऐसी दया करो कि मैं सर्वदा तुम्हारा कृपापात्र बना रहूँ। तुम्हारी कृपा के विना मैं और कुछ नहीं माँगता। मैं जानता हूँ कि यह जग संपूर्ण मिथ्या है। मैं एक गरीब हूँ, दीन हूँ। मेरे सारे मानापमान तुम्हारे सुपुर्द हैं। तुम्हें प्रसन्न होकर रक्षा करनी चाहिए। मैं तुम्हारे चरणकमलों पर पड़कर प्रार्थना करता हूँ।

३-५-१९३८

मैं परमेश्वर पर सदृढ विश्वास रखता हूँ। सामान्य मनुष्य भी विश्वास रखनेवाले को धोखा नहीं देता। जब वात यह है, भगवान् कैसे अपने भक्तों को धोखा देगा? जिसे भगवान् के स्वरूप का परिचय नहीं है वहीं कह सकते है कि भगवान् विश्वास रखनेवालों को भूल जाता है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि जो विश्वास रखता है उसका हाथ पकड़कर उसकी रक्षा जरूर करता है। रामकृष्ण परमहंस के कथनानुसार जो भक्त उसके लिए छटपटाता है, उसके लिए भगवान् भी छटपटाता है। यह सच है कि इस जीवन में सात्विक जीवन ही सुखी जीवन है। जो तापत्रय से मुक्त है वही सुखी है।

५-५-१९३८

आज अपने हृदय में जो आनंद हो रहा है उसका वर्णन मैं नहीं कर सकता। मैं कैसे बताऊँ कि वह आनन्द क्या है? मुझे तो हो रहा है: आनंद ही आनंद! अहह! आनंद आनंद! तुम नहीं जान सके? मुझे तो आनंद ही आनंद हो रहा है। आनंद! मैं आनंद परवश हूँ! आनंदित! आनंदित! आनंद! आनंद! मैं पागल बन गया हूँ। आनंदपरवश हो गया हूँ।

७-५-१९३८

मन को हजारों बार समझाने पर भी सौ वर्ष सिखायी गयी समझदारी सिर्फ एक सेकेंड में भूल जाती है। मन पर माया मुद्रा उतना बलवत्तर है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

माया को त्यागना ठीक-ठीक मालूम होने पर भी संग दोष से अपने स्व-स्वरूप को भी भूल जाता है। हे परमेश्वर! तुम्हारे पदतलों पर पड़कर प्रार्थना करता हूँ कि सत्य, ब्रह्मचर्य, परोपकार इन तीनों गुणों को प्राप्त करने के लिए विशेष प्रकार की शक्ति को प्रदान कर, रक्षा करो।

२२-५-१९३८

जिसमें ब्रह्मचर्य न हो, वह चाहे अगाध गुणवान् हो, फिर भी वे गुण उसमें स्थिरता से नहीं रह पाते। छेदवाले मटके में पानी भरने जैसे व्यर्थ होता है। मैं दृढ़ता से यह कह सकता हूँ कि सुखी जीवन के लिए ब्रह्मचर्य ही प्रधान है। जो ब्रह्मचर्य को पालन नहीं करता वह शांति पा नहीं सकता।

रे मानव! तुम्हें मनुष्य बनने की इच्छा हो तो पहले ब्रह्मचर्य का पालन करो! पहले पहले मुश्किल सा लगने पर भी संग, आहार, ग्रंथों की सहायता से इस व्रत का पालन आसानी से कर सकते हो। जय! जगदीश्वर! इस जग को पालनेवाला तुम्हीं हो।

१-६-१९३८

ऐसा कोई पाप बचा नहीं है जिसे ब्रह्मचर्य को पालन न करनेवाले ने किया न हो। जो भी गुणार्जन करना हो तो पहले ब्रह्मचर्य का पालन करना चाहिए। गोंद न हो तो पदार्थ आपस में नहीं चिपकते। जैसे मानव को पृथ्वी आधारभूत है वैसे ही सुखी जीवन के लिए ब्रह्मचर्य आधारभूत है। जिसमें ब्रह्मचर्य नहीं उसमें कोई गुण नहीं के बराबर है।

सत्य, ब्रह्मचर्य, परोपकार ये तीन परमेश्वर तक पहुँचाने के साधन हैं। सत्य ही रथ है, ब्रह्मचर्य ही सारथि है, परोपकार ही अश्व है। जो ब्रह्मचारी नहीं वह किंचित् मात्रा में भी सत्य का पालन नहीं कर सकता। जो सत्य का पालन करने में असमर्थ है वह कभी परोपकार नहीं कर सकता। जिसमें ये तीनों न हो

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

वह कदापि जग में सुखी बन नहीं सकता। मनुष्य के सुख-जीवन के लिए ये तीनों साधन हैं। यह मेरे अनुभव की बात है।

६-६-१९३८

परमेश्वर जरूर रक्षा करेगा। अपने में सत्य जबतक पक्का न होगा तबतक परमेश्वर की निंदा करना मूर्खता की बात है। दिन रात तुम्हारे ध्यान में ही मैं हूँ, मेरे मानापमान तुम्हारे ही हैं। मैं जितनी भी चिंता करूँ फायदा नहीं है। ईश्वर संकल्प के अनुसार ही होगा, अन्यथा कभी नहीं होगा। ईश्वर से बढ़कर और कौन है?

७-६-१९३८

हे परमेश्वर! मैंने पिछले दिन को सुख से बिताया। मेरे हृदय के सारे भाव तुमसे छिपे नहीं हैं। उचितानुचित को करनेवाले तुम रहते मैं क्यों सोचा करूँ?

मैं कभी तुमसे यह मांग नहीं रख सकता कि ऐसा वैसा करो। जो उचित है, जिसमें सुख है उसे तुम करोगे ही। तुम सर्वज्ञ होने के नाते मैं अगर कुछ विनती करूँ तो तुम्हारे स्वरूप का ही अपमान होगा। सब की विनतियों की जानकारी तुम को पहले ही रहती है।

८-६-१९३८

हे परमेश्वर! सदा तुम्हारे ध्यान में ही रहता हूँ! मेरे अंतरंग के बारे में तुमसे कुछ भी कहने की आवश्यकता नहीं है। हे दयामय! तुम्हारी दयालुता इस दुनियाँ के परिपालन में साबित हो जाये। अन्यथा हमारे जैसे लोगों की हालत चिंताजनक हो जाएगी। तुम्हारे सिवाय और किसी पर विश्वास नहीं।

९-६-१९३८

ऐसा प्रतीत हो रहा है कि गाढ़ांधकार दूर हो गया।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

१२-६-१९३८

हे परमेश्वर! तुम्हारे दूर हो जाने के कारण सारा जग विषादमय हो गया है। दिन-रात तुम्हारा ही ध्यान कर रहा हूँ। तुम्हारे चरण कमलों पर विश्वास रख कर, संतुष्ट हो रहा हूँ। हे देव देव! तुम्हें मेरी रक्षा करनी चाहिए। तुम्हें भूलकर एक मिनिट भी नहीं विता सकता। तुम पर मेरा समस्त भार सौंपकर निश्चिंत वन गया हूँ। देव! तुम ने विछुड़कर मुझे वहुत विरह दुःख दिया है। मैं इसकी प्रतीक्षा में हूँ कि तुम मेरे हृदय के संताप को दूर करनेवाली अमृतवृष्टि की वर्षा कव करोगे? हे देवाधिदेव! मेरी कामना यही है कि अपना हृदय सर्वदा शांत रहे।

१५-६-१९३८

जो जितेंद्रिय है वही मनुष्य सदा शांत, सात्त्विकप्रिय, विषय वैरागी और सर्वत्र अपने आप को देखने में समर्थ रहता है। आहार की परिशुद्धता के विना ब्रह्मचर्य का पालन करना संपूर्ण असंभव है। मनोदार्ढ्य रहते हुए भी विकृतेंद्रिय सन्निवेश आ पडे तो अपने कावू में नहीं रहता। इसलिए सदा जागरूकता से रहना असाध्य है।

१९-६-१९३८

हृदय दुःख से छटपटा रहा है। इस प्रकार सुख-दुःखों के वश में होकर आनंद व विषादों का अनुभव करना मुझे विलकुल ठीक नहीं लगता। कुछ भी हो, कभी किसी भी हालत में परमेश्वर मुझे भूला नहीं है। यह कहना शुद्ध असंगत होगा कि वह आज मुझे भूल वैठेगा। चाहे जितने भी कष्ट क्यों न झेलने पड़े, धैर्य से समय गुजारना होगा। मैं तुम पर निश्चित विश्वास रखता हूँ। हो जाय, मेरी परीक्षा हो जाय। मैं पूरे विश्वास के साथ इस विपत्ति का सामना करूँगा। यदि परमेश्वर को मुझपर प्रेम हो और मुझमें सत्य हो तो कार्य की सिद्धि में कोई संशय नहीं है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

हे परमेश्वर! तुम्हारी सेवा समझकर ही मैं निकला हूँ। धन के लोभ से नहीं। मैं जो कुछ भी करता हूँ वह सब तुम्हारी सेवा में । मेरी हार्दिक अभिलाषा यही है कि तुम्हारी सेवा मुझसे निरातंक हो; मेरा जीवन सफल हो जाय।

देवाधिदेव! मेरे मन की अस्थिरता को देखते हुए हृदय काँप उठता है। फिर भी क्या करूँ? किसी भी हालत में हमारे रक्षक तुम रहते ही हो। मैं तुम पर सारा भार डालकर निश्चिन्त रहता हूँ। महादेव! तेरे शरण में आये मुझ को रक्षा करना तुम्हारी जिम्मेदारी है।

२०-६-१९३८

परमेश्वर! इस परिस्थिति को तुम अपनी आँखों से देख रहे हो! यदि तुम्हारी कृपा न होगी तो मुझे संपूर्ण दुःखी होना पडेगा। तुमने मेरा हाथ कभी नहीं छोडा है। यह सच है कि आज भी तुम मेरा हाथ नहीं छोड़ोगे। फिर भी हृदय पूर्ण अविश्वासी है। हे देवाधिदेव। मेरे मानापमान तुम्हारे ही हैं।

२१-६-१९३८

परमेश्वर रक्षा करता है !

दुनिया की सोच का ढंग देखकर मैं दंग रह गया हूँ। परमेश्वर! सारे जग में सत्य नहीं बचा है। यहाँ सत्य का कोई मूल्य नहीं है। देवाधिदेव! तुमने मेरी प्रार्थना सुन ली। काम पूरा हुआ। तुम्हें सहस्र धन्यवाद। मुझे पग पग पर यह महसूस हो रहा है कि तुम मेरे हाथ कभी नहीं छोड़ोगे। सत्यमेव जयते। हे परमेश्वर! मैं तुम्हारा कृपापात्र हूँ। तुम्हारे पदतलों में पूर्ण रूप से लीन हो गया हूँ।

२६-६-१९३८

परमेश्वरानुग्रह से दिन तो सुख से गुजर रहे हैं। लेकिन कोई कमाई नहीं

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

हो रही है। मैं अच्छी तरह जानता हूँ कि परमेश्वर के रहते इस पर हम लोगों की चिंता अविवेक सावित होगी। दीनदयालो! इन दीन की रक्षा करना तुम्हारा कर्तव्य है।

३०-६-१९३८

आज गरूडनगिरि पहाड पर चढे थे। साधु-नोणंवलिंगेश्वर के दर्शन करने के वाद ऊपर शिखर में शंकरेश्वर का दर्शन करने जव गये उस समय गु.लिंगप्पा भीतर गया। वहाँ सोया हुआ भालू वाहर निकलकर गर्जन किया। एक लडके और सींघ फूँकनेवाले आदमी को घायल करके भाग गया। बाकी सव वच गये। `करडी हळळी`गाँव के भक्तजन भी साथ आये थे। गिरीशय्या भी आया था। और कोई खास घटना नहीं हुई। रक्षा हेतु ईश्वर है। सत्य, ब्रह्मचर्य, परोपकार ये तीनों हमारे सुख जीवन के साधन हैं।

२-७-१९३८

सुनने में आया कि सिरिगेरे, बूदिहाळ, मुत्तुगदूर सरहद में विशेष रूप से वर्षा हुयी है और फसल अच्छी हैं। यहाँ पर तो वर्षा न होने के कारण लोगों को वहुत तकलीफ हुई है। हमें तो वड़ा दुःख हुआ है। चिक्केगौडजी के पत्र से पता चला है कि यलहंका के सरहद में साधारण वर्षा हुई है। परमेश्वर सबका पालन करेगा।

४-७-१९३८

परमेश्वर के अनुग्रह से हाथ लगाये दोनों कार्य पूर्ण हो गये। वैसे तो हाथ लगे कोई काम विफल नहीं हुआ है। लेकिन वर्तमान परिस्थिति चिंताजनक होने पर भी परमेश्वर ही अपने होनेवाले सारे कामकाज के जिम्मेदार होने के कारण उसके बारे में ज्यादा चिंता करना विलकुल ठीक नहीं है। उसके इच्छानुसर चाहे दूध में डाले या पानी में। मैं इसे कभी मना नहीं करता, मैं निश्चिंत हूँ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

८-७-१९३८

परमेश्वर ने यहाँ पर भी जय ला दी। विश्वास करनेवालों की रक्षा करना उसी के ऊपर है। हे जगदीश्वर! तुम पूर्ण दयालु हो। तुम अपने भक्तों की रक्षा किये विना नहीं छोडोगे। तुम्हारे दिव्य चेतना को हजारों नमस्कार। तुम्हारी भक्तपरिपालन की विचक्षणता के लिए धन्यवाद। तुम्हारे कृपापात्र मानव का जीवन ही सार्थक है। यह मेरी विनम्र विनती है कि तुम मुझे अपना पुत्र समझ कर उद्धार करो।



Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

९

अधम गुरुजन-नीच शिष्य जन

४-२-१९३८

विद्याभिवृद्धि फंड के लिए हर वर्ष एक घर को ०-८-० आनों के सेस लगाया जाय तो १२,००० - घरों की वसूली ६,००० रुपये होगी। उसमें एक हजार रुपये वसूली आदि खर्च के लिए निकाल दिया जाय तो बचे ५,००० हजार रुपये मूल धन बचत करना सुलभोपाय लगता है। परमात्मा बड़ा है। सर्वज्ञ! ऐसा कौन-सा विषय है जो तुम नहीं जानते? तुम्हारे स्मरण में मन को अखंड आनंद मिल रहा है।

५-२-१९३८

समाज की परिस्थिति इसी तरह रहने पर सुधारना बड़ा मुश्किल होगा। हमारे समाज में खास तौर पर तीन वर्गों का सुधार होना चाहिए। सबसे पहले

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

गुरुवर्ग में जो अनैक्य है उसको दूर कर सभी गुरुजनों को यह अच्छी तरह समझना चाहिए कि शिष्य सेवा ही ईश सेवा है। दूसरा, जंगम लोगों में वैदिक और धर्मिक सुधार लाना चाहिए। तीसरा यह है कि शिष्य वर्ग में धार्मिक, नैतिक और विद्याविषयक सुधार होने चाहिए। ये सब होने के लिए सारी दुनिया में रहनेवाले इस समाज के लोगों को एकता के सूत्र में बांधे बिना यह असंभव है।

एकता के लिए लोगों में जो संकुचित बुद्धि है उसे पहले दूर करना होगा। एकता के विना कोई कार्य न हो पायेगा। इसका उपाय यह है कि सारे शिष्यों को इकट्ठा कर एक केंद्र स्थान पर साधु वीरशैवों की एक संयुक्त सभा आयोजित करके इस विषय को उनके सामने रखें। इस एकता में क्या महत्तर फायदा है उसे समझाना चाहिए। ऐसा करने पर समाज में ऐक्यमत आ जायेगा। उसके बाद जो सुधार आवश्यक समझे जाते हैं वे अपने आप हो जाएँगे।

१०-२-१९३८

अगर तुम से यह नहीं हो सकेगा, तो इस मार्ग से ही दूर रहो। इस पवित्र मार्ग पर कलंक मत छाने दो। बार बार कहता हूँ! नम्रता से प्रार्थना भी करता हूँ! गुरुत्व की पवित्रता जग में शाश्वत बनी रहे। आडंबर का ढोंगी गुरुत्व त्याग दो! गुरु बनो। सच्चे गुरुत्व कि महिमा को दुनिया के सामने दिखा दो। हे जगदीश्वर! गुरुत्व की रक्षा करो।

८-५-१९३८

व्यभिचार में निरत ढोंगी गुरुओं के मुँह तक देखने को मन नहीं करता। हे भगवान्! इस को समझनेवाले इस दुनिया में कोई नहीं है! और इन गुरु लोगों को थोडा सा भी ज्ञान नहीं है । इनको शिष्यों का भय ही नहीं। मूर्ख शिष्य हैं। ऐसे नीच लोगों को क्यों न मार भगाया जाय? ऐसे लोगों को मान-मर्यादा देते

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

जाएँगे तो यह निःसंशय है कि सारे जग की मर्यादा मिट्टी में मिल जायेगी। हाँ, जैसे चाण्डाल शिष्य वैसे चोर गुरु! हाय! हे नीच गुरुवर्ग! तुम्हारी गरिमा पहले क्या थी अब क्या है? तुम लोग भगवान् के भी भगवान् थे। आज तुम्हारी इस दुर्गति का कारण क्या है, क्या कभी सोचे हो? हे जगदीश्वर! अगर इस दुनियाँ पर तुम्हें थोडी-सी भी दया हो तो ऐसी नीच प्रवृत्ति का विनाश कर सच्चरित्र को ऊपर उठाकर रक्षा करो।

१५-५-१९३८

सारा जग विषयाभिमुखी है। जिसे जो आवश्यक नहीं है, वह उसे चाहता है। किसी को भी अपनी जिम्मेदारी का ख्याल नहीं है। आजकल के सन्यासियों से जग को भयंकर हानि हुई है। संन्यासी लोगों के अधःपतन केलिए भक्तों का अज्ञान ही कारण है। जहाँ अज्ञान है वहाँ सत्य का कोई मूल्य नहीं है। अंधविश्वास रखनेवाली दुनियाँ सुखी नहीं हो सकती। जो अनपढ हैं, विषयकूप में डूबे हुए हैं और विषयवासनाओं से ग्रस्त हैं, अगर वे लोग गुरु बन जाये तो किस जग का उद्धार होगा? ऐसा लगता है कि लोगों की भावना में गुरु बनना मतलब नाटक में वेष-भूषण धारण करके अभिनय करना! हाय हाय! शिव शिव! गाय चरानेवाले, झूठ बोलनेवाले, विधवाओं को प्यार करनेवाले ढोंगी गुरु लोग तुम्हारे नाम से इस जग में हलचल मचा रहे हैं!

हाय! मूढ भक्तगण! तुम लोगों ने अपनी भक्ति के अनुसार ही गुरु पाया हैं। हाय! हे निर्दयी गुरुवर्ग! कम से कम तुम लोगों को शरम नहीं आती कि पाप करते करते इस दुनिया को बरबाद कर रहे हैं? शिव शिव! सारे जग का सूत्र व्यभिचारियों के हाथ में है। व्यभिचारी लोग अपने को गुरु कहने पर जरा सा भी शर्मिंदा नहीं होते हैं! हर! हर! शिव! शिव!

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

२१-५-१९३८

चाहे कोई कितना भी द्वेष करें, परमात्मा रक्षा करेगा। मानव मानव को विगाड नहीं सकता। अगर परमेश्वर की कृपा न मिलें, तो कोई रक्षा नहीं कर सकता। "मैं,मैं" इस अंहकार के सामने और कोई नहीं है। अपने में जो सच्चाई है वही हमारी रक्षा कर सकेगी, और कोई नहीं । हे देव! तुम्हें भक्ति पूर्ण प्रणाम करता हूँ।

२४-६-१९३८

आज कुंदूर चिक्केगौड और प्रभृतियों ने आकर कहा कि हम अपने गाँव में आपका मुकाम नहीं करवा सकते। दक्षिणा भी नहीं दे सकते। गुरुदक्षिणा के रूप में सारे गाँव से सिर्फ दस रूपये दे सकेंगे। इस केलिए (....) मठ के स्वामी का उपदेश ही कारण है। इस समाचार को कुन्दूर के एक लडके ने शेट्टीहळ्ळी गाँव के मरुळेगौड से कहा जो हमें बताया।

अगर ये लोग ठीक से जानते कि किसलिए गुरुजनों को दक्षिणा दी जाती है, तब (....) फलाने स्वामी के उपदेश को वे नहीं सुनते । साथ ही साथ, अगर इस गाँव का वह स्वामी गाँव के शिष्यों की दक्षिणा से इन लोगों केलिए कुछ उपकार किये होते तब ये समझ पाते कि गुरुजनों को दी गयी दक्षिणा अपनी भलाई केलिए ही होगी। लेकिन उनके गुरु ने ऐसा कर नहीं दिखाया; ये शिष्य लोग भी खुद सीख नहीं पाये। इसलिए शिष्यों के धन को लेकर मठ में रहनेवाले अपने भाइयों के बीबी-बच्चों को खिलानेवाले ये ढोंगी गुरु वर्ग जब तक समाज से हटेंगे नहीं तब तक हमारा कल्याण नहीं है। ये लोग अपने भाईयों की बीबियों से परदों के पीछे प्यार करके यह समझो कि उनके मर्दों को कमाने के परिश्रम से मुक्त करने का महोपकार कर रहे हैं। जिन मठों में संभोग, बच्चों की झोली पालना आदि घरगृहस्थी के `धर्मकार्य' चलते हैं वैसे मठ निश्चित ही पापक्षेत्र होते हैं। ऐसे पापक्षेत्रों में आकर नमस्कार करनेवाले शिष्य वर्ग का

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

कल्याण होना शुद्ध असंगत है। भाई वहनों की भलाई केलिए मठ है क्या? यह समझ में नहीं आ रहा है। यदि शिष्यगण इस तरह के पापकृत्यों को वन्द नहीं करायेंगे तो सचमुच उनका कल्याण नहीं है। नहीं तो यह कहना पडेगा कि हमारे समाज के जैसे मूढ़ शिष्यगण सारी दुनिया में कहीं नहीं हैं।

२०-७-१९३८

वह जमाना बीत गया जव लोग कहा करते थे कि "गुरु से ऊँचा पद और नहीं, सद्गुरु से बढकर कोई नहीं!"। अव `गुरु` केवल शब्द में रह गया है । गुरु का स्थान गिर चुका है। गुरु लोग स्त्रियों के पदतल में पड़े हैं। वे कौन कौन हैं, क्या कहूँ ? सव के सब व्यभिचारी हैं। मेरी देखा देखी सब के सव दुराचारी हैं। मुझे तो वडा दुःख हो रहा है। मेरी इस वात को कान देकर सुननेवाला कोई नहीं। वे सद्गुरु की महिमा नहीं जानते।

२४-७-१९३८

आजकल के गुरुजन जितना पाप करते हैं उतना पाप और कोई नहीं करता। रे मूर्ख शिष्य समुदाय! यह क्या तुम लोगों का पागलपन है? क्यों भ्रष्ट लोगों की पूजा करके परमेश्वर के राज्य में असत्य का मोल बढ़ा रहे हो? सत्य को जीते जीते गाड़ रहे हो? तुम लोग भ्रम में पड़े हों। हे नीच गुरुवर्ग! अधम गुरुवर्ग! जगद्रोही! तुम्हें धिक्कार है!

२६-७-१९३८

हे पतित गुरु वर्ग! तुम्हें धिक्कार है! धिक्कार! तुम को जो कुछ भी दण्ड दें, तुम्हारे पापों का प्रायश्चित्त नहीं होगा। अघोर नायक नरक में गिरोगे। रे अधम! शीघ्र यहाँ से हटो।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

२८-७-१९३८

'स्त्री' नाम सुनते ही गुरुवर्ग का मुँह खिल जाता है। इस गुरुवर्ग को देखकर मुझे बडी घृणा होती है। इस गुरुवर्ग के पापकृत्यों से जग का सर्वनाश हो रहा है।

आगे गुरु पीठ पर बैठनेवाले हे मानव! यदि तुम गुरुत्व के गौरव के पालने में असमर्थ निकले तो उसकी मर्यादा की रक्षा के लिए गद्दी छोड़कर जाओ संसारी बनो । कभी तुम दुराचारी गुरु मत बनो। उतार कर फेंकना न अगौरव की बात होगी न अहित की। मैं तुम्हारी भलाई केलिए यह बोल रहा हूँ। गुरुपथ को कलंकित मत करो। निकलो यहाँ से, दूर हटो, पापी कहीं का!

१-८-१९३८

जो अपने को पूज्य, वड़ा और श्रेष्ठ समझता है; वह केवल वातें बनाने में पूज्य न होकर, आवश्यक गुणों को अपनालें तो वह सब लोगों की नजर में आदरणीय बन जाता है। उसे छोडकर अगर वह झूठ, व्यभिचार इत्यादि दृष्कृत्यों को करने लगे जिन को श्री सामान्य भी करने में हिचकिचाता है, कौन भला उसका आदर करेगा? इसके बदले, वह देखते देखते अधोगति को प्राप्त कर लेता है। हे परमेश्वर! शास्त्र और शिष्टाचार के खिलाफ जानेवालों को इस समाज से दूर निकल जाना चाहिए।

२-८-१९३८

जिस के विद्रोह कृत्य जगतप्रसिद्ध हैं, वह डर के मारे सही रास्ते पर जाने का प्रयत्न न करके, सुधारकों का विरोध करे तो वह संपूर्ण बरबाद हो जायेगा।

३-८-१९३८

हे परमेश्वर! मानव की ईर्ष्या की सीमा नहीं। अहंकार की भी मिति नहीं है। मुझे भी अहंकार शोभा नहीं देता। दूसरों को भी ईर्ष्या शोभा नहीं देती।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अधम गुरुजन-नीच शिष्य जन

